नई दिल्ली

शनिवार, 7 जून 2025

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 53

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


मौसम

अधि. 38.5

न्यून. 29.2


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## सुप्रीम कोर्ट ने दी इजाजत

## 3 अगस्त को होगी नीट पीजी की परीक्षा



**नई दिल्ली।** 3 अगस्त को सिंगल शिफ्ट में नीट पीजी 2025 की परीक्षा आयोजित होगी। सुप्रीम कोर्ट ने एनबीई के आवेदन को मंजूर कर लिया है। शुक्रवार की सुनवाई के दौरान वकील ने कहा कि सिंगल शिफ्ट में परीक्षा कराने की वजह से तिथि को आगे बढ़ाना पड़ रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपको इतना समय क्यों लग रहा है? इस पर एनईबी के वकील ▸▸ शेष पेज 5 पर

◂ भारतीय रेलवे ने इतिहास रचा-अब भारत कन्याकुमारी से कश्मीर तक जुड़ा

◂ पीएम ने चिनाब ब्रिज पर लहराया तिरंगा, आतंकियों को दिया कड़ा संदेश

*पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज का किया शुभारंभ*

*कटड़ा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत को भी दिखाई हरी झंडी*

# कश्मीर में 'वंदे भारत'



पीएम ने कहा- एफिल टावर नहीं, अब चिनाब ब्रिज नया पर्यटन स्थल, यह भारत की एकता, इच्छाशक्ति और इंजीनियरिंग का अद्भुत प्रतीक



**उधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट**

लागत
43,780 करोड़

लंबाई
272 किलोमीटर

वक्त लगा
30 साल

सफर का समय
10 घंटे की दूरी
3 घंटे में

### एफिल टावर से भी 35 मीटर ऊंचा चिनाब ब्रिज 359 मीटर ऊंचाई के साथ दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज



एजेंसी ▸▸ जम्मू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने इसे भारत की एकता, इच्छाशक्ति और इंजीनियरिंग का अद्भुत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि 46,000 करोड़ रुपयए के प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर में विकास की नई रफ्तार लाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटड़ा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि ये कार्यक्रम भारत की एकता और भारत की इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। माता वैष्णो देवी के ▸▸ शेष पेज 5 पर

## पाकिस्तान न सिर्फ मानवता का विरोधी, बल्कि टूरिज्म और गरीब की रोटी तक का दुश्मन

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में लगातार रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर रही है, जिसमें पर्यटन (टूरिज्म) एक अहम जरिया बनकर उभरा है। लेकिन दुर्भाग्यवश भारत का पड़ोसी देश न सिर्फ मानवता का विरोधी है, बल्कि टूरिज्म और गरीब की रोटी तक का दुश्मन है। पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम जैसे क्षेत्रों में बीते पांच वर्षों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे, जिससे गरीबों के घरों का चूल्हा जला। लेकिन पाकिस्तान की ओर से इसे भी निशाना बनाया गया। सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए करीब दस हजार नए बंकर बनाए गए हैं, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने हालात में लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के 400 ऐसे गांव जो ऑल वेदर कनेक्टिविटी से वंचित थे, उन्हें अब 1800 किलोमीटर नई सड़क से जोड़ा जा रहा है।



### *विकास की सीटी हर गांव, हर घाटी में गूंजेगी*

*पीएम मोदी ने बताया कि कुछ समय पहले सोनमार्ग टनल शुरू हुई और अब उन्होंने खुद चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज से होकर यात्रा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पुलों पर चलते हुए मैंने भारत के इंजीनियरों, श्रमिकों के साहस और संकल्प को नमन किया है। अब कश्मीर के उत्पाद कम लागत में देश के बड़े बाजारों तक पहुंच पाएंगे, समय पर पहुंच पाएंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर की रेल कनेक्टिविटी से व्यापारियों और उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे। अब यहां के लोगों के लिए देश के दूसरे हिस्सों में आना-जाना भी आसान हो जाएगा। यह नया युग है, जहां विकास की सीटी हर गांव, हर घाटी में गूंजेगी। पीएम ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में दो स्टेट लेवल के कैंसर संस्थान बने हैं और पांच साल में सात नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्थान केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि दान-पुण्य और श्रद्धा की हमारी संस्कृति का प्रतीक है।*

### यह प्रोजेक्ट भारतीय रेलवे के इंजीनियरिंग और तकनीकी कौशल का प्रतीक

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट भारतीय रेलवे के इंजीनियरिंग और तकनीकी कौशल का प्रतीक है। यह रेल लाइन हिमालय के सबसे चुनौतीपूर्ण भूभागों से होकर गुजरती है। इस प्रोजेक्ट को पूरा होने में 3 दशक से अधिक का समय लगा। कश्मीर



घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली इस रेल लाइन का विचार पहली बार 1970 के दशक में सामने आया था। इसे औपचारिक रूप से 1994 में मंजूरी दी गई थी और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए धन स्वीकृत किए जाने के बाद 2002 में निर्माण शुरू ▸▸ शेष पेज 5 पर

### [ ये हैं 6 उपलब्धियां ]

**1 .चिनाब ब्रिज**

इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाब ब्रिज सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह कटड़ा और बनिहाल के बीच रेल मार्ग को जोड़ता है। यह पुल 1.3 किमी लंबा है और 260 किमी/घंटा तक की हवा का सामना कर सकता है। इसकी लागत1,486 करोड़ है। इसके पूरा होने से कटरा और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय लगभग तीन घंटे रह जाएगा।

**2. अंजी खड्ड ब्रिज**

कटड़ा और रियासी के बीच अंजी खड्ड ब्रिज भारत का पहला केबल-स्टे रेलवे ब्रिज है। जम्मू से 80 किलोमीटर दूर स्थित इस पुल के निर्माण में 96 हाई-टेंसिल केबल का इस्तेमाल किया गया है और इसे मात्र 11 महीनों में पूरा किया गया। इसमें 8,200 मीट्रिक टन से अधिक स्टील का इस्तेमाल किया गया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर ऊपर है और 725 मीटर तक फैला है। इस पुल का भी आज ही उद्घाटन हुआ।

**3. सुरंग टी-50**

भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग खारी और सुंबर के बीच बनी है। इसकी लंबाई 12.77 किमी है।

**4. पीर पंजाल रेल सुरंग**

भारत की दूसरी सबसे लंबी परिवहन सुरंग बनिहाल और काजीगुंड रेल मार्ग पर बनी है। इसकी लंबाई 11.22 किमी है।

**5. सुरंग टी-44**

देश की तीसरी सबसे लंबी रेलवे सुरंग सावलकोट और सांगलदान के बीच बनी है। इसकी लंबाई 11.13 किमी है।

**6. विशाल सुरंग नेटवर्क**

प्रोजेक्ट के तहत 36 मुख्य सुरंगें और 8 निकास सुरंगें और 943 पुल बनाए हैं। इसकी संयुक्त लंबाई 186 किलोमीटर से अधिक है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### स्टारलिंक को भारत में भी मिला लाइसेंस, 15 दिन में होगा ट्रायल



**नई दिल्ली।** ट्राई (भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण) ने सैटकॉम कंपनियों के लिए स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन की सिफारिश की है, डॉट ने इन सिफारिशों को अभी तक मंजूरी नहीं दी है। ट्राई ने यह सिफारिश भी की है कि सैटकॉम कंपनियों से एजीआर (एजजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) का 4% शुल्क लिया जाए। भारत सरकार के दूरसंचार विभाग (डॉट) ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट कम्युनिकेशन (सैटकॉम) सेवाएं देने के लिए आधिकारिक लाइसेंस जारी कर दिया है। स्टारलिंक को आवेदन करने के 15-20 दिनों के भीतर उन्हें परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान कर दिया जाएगा। स्टारलिंक को भारत में ब्रॉडबैंड और सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की हरी झंडी मिल गई है।

### सदस्य देशों ने आतंकवाद के विरुद्ध "ज़ीरो टॉलरेंस" नीति पर सहयोग के लिए सहमति जताई

# ब्रिक्स के 10 देशों की संसदों ने पहलगाम आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मुद्दों पर दृष्टिकोण को सभी देशों ने सराहा और उसे सर्वसम्मति से अंतिम संयुक्त घोषणा में शामिल किया गया। विशेष रूप से, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की निर्णायक नीति को गंभीरता से स्वीकार किया गया। भारत ने आतंकवादी हमलों की स्पष्ट और कड़ी निंदा की, और आतंकवाद के विरुद्ध "ज़ीरो टॉलरेंस" नीति को अपनाने की आवश्यकता को जोरदार ढंग से रखा। भारत सहित 10 सदस्य देशों की संसदों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक उच्च स्तरीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ किया। इस वर्ष ब्रिक्स संसदीय मंच में भाग लेने वाले 10 सदस्य देशों में भारत, ब्राज़ील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया शामिल थे। इन देशों की संसदों के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी की और साझा घोषणापत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन के दौरान अनेक दौर की गहन चर्चाओं और विचार-विमर्श के पश्चात, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था, अंतर-संसदीय सहयोग, वैश्विक शांति और सुरक्षा जैसे प्रमुख विषयों पर व्यापक सहमति बनी।

*भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया*



### ब्रिक्स देशों की संसद आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होंगी

*संयुक्त घोषणा में भारत के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा की गई, और यह सहमति बनी कि सभी ब्रिक्स देशों की संसद आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करेंगी। बिरला ने आतंकवादी संगठनों को मिलने वाली आर्थिक मदद को रोकने, खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान, आधुनिक तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने तथा जांच और न्यायिक प्रक्रियाओं में सहयोग जैसे पहलुओं पर साझा प्रयास करने पर जोर दिया।*

### अगली बार 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम की मेज़बानी भारत को सौंपी गई



सम्मेलन के अंत में अगली बार 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम की मेज़बानी भारत को सौंपी गई, और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नगर, लोकसभा सांसद विजय बघेल, लोकसभा सांसद विवेक ठाकुर, लोकसभा सांसद डॉ. शबरी बैरेड्डी, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्यसभा महासचिव पी.सी. मोदी, तथा लोकसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित थे।

आरबीआई ने की रेपो रेट में 50 बेसिस प्वॉइंट की कटौती, यह लगातार तीसरी बार है जब आरबीआई ने इस साल रेपो रेट में कटौती की

# होम लोन, पर्सनल लोन और फ्लोटिंग रेट लोन की ईएमआई हो सकेगी कम

- रेपो रेट 6 से घटकर 5 .5% हो गई, बैंकिंग प्रणाली में लिक्विडिटी डालने की तैयारी 2 .5 लाख करोड़ कीका भी है
- क्रिप्टो करेंसी पर केंद्रीय बैंक के रुख में फिलहाल कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो रेट में 50 बेसिस प्वॉइंट की कटौती की। यह लगातार तीसरी बार है जब आरबीआई ने इस साल रेपो रेट में कटौती की है। इसका होम लोन, पर्सनल लोन और अन्य फ्लोटिंग-रेट लोन की ईएमआई पर प्रभाव पड़ेगा। शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में, आरबीआई ने रेपो रेट को 50 बेसिस प्वाइंट से घटाकर 5.5 फीसदी कर दिया। इससे होम लोन लेने वालों की मंथली ईएणआई में कमी आने की उम्मीद की जा रही है। आप अगर 20 साल के लिए 30 लाख रुपए का लोन लेते हैं तो आपको कुल 240 मंथली ईएमआई देनी होगी। अगर आपकी लोन ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *जीडीपी अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार*

*बेंचमार्क उधार दर यानी रेपो रेट में 50 बीपीएस (आधार अंकों की कटौती की गई)। रेपो रेट अब 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का रुख उदार से बदलकर फिर से तटस्थ कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात यानीकैश रिजर्व रेशियों में भी 100 आधार अंकों की कटौती ऐलान किया है। यह कदम नंवबर तक बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ की लिक्विडिटी डालने की तैयारी है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि वित्त वर्ष 26 के लिए खुदरा* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से होगी मुलाकात

ऑपरेशन सिंदूर के बाद लैमी की यह पहली यात्रा

# आज से भारत के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे ब्रिटेन के विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी शनिवार से भारत की दो दिवसीय (7 से 8 जून तक) यात्रा पर रहेंगे। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की रक्षात्मक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान की सीमाओं पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। इसके पूर्व में उन्होंने हालांकि पाकिस्तान का दौरा भी किया था। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह



जानकारी दी। जिसमें बताया कि 7 जून की सुबह करीब 8 बजे नई दिल्ली पहुंचने के बाद ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी की 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उनके आधिकारिक निवास स्थान सात लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात होगी। इसके बाद 12 बजे हैदराबाद हाउस में भारत और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों के बीच बैठक होगी। जिसमें द्विपक्षीय सहयोग के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चिंताओं से जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। अंत में रात करीब पौने आठ बजे नई दिल्ली में ब्रिटेन के उच्चायोग में विदेश मंत्री डेविड लैमी की केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात होगी। रविवार को लैमी की ब्रिटेन वापसी होगी। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### विशाखापट्टनम में आयोजित किया जाएगा समारोह, सीडीएस करेंगे अध्यक्षता

# नौसेना के जंगी बेड़े में 18 जून को शामिल होगा 'अर्णाला' पोत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ संबंधों में जारी तनातनी के बीच 18 जून 2025 को भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े की ताकत बढ़ने वाली है। क्योंकि इसी दिन पनडुब्बी रोधी उथले पानी की श्रेणी वाले पहले पोत 'अर्णाला' को नौसेना में शामिल किया जाएगा। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि इसे लेकर विशाखापट्टनम स्थित नौसेना के डॉकयार्ड में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। उनके अलावा इसमें नौसेना की पूर्वी कमांड के प्रमुख अधिकारी (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, बल के वरिष्ठ अधिकारी, ▸▸ शेष पेज 5 पर

*पनडुब्बी रोधी उथले पानी की श्रेणी का पहला पोत है अर्णाला*



### *नौसेना को मिलेंगे ऐसे कुल 16 पोत*

*नौसेना ने कहा कि इस श्रेणी के तहत उसे कुल 16 पोत मिलेंगे। जिसमें अर्णाला पहला है, जो बल के बेड़े में इसी महीने शामिल होगा। इसका निर्माण कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने लार्सन एंड टुब्रो शिपबिल्डर्स के साथ सार्वजनिक-निजी* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *80 फीसदी स्वदेशी तकनीक से लैस*

*अर्णाला 80 फीसदी स्वदेशी तकनीक से लैस है। जिसे भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड, एलएंडटी, महिंद्रा डिफेंस, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, एमईआईएल के साथ ही प्रमुख भारतीय रक्षा फर्मों की उन्नत प्रणालियों के साथ तैयार किया गया है। इसके अलावा घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 55 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की भी इसके निर्माण में भागीदारी रही है।*

### *पोत की विशेषताएं*

*अर्णाला पोत उपसतह-तटीय इलाकों में खुफिया निगरानी, तटीय सुरक्षा, खोज-बचाव और कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों के लिए पूरी तरह से सक्षम है। इसका कुल वजन 1 हजार 490 टन से अधिक है। लंबाई 77.6 मीटर है। यह पूरी तरह से डीजल इंजन-वॉटरजेट संयोजन से चलने वाला पोत है। इसकी तैनाती से तटीय सुरक्षा* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## गैंगस्टर हरसिमरन उर्फ बादल का गोगी गैंग से है संबंध

# एक्सटॉर्शन केस में गैंगस्टर के माता-पिता किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



शालीमार बाग के सनसनीखेज जबरन वसूली मामले गैंगस्टर हरसिमरन उर्फ बादल के माता पिता को एएटीएस उत्तर पश्चिम जिला द्वारा गिरफ्तार किया गया है। दंपति को अदालत द्वारा केस में भगौड़ा घोषित किया जा चुका था। आरोपी कई अन्य मामलों में भी शामिल पाये गये हैं। बादल का गोगी गिरोह से संबंध है। उस पर मकोका के तहत केस दर्ज हुआ था। बेटे के साथ माता पिता पर भी मकोका के तहत केस दर्ज किया गया था। दंपति गिरफ्तारी से बचने के लिये लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पकड़े गये दंपति के नाम हरविंदर सिंह उर्फ बिल्लू और उनकी पत्नी सुखबीर कौर है। दोनों दिल्ली के शालीमार बाग के निवासी हैं और जितेन्द्र गोगी गिरोह के कुख्यात गैंगस्टर हरसिमरन उर्फ बादल के माता-पिता हैं। दोनों 2019 से ही शालीमार बाग थाने में दर्ज दो सनसनीखेज जबरन वसूली के मामलों में गिरफ्तारी से बच रहे थे। पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए वे लगातार अपने ठिकाने बदलते रहे। एक मामला 1 सितंबर 2019 को रात करीब साढ़े नौ बजे सामने आया था। विजय कुमार भाटिया को बादल के भाई करणवीर बाजवा ने अगवा कर लिया था। उसे एक दुकान में कैद कर रखा गया जहां हरविंदर सिंह उर्फ बिल्लू और सुखबीर कौर ने लोहे की रॉड से उस पर बेरहमी से हमला किया। पीड़ित को धमकी दी गई कि अगर उसने अपना फ्लैट खाली नहीं किया और उसे बादल के नाम नहीं किया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हमले के बाद आरोपी पीड़ित को बवाना नहर के पास छोड़कर भाग गए थे। केस दर्ज हुआ और जांच के दौरान आरोपी पूछताछ में शामिल नहीं हुये। इसके बाद उन्हें फरार घोषित कर दिया गया था। हाल ही में हरविंदर सिंह और सुखबीर कौर के मुकरबा चौक, महेंद्र पार्क इलाके में आने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी टीम का गठन किया गया। मुकरबा चौक पर एक जाल बिछाया गया और मुखबिर की निशानदेही पर दोनों आरोपियों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। जांच से पता चला कि सुखबीर कौर एक अन्य जबरन वसूली मामले में भी वांछित है। यह केस 2013 में शालीमार बाग थाने में ही दर्ज हुआ था। उस मामले में भी इसे भगौड़ा अपराधी घोषित घोषित किया गया था।

# द्वारका के भरथल गांव में घर पर फायरिंग करने वाला किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वारका के भरथल गांव में एक घर पर अंधाधुंध फायरिंग का मामला सेक्टर 23 थाने की पुलिस ने सुलझा लिया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर देसी पिस्तौल भी बरामद हुई है। पकड़े गये बदमाश का नाम राकेश बताया गया है।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार 20 मई को रात्रि लगभग पौने दस बजे भरथल गांव में घर में फायरिंग की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची जहां शिकायतकर्ता गजेंद्र दत्त मिले। उसने जांच अधिकारी को अपने घर की दूसरी मंजिल पर ले जाकर बाहरी कमरे की खिड़की का टूटा हुआ कांच और कमरे के दरवाजे पर निशान गोली का निशान दिखाया। जांच टीम ने शिकायतकर्ता के घर के आसपास स्थित सभी इमारतों पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाले। जाटों के मोहल्ले में एक घर के पास कुछ संदिग्ध दिखाई दिया, जो शिकायतकर्ता के घर के ठीक सामने स्थित है। टीम ने देखा कि उस घर की खिड़की का शीशा भी टूटा हुआ था। खिड़की के ठीक नीचे स्थित टीन शेड के कुछ हिस्से को ढूंढ़कर साफ किया गया तथा शेष हिस्से पर धूल जमी हुई थी। जब टीम ने उस घर में पूछताछ की तो पाया कि वहां सीसीटीवी कैमरा काम नहीं कर रहा था। प्रारंभ में मकान मालिक राकेश उर्फ सोनू उम्र 40 वर्ष से लगातार पूछताछ की गई। शुरू में उसने कर्मचारियों को गुमराह करने की कोशिश की तथा ठीक से जवाब नहीं दिया। लेकिन विस्तृत पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि घटना वाले दिन वह अपने कमरे में अकेला शराब पी रहा था। नशे में वह देशी पिस्तौल चेक कर रहा था और गलती से पिस्तौल चल गई। उसने वह हथियार भी पेश किया जिससे उसने उस दिन कथित तौर पर गोली चलाई थी। इस मामले में आरोपी राकेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अंकित, पुत्रः** मुकेश कुमार, **पताः** मकान संख्याः एक्स–29/6 ब्रह्मपुरी दिल्ली **FIR No. 513/2020, U/S: 3/4/9/55 Delhi Public Gambling Act, पुलिस थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अंकित, FIR No. 513/2020, U/S: 3/4/9/55 Delhi Public Gambling Act, पुलिस थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**चतिंदर सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07**
**केंद्रीय जिला कमरा नं. 32**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7098/N/2025**
**(Court Matter)**

# कपिल सांगवान गिरोह का सक्रिय बदमाश चढ़ा स्पेशल सेल के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने कुख्यात कपिल सांगवान गिरोह के एक सक्रिय बदमाश को गिरफ्तार किया है। बवाना क्षेत्र के औचंदी गांव का निवासी अमरदीप उर्फ अमर लोचब (48) फरीदाबाद में हत्या के एक मामले में वांछित था और लगभग दो साल से फरार था। पुलिस के अनुसार आरोपी महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) और आर्म्स एक्ट के तहत भी वांछित था। पुलिस इसे बड़ी कामयाबी मान रही है।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार शाम को मुंडका इलाके में टिकरी-झाड़ौदा मार्ग पर एक नाले के निकट आरोपी को घूमते हुए देखा। आरोपी वहां किसी का इंतजार कर रहा था। जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो वह भागने लगा। थोड़ी देर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया गया। डीसीपी कौशिक ने बताया कि तलाशी के दौरान बदमाश के पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुये। अमरदीप, कपिल सांगवान गिरोह के लिए काम करता था। पूछताछ के दौरान उसने तीन आपराधिक मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इसमें से एक फरीदाबाद में गवाह की हत्या का मामला शामिल था। अन्य दो मामले मकोका और आर्म्स एक्ट के हैं। मकोका मामले में इसे भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था। अमरदीप पर 30 जनवरी, 2024 को फरीदाबाद में सूरजभान उर्फ बल्लू दीनपुर की हत्या का आरोप था। उसके आपराधिक इतिहास में 2013 के धोखाधड़ी मामले और द्वारका में 2020 के डकैती मामले में संलिप्तता शामिल है। इससे पूछताछ जारी है और सांगवान गिरोह के नेटवर्क, सहयोगियों और हथियार सप्लाई के रास्तों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## भाजपा वालों को गरीबों की कोई चिंता नहीं हैः आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सत्ता पाने के तीन महीने बाद ही भाजपा के सादा जीवन-उच्च विचार वाले ढोंग की पोल खुल गई है। दिल्ली चुनाव से पहले पिछली सरकार के मुख्यमंत्री आवास को लेकर हल्ला मचाने वाली भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अब माया महल में रहेंगी। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर विधायक अनिल झा ने केंद्र और दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सीएम ने राजनिवास मार्ग पर अपने लिए 30 कमरों के दो बंगले आवंटित करवाए हैं। उनमें बड़े-बड़े जनरेटर लगवाए गए हैं, ताकि मुख्यमंत्री को पावर कट के दौरान कोई परेशानी न हो। विधायक अनिल झा ने यह खुलासा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता सादा जीवन-उच्च विचार व राष्ट्र निर्माण जैसे भाषण सिर्फ जनता को गुमराह करने के लिए देते हैं। सच तो यह है कि उनको गरीबों की कोई चिंता नहीं है।

# लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक को चाकू घोंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी

पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में 18 वर्षीय एक युवक को दो लोगों ने एक लड़की पर अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर चाकू घोंप दिया। दोनों आरोपी वारदात के बाद से फरार हैं। पीड़ित का नाम अजीम बताया गया है। वह ओल्ड सीलमपुर इलाके का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि अजीम पर चाकू से हमले की सूचना गुरुवार को मिली थी। जब तक जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे उसे एसडीएन अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। घायल शख्स बयान देने की स्थिति में मिला। उसने बताया कि उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले शाने आलम (21) और शादाब (25) ने हमला किया। पुलिस के अनुसार अजीम, शाने और शादाब एक ही इमारत में रहते थे और एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते थे। चार चून को शाने ने पास से गुजर रही एक लड़की पर कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी की थी। उसका अजीम ने विरोध किया था तो दोनों में झगड़ा शुरू हो गया था। हालांकि शाने के भाई और अजीम के मामा के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया था। अगले दिन सुबह लगभग साढ़े आठ बजे जब अजीम अपनी इमारत की सीढ़ियों से नीचे उतर रहा था, तब शादाब ने कथित तौर पर उसे पकड़ लिया, जबकि शाने ने अपनी जेब से धागा काटने वाला चाकू निकाला और उसके पेट के दाहिने हिस्से में घोंप दिया। अजीम का मामा महफूज अली उसे अस्पताल ले गये। फिलहाल अजीम के बयान के आधार पर गांधी नगर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद हो गया है। लेकिन आरोपी अभी फरार है। उनकी तलाश में लोकल पुलिस के अलावा ऑपरेशन सेल की टीमें भी लगाई गई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS/82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश, पुत्र स्वर्गीय जगदीश, निवासी बी–49, करण विहार, पीएच–5, अमन विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 607/2021 U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 607/2021 U/S 356/379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री निधि चितकारा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी**
**उत्तर पश्चिम जिला, कमरा नं.109, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7139/RD/2025(Court Matter)**

# आईटीओ पर राजस्व भवन में आग लगी, महत्वपूर्ण दस्तावेज जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईटीओ स्थित राजस्व भवन के एक कमरे में शुक्रवार को आग लग गई। दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। आग बुझाने में 20 मिनट से अधिक का समय लगा। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि आग में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें भी जली है।

दिल्ली अग्निशमन विभाग (डीएफएस) प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे इमारत की दूसरी मंजिल पर कमरा नंबर 238 में आग लगने की सूचना मिली थी। सात दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया। डीएफएस ने आगे बताया कि आग भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी बी वी गेरांगल के कार्यालय में लगी थी। अग्निशमन अधिकारियों को घटना की सूचना फोन पर मिली। आग एसी केबल में खराबी के कारण लगी थी। आग को पूरी तरह से बुझाने में करीब 20 मिनट का समय लगा। इसके अलावा आग में कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आधिकारिक दस्तावेज क्षतिग्रस्त जलकर राख हो गए। इस दौरान आग वाले कमरे के आसपास के अन्य कमरों को खाली करा लिया गया था। दमकल अधिकारियों ने आगे की जांच के लिए पुलिस को मामला हैंडओवर कर दिया है।

## ई-रिक्शा फैक्ट्री में आग लगी, कोई हताहत नहीं

घोंडा इलाके में शुक्रवार दोपहर एक ई-रिक्शा फैक्ट्री में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अनुसार आग दोपहर करीब दो बजकर 49 मिनट पर फैक्ट्री के चार्जिंग स्टेशन में लगी थी। आग बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# बुजुर्ग प्रॉपर्टी डीलर की जली लाश मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ पुलिस हत्या का केस दर्ज कर जांच में जुटी

बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर थानाक्षेत्र में पुस्ता रोड, मुखमेलपुर में रिटायर्ड टीचर की जली हुई लाश पाई गई। मृतक संतोष कुमार रिटायरमेंट के बाद प्रॉपर्टी डीलिंग भी कर रहे थे। अलीपुर हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को अलीपुर क्षेत्र में एक अज्ञात जला हुआ शव मिला। शव की पहचान संतोष कुमार (62) पुत्र मोहन सिंह निवासी बी 213, नाथूपुरा, बुराड़ी के रूप में हुई। मृतक की पत्नी उर्मिला रानी ने 5 जून को थाना स्वरूप नगर में अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मृतक 1 जून से लापता था। पुलिस परिवार से बात कर पता लगा रही है कि मृतक की किसी से दुश्मनी या झगड़ा तो नहीं था। इसके अलावा उनके मोबाइल की सीडीआर भी खंगाली जा रही है। पता किया जा रहा है कि मृतक के किन किन लोगों से बातचीत हो रही थी।

## अवैध रूप से रह रहे 71 विदेशी नागरिकों को वापस भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से यहां रह रहे 71 विदेशी नागरिकों को वापस भेज दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, इन विदेशी नागरिकों में बांग्लादेशी, म्यांमा के रोहिंग्या और नाइजीरियाई नागरिक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अकेले मई में 71 विदेशी नागरिकों को द्वारका की विभिन्न पुलिस इकाइयों द्वारा पकड़ा गया और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश करने के बाद निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया। इनमें बांग्लादेश से 47, म्यांमा से 17 रोहिंग्या और नाइजीरिया के सात नागरिक शामिल हैं। उत्तम नगर और छावला सहित विभिन्न इकाइयों और पुलिस थानों ने क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान करने के लिए समन्वित अभियान शुरू किया।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में आरडी 0.00 से 0.20 कि.मी. और आरडी 2.40 से 3.10 कि.मी. तक उत्तावर सिकरावा भादस रोड (आईडी 11131) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (एमडीआर-135) (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (ग्रुप-I) (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 13.06.2025 | 258.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प नरवाना | हैड नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX के तहत कैथल जिले में कलायत से बालू से कसान (आईडी 6771) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार + 1 कार्य। | 05.06.2025 18.06.2025 | 1338.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प नरवाना | पीडी नरवाना के तहत उचाना निर्वाचन क्षेत्र के 05 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) जीन्द जिले में शाहपुर से जीवनपुर रोड तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11974) (II) जीन्द जिले में आरडी 0.00 से 0.57 कि.मी. तक घास्सो खुर्द से रेलवे स्टेशन तक (रोड आईडी 10080) (III) जीन्द जिले में कि.मी. 0.00 से 2.52 तक एनएच-71 (बिजली बोर्ड के निकट) से एनजीएम/कपास मण्डी उचाना तक (रोड आईडी 9408) (IV) जीन्द जिले में थुआ से मण्डी कालान रोड तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11979) (V) जीन्द जिले में आरडी 0.38 से 0.64 कि.मी. तक संदिल से कमालपुर (रोड आईडी 12068) + 2 कार्य। | 05.06.2025 16.06.2025 | 964.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में प्रांतीय उपमंडल, लोनिवि भ व प शाखा बरवाला में बरवाला स्टोर में 11.2 मि.मी. गेज बजरी और स्टोन मैटल 53 से 22.4 मिमी गेज की आपूर्ति, संग्रहण और परिवहन (जीएसटी के बिना) + 2 कार्य। | 04.06.2025 10.06.2025 | 11.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में डब्ल्यूपी 2025-2026 के तहत (कलायत निर्वाचन क्षेत्र) 4 अदद सड़कों को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) राजौंद से किठाना आरडी 9.80 से 10.02 कि.मी. (रोड आईडी 6932) (II) कुकरकांडा मुंढवाल रोड से गांव रोहाड़ा (आईडी 9495) (III) कैथल में अप्रोच रोड से पेगान विश्राम गृह तक (रोड आईडी 6934) (IV) कैथल जिले में गुलियाना से गुलियाना धर्मशाला (रोड आईडी 9427)। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 321.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प कुरुक्षेत्र | पीडी-1, कुरुक्षेत्र के तहत पीएसडी-1, पेहोवा के तहत 2 अदद सड़कों का मजबूतीकरण (रोड आईडी 7837 और 7885) सी.एम. घोषणा सं. 26073 दिनांक 06.04.2022 और 26075 दिनांक 06.04.2022)। | 03.06.2025 16.06.2025 | 96.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744239442 pwd-eepd1-kurukshetra@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुना नगर जिला में सढ़ौरा से कपाल मोचन वाया माचरोली परभौली रोड तक सम्पर्क सड़क को चौड़ा करने का प्रावधान, आईडी 992 (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 05.06.2025 14.06.2025 | 421.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में सीसी ब्लॉक्स के प्रावधान द्वारा जगाधरी बिलासपुर रोड (आईडी 442) (एसएच-01) किमी. 11.931 से 12.056 और 12.50 से 13.36) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (डब्ल्यूपी-2025-26)। | 02.06.2025 11.06.2025 | 209.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | 1. कैथल में कैथल ड्रेन से प्रस्तावित बाईपास तक अम्बाला रोड के पौधारोपण के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव और 4 अन्य। | 10.06.2025 16.06.2025 | 31.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | लघु सचिवालय कॉलोनी, हिसार में रेवेन्यू कॉलोनी का निर्माण (सीसीटीवी कैमरा सिस्टम का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 04.06.2025 11.06.2025 | 20.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में बरवाला में नये लोनिवि (भ व प) विश्राम गृह का निर्माण (अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा और यूपीएस इत्यादि का प्रावधान) + 1 कार्य। | 04.06.2025 11.06.2025 | 30.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 12 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में (आरडी कि.मी. 0.00 से 0.800) अम्बाला कैंट में घसीटपुर रेलवे क्रॉसिंग के टांगड़ी नदी बंध तक रोड का निर्माण (सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रावधान) + 1 कार्य। | 05.06.2025 11.06.2025 | 44.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प हिसार | नाबार्ड स्कीम (आरआईडीएफ-XXX) के तहत मुकलान से शरवा रोड (रोड आईडी 4968 कि.मी. 2.600) (रोड आईडी 4969 कि.मी. 4.400) और (रोड आईडी 4757 कि.मी. 12.710) आरडी 0.00 से 19.740 के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.06.2025 | 1569.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड एल्यूमीनियम फोस्फाइड की खरीद। | 07.06.2025 23.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | मल्टीलेयर्ड एक्सट्रूडेड क्रॉस लेमिनेटेड कवर्स (अन्य विशिष्टियां नवीनतम संशोधनों सहित आईएस-14611 के अनुरूप होंगी)। | 07.06.2025 23.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अलीपुर से महमूदपुर ब्लॉक तिगांव जिला फरीदाबाद तक आईपीबी सहित रास्ता और टो वॉल्स की पेवमेंट, एचजीवीवाई केके + 1 कार्य। | 05.06.2025 11.06.2025 | 61.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज पंचकूला | कंडाईवाला - ब्लॉक बरवाला जिला पंचकूला में गांव कंडाईवाला में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 04.06.2025 10.06.2025 | 91.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 18 | सिविल सर्जन भिवानी | पीवीसी वॉल पैनर शीट के लिए ई-निविदा। | 06.06.2025 16.06.2025 | ईएमडी 4000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |
| 19 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | रानियां कस्बा :- एक अदद संग्रहण टैंक आकार :- 11.00×7.00×2.44 एम, पम्प चेम्बर 1 अदद आकार :- 3.05× 3.66 एम, लोहे के गेट सहित चारदिवारी का निर्माण, इलैक्ट्रिक कंट्रोल पैनल बोर्ड 8500 एलपीएम व 20 एमटीआरएस. हैड सहित पम्पिंग मशीनरी की स्थापना, विद्युत स्थापना, रानियां कस्बे में विभिन्न आकार के आरसीसी पाइप का प्रावधान व बिछाना, राइजिंग मेन 600 मिमी आई/डी को बिछाना, रोड गल्ली / कनेक्शन का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | 05.06.2025 19.06.2025 | 243.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 20 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा टाउन :- सिरसा जिले में एनएच-09 के साथ सिरसा जंक्शन के मिनी बाईपास पर कि.मी. 226/1-2 रेवाड़ी बठिंडा सेक्शन पर एलसी-146 एसपीएल पर आरओबी के निर्माण हेतु 200 मिमी आई/डी एसडब्ल्यू पाइप्स और 600 मिमी आईडी आरसीसी पाइप (सीवर लाइन की शिफ्टिंग) का प्रावधान, बिछाना, ज्वाइंटिंग, कटिंग और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 05.06.2025 12.06.2025 | 55.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7569696969 eepsirsa@gmail.com |
| 21 | सिविल सर्जन सिरसा | मेडिसन, कोविड मदें और ऑर्थो इम्प्लांट 2025-26, जिला सिरसा हेतु ई-निविदा। | 06.06.2025 13.06.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416255807 cposirsa@gmail.com |
| 22 | महिला एवं बाल विकास, फतेहाबाद | एसएनपी और विविध मद आपूर्ति परिवहन निविदा के लिए विज्ञापन। | 06.06.2025 24.06.2025 | ईएमडी 25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416708498 poftb.wcd@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/440/35452/I/88/7 दि. 06.06.25

## खबर संक्षेप



### डीडीए की तोड़फोड़ के विरोध में बुराड़ी में लोगों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** जब से दिल्ली में भाजपा कर रेखा गुप्ता की सरकार बनी है तब से लोगों को ऐसा लगने लगा है कि अवैध निर्माण के नाम निजी भूमि पर बसी कालोनियों, झुग्गी बस्तियों आदि पर बुलडोजर चल रहा है। इसी कड़ी में बुराड़ी स्थित कादीपुर में भी पीले पंजे का खौफ देखा जा रहा है। तोड़फोड़ के लिए डीडीए ने लोगों के घरों के बाहर 3 जून 2025 को नोटिस चस्पा किए है कि घर खाली करो वर्ना तोड दिए जाएगें। डीडीए ने इन नोटिस पत्र में लिखा है कि भवन इमारत खाली करो नोटिस, क्योंकि आपने दिल्ली डवलपमेंट एक्ट 1957 की धारा 12 (1)के अंतर्गत घोषित किए गए विकास क्षेत्र घोषित जोन पी के विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कादीपुर में विकास कार्य शुरू कर दिया है, कर चुके हो या कर रहे हो।

### यादव ने एलजी और सीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली जैसे शहर में हाथ से मैला उठाने की प्रथा सामने आने के बाद शासन प्रशासन पर सवाल उठ खड़े हुए है। हाथ से मैला उठाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। पत्र में यादव ने रोहिणी में हाथ से मैला निकालने वाले 8 मजदूरों के संबध में एलजी को पत्र लिखकर सीएम रेखा द्वारा दिए गए बयान पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने पत्र में लिखा की सीएम रेखा गुप्ता के बयान से भाजपा की दलित और दबे कुचलों के खिलाफ मानसिकता उजागर होती है। उन्होंने लिखा कि रोहिणी में हाथ से मैला निकालने में 8 गरीब मजदूरों से गलत तरीके से काम करवाने के लिए पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि हम आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते है क्योंकि यह गरीब लोगों से जुड़ा है जिन्हें अपनी अजीविका के लिए यह काम करना पड़ता हैं।

### मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ किया संवाद

# दिल्ली सरकार करेगी शिक्षा मॉडल को मजबूत : रेखा गुप्ता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार दिखावे पर नहीं, गुणवत्ता पर विश्वास करती है और दिल्ली का शिक्षा मॉडल मजबूत करेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरकारी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तथा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद यह बाते कही। उन्होंने यहां शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ संवाद किया और स्कूलों में बेहतर शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि बैठक का उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सुविधाओं और भविष्य की आवश्यकताओं की समीक्षा करना रहा।

#### योजनाओं और चुनौतियों को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं और चुनौतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रधानाचार्यों से फीडबैक लेकर नीतियों में आवश्यक सुधार और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश भी दिए गए। रेखा गुप्ता ने कहा कि "75 सीएम श्री स्कूल" से बदलेगी सरकारी स्कूलों की तस्वीर, दिल्ली का नया शिक्षा मॉडल प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर होगा। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष हजारों स्मार्ट क्लासरूम, 100 भाषा प्रयोगशालाएं और 125 डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किये जाएंगे।




#### दिल्ली का हर बच्चा बेहतरीन शिक्षा का अधिकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का हर बच्चा बेहतरीन शिक्षा का अधिकारी है। हमारी सरकार का लक्ष्य केवल भवन बनाना नहीं, बल्कि ऐसी मजबूत शिक्षा प्रणाली खड़ी करना है जो देश के निर्माण में व्यापक योगदान दे सके। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समग्र सुधारों पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में टॉयलेट, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त लाइटिंग और आरामदायक बैठने जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ सुधारा जाए और जिन स्कूलों को मरम्मत या विस्तार की आवश्यकता है, वहां तत्काल कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने पीडब्ल्यूडी के हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारियों को भी स्कूलों के पार्कों में बेहतर हरित क्षेत्र की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

■ स्कूलों में बेहतर शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के लिए दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार कार्यकाल के दौरान क्लासरूम निर्माण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई और कैग रिपोर्ट के आधार पर आगामी समय में इस पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। कैग रिपोर्ट के तहत जल्द कड़ी कार्रवाई होगी और भ्रष्टाचार करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अंदरूनी मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, उनके विरुद्ध कानून अब अपना काम करेगा। जनता के साथ किए गए इस विश्वासघात का हिसाब तय होगा।

## दिव्यांगों के लिए राज्य में विकसित हो रही हैं कई सुविधाएं : रविन्द्र



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

■ नरेला में दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन का किया निरीक्षण

दिव्यांगों के लिए राज्य में कई सुविधाएं विकसित हो रही हैं और नरेला में नर्सिंग कॉलेज हॉस्टल बिल्डिंग, प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन में 220 दिव्यांगों के रहने की सुविधा होगी। समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को नरेला में मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन का पीडब्ल्यूडी और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर यह जानकारी दी। यहां उन्होंने मौजूद अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि कैम्पस दिव्यांगों के लिए आवश्यक सुविधाओं के अनुरूप तैयार हो रहा है। इसके तैयार होने पर रोहिणी के आशा होम्स जैसे जिन शेल्टर होम्स में क्षमता से अधिक दिव्यांग रह रहे हैं, उन्हें यहां शिफ्ट किया जा सकेगा। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि यह सुविधा तीन महीने के अंदर शुरू हो जाएगी। मंत्री ने निर्देश दिए कि कैम्पस दिव्यांगों के लिए अनुकूल हो, कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करें, परिसर के बाहर अतिक्रमण न हो और एंबुलेंस की आवाजाही में कोई समस्या न आए। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि राज्य में दिव्यांगों के लिए कई सुविधाएं विकसित हो रही हैं। मामूरपुर और दल्लूपुरा में भवन तैयार होने के बाद दिव्यांगों के लिए सुविधा, सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विकल्प बढ़ेंगे।

## दिल्ली सरकार से निगम को मिले 820 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए बेसिक टैक्स असाइनमेंट की पहली किस्त के तहत दिल्ली नगर निगम को दिल्ली सरकार से 820 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को यह वित्तीय सहायता प्रदान करने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस धनराशि से राजधानी में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, अपशिष्ट प्रबंधन और स्थानीय शासन में सुधार हो सकेगा। महापौर ने कहा कि सभी पार्षदों और प्रतिनिधियों को आश्वस्त करता हूं कि अब जन कल्याण के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी और दिल्ली नगर निगम में भाजपा शासित सरकार दिल्ली को स्वच्छ, हरा-भरा और सबसे विकसित शहर बनाएगी। दिल्ली में 3 लैंडफिल साइटों पर बायोमाइनिंग गतिविधियों के लिए 50 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए गए।

## एक ऊर्जावान मुख्यमंत्री से ही दिल्ली का कायाकल्प संभव : सक्सेना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री की ऊर्जा देखकर संतुष्टि हुई, एक ऊर्जावान मुख्यमंत्री के माध्यम से ही दिल्ली का कायाकल्प संभव है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने ओखला लैंडफिल साइट पर कचरे की बायोमाइनिंग कर फिर से प्राप्त हुई भूमि पर वृक्षारोपण की शुरुआत के बाद यह संबोधन दिया।

बता दें कि उपराज्यपाल सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ओखला लैंडफिल साइट पर कचरे की बायोमाइनिंग कर पुनः प्राप्त हुई भूमि पर वृक्षारोपण की शुरुआत की। इस दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि आज का बांस पौधारोपण का कार्यक्रम भले ही छोटा लगे किंतु इसका महत्व बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले 3 वर्षों में 1 लाख 70 हजार बांस के पौधे लगाए गए हैं और आज के 8000 पौधे मिलकर यह संख्या 1 लाख 78 हजार हो जाती है।



■ ओखला लैंडफिल भूमि पर वृक्षारोपण की एलजी और सीएम ने की शुरुआत

उपराज्यपाल ने कहा कि बांस का पौधा दिल्ली के प्रदूषण को देखते हुए काफी उपयोगी है क्योंकि बांस 30 प्रतिशत तक अधिक ऑक्सीजन का उत्सर्जन करता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार की नाकामी की वजह से दिल्ली वासी कूड़े के बीच जीवन जीने के लिए मजबूर थे, अब दिल्ली में बातों वाली नहीं काम वाली सरकार है और दिल्लीवासियों की समस्याएं दूर की जाएंगी। हमारी सरकार के 100 दिनों के कार्यकाल में दिल्ली बदली नजर आ रही है, ट्रिपल इंजन की सरकार दिल्ली का कायाकल्प करेगी। सीएम ने कहा कि दिल्ली की प्रत्येक विधानसभा में अत्याधुनिक मैकेनिकल रोड स्विपिंग मशीन दी जाएगी और धूल का निस्तारण किया जाएगा। ओखला लैंडफिल साइट पर बायो माइनिंग द्वारा पुनः प्राप्त हुई भूमि में बांस की 2 किस्मों के 8000 पौधे लगाए जाएंगे, इसके साथ ही लेमन ग्रास एवं खस (वेटिवर) के भी 8000 पौधे लगाए जाएंगे।

### निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लोगों ने बांटा शरबत

नई दिल्ली। भगवान श्री विष्णु हरी को समर्पित जेष्ठ माह की निर्जला एकादशी के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निर्जला एकादशी पर जल सेवा का विशेष महत्व होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल सेवा करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न व अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जहां विदेशों में पानी बिकता है, वहीं भारत में राहगीरों को ठंडा जल पिलाना हमारी पुरानी परंपरा है। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि गर्मी के दिनों में किसी को भी पीने के पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए चाहे वह राह चलता मुसाफिर हो, रेहड़ी-पटरी वाला श्रमिक हो या कोई भी छात्र। वहीं दूसरी तरफ निर्जला एकादशी के अवसर पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को शरबत बांटा। इस अवसर पर यादव ने कहा कि निर्जला एकादशी अन्य एकादशियों में सर्वश्रेष्ठ होती है, जिस पर शरबत बांटने या दान करने से सुख प्राप्त होता है और कष्ट दूर होते है। यादव ने कहा कि सेवा करना एक मानव धर्म है और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा राजनीति से पहले अपना सेवा धर्म निभाया है। इनके अलावा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में जगह जगह लोगों ने अपने सामर्थ्य अनुसार मीठे व ठंडे पानी अथवा शरबत की छबील लगाई। कई जगह श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भगवान श्री विष्णु की स्तुति की और दान इत्यादि धार्मिक किए। इस बार दो दिन शुक्रवार व शनिवार को यानी दो दिन निर्जला एकादशी मनाई जा रही है।

## निगम की स्थायी समिति के दो पदों के लिए पार्षदों ने दाखिल किए नामांकन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को सिविक सेंटर स्थित निगम सचिव कार्यालय में नामांकन दाखिल किये गए। भाजपा की ओर से अध्यक्ष पद के लिए, सत्या शर्मा ने तथा उपाध्यक्ष पद के लिए, सुन्दर सिंह ने अपना नामांकन भरा। इस मौके पर दिल्ली के महापौर राजा इक़बाल सिंह तथा नेता सदन प्रवेश वाही मौजूद थे। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी की ओर से अध्यक्ष पद के लिए प्रवीण कुमार तथा उपाध्यक्ष के पद पर मोहिनी जीनवाल ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर आप वरिष्ठ नेता और एमसीडी के सह-प्रभारी प्रवीण कुमार, चांदनी चौक से विधायक पुनरदीप साहनी, देवली से विधायक प्रेम चौहान और स्थायी समिति सदस्य राफिया माहिर, आमिल मलिक उपस्थित रहे। बता दें कि दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव 12 जून 2025 को होगा।





■ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव 12 जून 2025 को होगा

निगम महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के लिए यह ख़ुशी की बात है कि स्थायी समिति के निर्माण होने जा रहा है और इससे निगम में विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्थायी समिति की अनुपस्थिति में दिल्ली नगर निगम में विकास की बड़ी योजनाएं नहीं बन पायी लेकिन अब सभी सदस्य मिलकर सकारात्मक काम करेंगे और दिल्ली के नागरिकों को उन्नत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे।

एमसीडी में 'आप' के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बताया कि पार्टी स्थायी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। हम भाजपा को इस चुनाव में खुला मैदान नहीं देंगे। हमारे उम्मीदवार भाजपा को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव परिणाम आम आदमी पार्टी के पक्ष में आएंगे।

### टाटा पावर ने सौर ऊर्जा को लेकर किया सूर्यांश का आयोजन

**नई दिल्ली।** निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने लोगों को सौर ऊर्जा का प्रयोग अधिक से अधिक करने के लिए सूर्यांश नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। कंपनी को उम्मीद है कि ऐसे कार्यक्रमों के सहारे लोगों को घरों की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए जागरूक करने में मदद मिलती है। कंपनी के अनुसार योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार 3 केवी क्षमता तक की रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के लिए 78 हजार रुपए की सब्सिडी प्रदान करती है। इसके अलावा, दिल्ली सरकार भी शहरी घरों में सोलर पावर को अधिक सुगम और किफायती बनाने के लिए 30 हजार रूपए की सब्सिडी देती है। कंपनी ने बताया कि वर्कशॉप के दौरान, 25 से अधिक सफल रजिस्ट्रेशन हुए हैं। कंपनी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, आम जनता को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों के बारे में जागरूक बनाने के उद्देश्य से एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया था। यह आयोजन टाटा पावर-डीडीएल के लर्निंग सेंटर सेनपीड सेक्टर 11, रोहिणी, दिल्ली में रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) के लिए किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशंस के बारे में जागरूक बनाना है जो सस्टेनेबल एनर्जी इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की टाटा पावर-डीडीएल की प्रतिबद्धता के भी अनुरूप है।

### स्थानीय निवासियों ने सोनिया विहार जल संयंत्र से पाइप लाइन जोड़ने की गुहार लगाई

# किशन गढ़ (देहात) में पेयजल सकंट बना सिरदर्द, दिल्ली जल बोर्ड को कोई चिंता नहीं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दक्षिण दिल्ली का ऐतिहासिक गांव किशन गढ़ (देहात) पीने के पानी का जबरदस्त संकट झेल रहा है। गर्मियों में पानी की किल्लत से स्थानीय निवासी बहुत परेशान हैं। महरौली विधानसभा क्षेत्र के इस गांव में लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए टैंकर का सहारा लेना पड़ रहा है या बोरवेल का कच्चा पानी पीना पड़ रहा है। गांववासियों का कहना है कि सोनिया विहार जल संयंत्र से पानी की सप्लाई नहीं हो पाने के कारण किशन गढ गांव जल संकट से जूझ रहा है। किशन गढ़ आरडब्ल्यूए के प्रधान ओम प्रकाश मान पानी किल्लत को लेकर कई बार दिल्ली जल बोर्ड के स्थानीय अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 50 हजार की आबादी के लिए जल संकट सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्रीय विधायक और सांसद से भी कई बार गुहार लगाई है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। गांववासी रोशन मान ने बताया कि किशनगढ़ गांव से सटे पॉश इलाके वसंत कुंज में सोनिया विहार जल संयंत्र से पानी की आपूर्ति होती है, लेकिन गांव होने के कारण दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड किशन गढ़ को भगवान भरोसे छोड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि पहाड़ी एरिया होने के चलते यहां पथरीली जमीन पर बोरवेल करना आसान नहीं है। जल स्तर बहुत नीचे जा चुका है।



■ बोरवेल का कच्चा पानी पीने के चलते बीमारियों का शिकार हो रहे गांव वासी

जमीन का पानी खारा है लिहाजा पीने में उपयोग नहीं हो सकता, बावजूद इसके दिल्ली जल बोर्ड हाथ पर हाथ धरे बैठा है। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति नहीं होने के कारण लोग बिमारियों का शिकार हो रहे हैं। किशन गढ़ वासियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा से मांग की है कि उनके गांव को सोनिया विहार जल संयंत्र से जोड़ा जाए।

### डीटीसी यूनियन ने उठाए निजी चालकों की भर्ती प्रक्रिया पर सवाल

नई दिल्ली। डीटीसी कर्मचारियों के संगठन डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने दिल्ली सरकार व परिवहन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए है कि निजी चालकों की भर्ती बिना किसी पर्याप्त ट्रेनिंग, बिना किसी डॉक्टरी चेकअप, बाहर से फॉर्मेलिटी वाले सर्टिफिकेट बनाकर के डायरेक्ट भर्ती की जा रही है। संगठन ने आरोप लगाए कि ऐसे चालकों की वजह से आए दिन दिल्ली में लोगों को जान माल से हाथ धोना पड़ता है। इस बारे में विस्तार से बताते हुए संगठन के अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि अफरातफरी में सरकार व परिवहन विभाग छोटी देवी बसों को चलाने के लिए अनट्रेंड चालकों को रखा जा रहा है। इनके चालक लाइसेंस से लेकर अन्य जरूरी दस्तावेज व उनकी ओरिजिनल कॉपी की जांच तक नहीं की जा रही है। जिसकी वजह ऐसी दुर्घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। दोनों ने कहा कि यह देवी बसें आते ही तांडव करेगी इसकी उम्मीद यूनियन को नहीं थी। उन्होंने कहा कि संगठन खुलकर चालकों की भर्ती में घोर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सरकार से प्रार्थना करती है कि डीटीसी विभाग द्वारा ड्राइवर की भर्ती पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा वर्तमान भर्ती चालकों को डीटीसी द्वारा ही पूरी ट्रेनिंग देकर और डीटीसी के मेडिकल बोर्ड द्वारा चेकअप किए गए ड्राइवर को ही कॉन्ट्रैक्ट पर रखा जाए। वहीं 15-20 साल से कार्यरत अनुभवी ड्राइवरों का डीटीसी के मेडिकल बोर्ड से फिट होने पर ही उनके लाइसेंस और कागजात का सत्यापन करने के पश्चात बस चलाने भेजा जाए।

## 'संकल्प से सिद्धि कार्यक्रमों का आयोजन करेगी दिल्ली भाजपा'

#### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर होंगे आयोजन




**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनसेवा को समर्पित अपने 11 वर्ष पूर्ण किये हैं और इसी के उपलक्ष्य में भाजपा देश भर में 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। इस संदर्भ में दिल्ली में भी कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर शुक्रवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ ही केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, कार्यक्रम संयोजक सांसद कमलजीत सहरावत, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चांदोलिया, बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, पंकज सिंह एवं इंद्राज सिंह के अलावा अनेक विधायक मौजूद रहें।

**खबर संक्षेप**

## दिल्ली के मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस को कॉल कर किसी शख्स ने जान से मारने की धमकी दी है।



जानकारी मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। गाजियाबाद पुलिस ने मामले की गंभीरता के साथ शुरू करदी हैं। गाजियाबाद पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द कॉल करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि थाना कोतवाली नगर में डायल 112 पर एक कॉल आई।

## प्रॉपर्टी टैक्स दूसरे दिन फिर बड़ी कार्यवाही

**फरीदाबाद।** निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने नगर निगम के टैक्स विभाग की बैठक ली । महापौर



प्रवीण जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों से टैक्स रिकवरी और सीलिंग विषय पर समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को सभी जोन में करीब 19 संपत्तियों को सील किया गया है। जिनके ऊपर करीब 1 करोड़ 56 लाख से ज्यादा का तक टैक्स बकाया था।

## पार्टनर की हत्या करने के मामले में दो काबू

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में रुपए के विवाद में युवक की गोली की गोलीमारकर हत्या के



मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त असलाह एक पिस्टल 32 बोर मय 2 जिन्दा कारतूस, 32 बोर मय एक खोका कारतूस ,32 बोर बरामद की है। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि अविनाश सिरोही ने सूचना दी ।

## स्वच्छता पखवाड़े के तहत मंडियों की सफाई जारी

**फरीदाबाद।** सीएम नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों पर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के



मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा के छठे दिवस डबुआ सब्जी मंडी व पुरानी फरीदाबाद मंडी सहित कई स्थानों पर विशेष सफाई किए गए। अभियान के तहत सब्जी मंडी क्षेत्रों, दुकानों के पास सफाई किया गया। मौके पर एसबीएम एक्सपर्ट कल्पना सहायक, सफाई निरीक्षक अजीत रावत मौजूद रहे।

## महिला सहित विदेशी मूल के दो आरोपी गिरफ्तार


**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने अवैध मादक पदार्थो के साथ महिला सहित विदेशी मूल के दो



आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 15 ग्राम कोकीन व 29 नशीली गोलियां बरामद कर सेक्टर-56 थाना में केस दर्ज किया। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि सुशांतलोक के डी-ब्लॉक में अवैध कोकीन सप्लाई की जा रही है। रेड की गई और 15 ग्राम कोकीन व नशीली गोलियां पाया।

## गोली मारकर हत्या के मामले में दूसरा काबू

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया के सुभाष चौक के निकट एक मॉल में ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुई



कहासुनी पर युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वारदात को अंजाम देने के आरोपी के साथ था। पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटे के दरमियान एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ किया योगाभ्यास

योगाभ्यास में पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा सहित गुरुग्राम के सभी डीसीपी, एसीपी पुलिस के कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान बताया गया कि योग के माध्यम से ही तनाव पूर्ण वातावरण में शांत रहा जा सकता है।

*योग के माध्यम से ही जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलती है और तनावपूर्ण वातावरण शांत होता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रमों के तहत पुलिस लाइन में आयोजित योग पाठशाला में योगाभ्यास किया गया। जिसमें पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया।

पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा सहित गुरुग्राम के सभी डीसीपी, एसीपी पुलिस के कर्मचारी व उनके परिवार के लोग शामिल हुए। आयोजन में करीब 900 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी/परिजन शामिल हुए। इस दौरान बताया गया कि योग के माध्यम से ही आज के इस तनाव पूर्ण वातावरण में शांत रहा जा सकता है। योग जीवन के लक्ष्यों को



प्राप्त करने में सहायता करता है। योगाभ्यास पाठशाला में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को योग करने की सही विधि, समय व विभिन्न योग की विधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योग एक ऐसी विधि है जिसको नियमित रूप से किया जाए तो शरीर रोगमुक्त व स्वाथ्य बन जाता है। मनुष्य को शारारिक बल के साथ सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इनमें बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, होडल विधायक हरिंदर सिंह, फरीदाबाद नगर निगम की मेयर प्रवीण जोशी, जिला परिषद चेयरमैन विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### योग के महत्वों के बारे में दी गई जानकारियां

योगाभ्यास पाठशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग की शक्ति व विशेषताएं बताते हुए उन्हें योग को अपनी जीवन शैली के साथ जोड़ने के लिए प्रेरित करना है तथा योग के लिए अन्य लोगों को भी योग के महत्वों के बारे में जानकारियां देने के लिए भी प्रेरित किया। गौरतलब है कि 21 जून का दिन विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। 21 जून का दिन साल का सबसे लंबा दिन होता है और इस दिन को ग्रीष्म संक्रांति भी कहते है। योग के दृष्टिकोण से यह दिन आध्यात्मिक रूप से बहुत शक्तिशाली माना जाता है।

## 3 दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ, छिपी हुई प्रतिभाओं को मौका

# 6400 खिलाड़ियों की ऐतिहासिक भागीदारी छात्रों व युवा ऊर्जा का केंद्र बना खेल परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में तीन दिवसीय श्सांसद खेल महोत्सव-25 का विधिवत शुभारंभ हुआ। यह आयोजन फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के प्रेरणादायी नेतृत्व में गत चार वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस बार यह आयोजन और भी अधिक भव्य रूप में सामने आया है, जिसमें लगभग 6400 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कर भागीदारी सुनिश्चित की है। यह संख्या न केवल महोत्सव की सफलता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और जागरूकता का प्रमाण भी है।

### देश के कुल पदकों में से 40% हरियाणा के खाते में



गुर्जर ने कहा कि हरियाणा हमेशा से खेलों में अग्रणी रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि देश के कुल पदकों में से करीब 40 प्रतिशत हरियाणा के खिलाड़ियों के खाते में आते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए उपायुक्त विक्रम सिंह तथा जिला प्रशासन की प्रशंसा की व महोत्सव को सहयोग देने वाले स्पॉन्सरों, संस्थाओं तथा संगठनों का भी आभार व्यक्त किया। सभी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। महोत्सव में इस बार 14 विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें बालक एवं बालिका वर्ग शामिल है, जो समावेशी खेल संस्कृति को दर्शाता है। उद्घाटन के बाद 1500 मी.दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

### भाईचारा और खेल भावना के प्रसार का अवसर

कार्यक्रम के आरंभ में उपायुक्त विक्रम सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण पाल गुर्जर सहित सभी विशिष्ट अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों का हृदय से अभिनंदन किया। कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि भीषण गर्मी के बावजूद महोत्सव में पहले से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। उन्होंने यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं, बल्कि अनुशासन, भाईचारा और खेल भावना के प्रसार का अवसर भी है।

### राष्ट्रीय मंच के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के खेल संकल्प का किया उल्लेख

मुख्य अतिथि कृष्ण पाल गुर्जर ने हरी झंडी दिखा कर खेल महोत्सव का उद्घाटन किया, जिसके उपरांत विभिन्न टीमों द्वारा उत्साहपूर्वक मार्च पास्ट के जरिए अपने जोश और उत्साह का प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित समस्त खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने एवं खेल भावना को जीवन में अपनाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प का उल्लेख किया जिसके तहत फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, ताकि ग्राम्य, कस्बाई एवं नगरीय क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच मिल सके।

### मंत्री ढांडा बोले, कुलगुरु कहलाएंगे कुलपति

## विद्यार्थियों के अनिवार्य इंटर्नशिप प्रशिक्षण में समझौता न करें संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा कहा कि प्रदेश के उच्चतर शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप को अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए और इसमें पाठ्यक्रम उपरांत विद्यार्थियों के इंटर्नशिप प्रशिक्षण को लेकर किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। शिक्षा मंत्री जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में इंटर्नशिप अवसरों पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे, जिसका आयोजन हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप अवसरों के लिए परस्पर सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था।

शिक्षा मंत्री ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालयों में कुलपति पदनाम में बदलाव की पहल करें और कुलपति के स्थान पर भारतीय परम्परा के अनुसार



कुलगुरु लिखना एवं उपयोग करना प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम में आवश्यक संशोधन लाया जाएगा। विश्वविद्यालयों में कुलपति पदनाम में बदलाव का प्रस्ताव भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से अखिल भारतीय महामंत्री सुनील शर्मा द्वारा रखा गया था।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। आह्वान किया कि सभी शिक्षकों नीति को इसमें निहित भाव के साथ लागू करें ताकि इसका पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा में छात्रों के लिए इंटर्नशिप को सरल तरीके से लाया जा रहा है ताकि छात्र उद्योग के साथ.साथ अगर चाहे तो गांव में रह कर भी इंटर्नशिप कर सकें।

## मोबाइल अनलॉक करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया काबू

*इस काम के लेता था छह-आठ सौ रुपए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सदर थाना पुलिस ने छीने हुए मोबाइल को अनलॉक करने वाले आरोपी दुकानदार को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से फोन अनलॉक करने की एवज में लिए छह सौ रुपए बरामद कर केस दर्ज कर लिया।

दरअसल, सदर थाना पुलिस में 21 मई को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि हीरो चौक अंडरपास के पास से बाइक पर सवार होकर आए दो युवकों ने उसका मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर दो जून को अदालत में पेश कर दिया। जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने शिकायतकर्ता से छीना गया मोबाइल व वारदात में प्रयोग की गई बाइक भी बरामद कर ली। आरोपियों ने बताया कि वे छीने हुए मोबाइल को खांडसा स्थित मोबाइल रिपेयर शॉप में अनलॉक



करवाते हैं। मोबाइल अनलॉक करने के बदले 600-800 रुपए दिए जाते थे।

इसी तरह फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने इलेक्ट्रिक वायर व मशीनरी टूल चोरी करने के मामले में तीन को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जा से 20 हजार रुपए की नगदी बरामद कर केस दर्ज कर लिया।

दरअसल, सेक्टर-65 थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि किसी ने 13 मार्च को उनकी कंपनी से इलेक्ट्रिक वायर व मशीनरी टूल चोरी कर लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को काबू किया।

*मार्ग-निर्देशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश*

## एसडीएम की अध्यक्षता में योग मैराथन की तैयारियों को लेकर अफसरों के साथ समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एसडीएम फरीदाबाद अमित गुलिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी 15 जून को जिला फरीदाबाद में आयोजित होने वाली योग मैराथन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नगर निगम, पब्लिक हेल्थ, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते सुनिश्चित करने को कहा

*बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि योग मैराथन का आयोजन सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सके। उन्होंने आयोजन स्थल की साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, ट्रैफिक प्रबंधन, एंबुलेंस व मेडिकल स्टाफ की तैनाती सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह योग मैराथन 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और उसके सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराना है ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। यह मैराथन प्रातः 6 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में युवा छात्र.छात्राएं एवं खिलाड़ी भाग लेंगे। यह मैराथन सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर से शुरू होकर टाउन पार्क से होते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय के सामने से गुजरेगी और पुनः खेल परिसर में आकर समाप्त होगी। प्रतिभागियों के लिए सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, जलपान एवं मार्ग-निर्देशन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।*

*बैंक में उधारी चुकाने के लिए चोरी*

## एटीएम से भी निकाले पैसे पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उधारी चुकानी के लिए छांयसा थाने में नियुक्त सहायक शाखा प्रबंधक ने बैंक में ही चोरी कर डाली। एटीएम से भी कैश निकाल लिया। बैंक से चोरी किए हुए पैसे तो उसने वापस कर दिए लेकिन एटीएम से निकाले गए पैसे नहीं दिए। अब पुलिस को शिकायत मिलने पर यह मामला दर्ज किया गया है।

विष्णु देव ने दी शिकायत में बताया कि वह इंडियन बैंक की छांयसा स्थित शाखा में प्रबंधक हैं। संदीप कुमार 12 अगस्त 2024 से आठ अप्रैल 2025 तक इसी बैंक की शाखा में सहायक शाखा प्रबंधक के पद पर नियुक्त थे। छांयसा शाखा की एटीएम आफिसर का कार्यभार भी संदीप के पास था और एटीएम में कैश डालने व निकालने की जिम्मेदारी भी संदीप की थी। तीन अप्रैल 2025 को छांयसा शाखा के कैशियर विक्रम सिंह अवकाश पर थे। उनकी अनुपस्थिति में संदीप कुमार को कैशियर का कार्यभार दिया गया था।



संदीप कुमार ने अपने पद का दुरुपयोग कर कैश काउंटर से चार लाख रुपए चोरी कर लिए। जिसकी जानकारी शाखा का कैश बंद करते समय हुई। संदीप से पूछताछ करने पर पता चला कि उसने अपनी उधारी चुकता करने के लिए वह राशि चुराई थी।

चुराई राशि वापस जमा करवाने के लिए दबाव बनाया तो उसने चार लाख रुपए वापस जमा करा दिए। सात अप्रैल 2025 को किसी कार्य के लिए शाखा में कैश की जरूरत थी। तो उसने शाखा के एटीएम को खोलकर कैश गिना तो पाया कि बैंक के सिस्टम में और एटीएम में मौजूद कैश में अंतर है। 6.62 लाख गायब थे। संदीप से पूछताछ की गई, तो बताया कि उन्होंने शाखा के एटीएम से कैश निकाल लिए हैं।

## सिविल अस्पताल के पास एमटीपी किट बेचते कैमिस्ट और लैब संचालक हुआ गिरफ्तार

*एक हजार रुपए में बेच रहे थे किट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-10 एरिया में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिविल अस्पताल के निकट एमपीटी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी) किट बेचते कैमिस्ट और लैब संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक हजार रुपए में एमटीपी किट बेच रहे थे। टीम ने दोनों के खिलाफ अलग-अलग थानों में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही कैमिस्ट शॉप को सील कर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है।

ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर सुरेश वर्मा ने बताया कि उन्हें सिविल अस्पताल सेक्टर-10 के पास एमटीपी किट बेचे जाने के गोरख धंधे की सूचना मिली थी। इस सूचना की जानकारी सिविल सर्जन को देकर एक टीम का गठन



कराया गया। इसके साथ ही एक गर्भवती महिला को कस्टमर बनाकर कैमिस्ट शॉप पर भेजा गया जहां कैमिस्ट ने एक हजार रुपए लेकर यह किट महिला को उपलब्ध करा दी। वहीं, इसी दौरान टीम को यह पता लगा कि एक लैब पर भी एमटीपी किट बेची जा रही है। इस पर डेकॉय कस्टमर को लैब पर भी भेजा गया जहां से भी वह एक हजार रुपए में एमटीपी किट लेकर आ गई। इस पर टीम ने रेड कर दोनों को ही काबू कर लिया।

### कैमिस्ट शॉप को सील कर दिया गया

अधिकारियों ने बताया कि जुनेजा कैमिस्ट शॉप को सील कर दिया गया है। इसके खिलाफ सेक्टर-10 थाना पुलिस को शिकायत दी गई है। जिसे सेक्टर-10 थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अस्पताल के पास चल रही मेडिको पैथ लैब के संचालक को काबू कर उसके खिलाफ सेक्टर-9 थाने में शिकायत दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि लैब के पास मेडिसिन बेचने के लिए लाइसेंस नहीं था। दोनों ही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पता लगाया जा रहा है कि आखिर वह एमटीपी किट कहां से लाए थे और कितने समय से यह गर्भपात की दवाएं बेच रहे हैं।

## गाजियाबाद में दिनदहाड़े पुलिस व गोतस्करों के बीच गोलीबारी, दो गोतस्कर हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने शुक्रवार को मुठभेड़ के दौरान तीन गोतस्करों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से दो गोतस्कर घायल हो गए। जिनके कब्जे से 2 अदद तमंचा देशी 315 बोर जिसकी नाल में खोखा कारतूस फंसा हुआ, दो जिन्दा कारतूस ,1 काले रंग का पिट्ठू बैग जिसके अंदर मीट काटने के उपकरण छुरी, गडासा, रस्सी के टुकडे, बेहोशी का इंजेक्शन, सीरिंज आदि व घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट चोरी की कल मोटर साइकिल बरामद हुई है।

डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी



चौकी पुस्ता पर त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये चेकिंग कर रही थी । बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल पर सवार 3 बदमाश पिछले बदमाश की पीठ पर पिट्ठू बैग टंगा हुआ है, संदिग्ध होने पर पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया , नही रूके और तेजी से कट मारकर बागपत रोड की तरफ भागने लगे । थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने आरटी सैट से भाग रहे बदमाशों को संबंध में सूचना दी गई । सूचना पर गेट नंबर दो पर चेकिंग कर रही पुलिस मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के पीछा करने पर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया तथा पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में 3 में से 2 बदमाश शहजाद व याहिया खान उर्फ फतेह के पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गए ।

### घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया

तीसरा बदमाश जुल्फिकार को मौके से थोडी दूरी पर गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश शहजाद निवासी ग्राम ढकौली पांची थाना चांदीनगर जनपद बागपत ,याहिया खान उर्फ फतेह निवासी रूपनगर निकट पुरानी मस्जिद पानी की टंकी थाना लोनी को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है । तीसरे बदमाश जुल्फिकार लोनी गाजियाबाद को मौके से गिरफ्तार किया गया है।
आरोपियों से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि इन्होंने कुछ दिन पूर्व आवास विकास मण्डौला क्षेत्र के जंगल में गौकशी की घटना कारित करके अवशेषो को सीवर के गढ्ढे में डालकर फरार हो गए थे।

## प्राचीन घाटों का पौराणिक स्वरूप देखने को मिलेगा

# अलौकिक स्वरूप में दिखेगा वृंदावन धाम, रोड मैप हुआ तैयार भीड़ नियंत्रण करने यमुना पर भव्य सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण

एजेंसी ▶▶ मथुरा

श्रीबांकेबिहारी कॉरिडोर निर्माण के साथ ही श्रीराधा-कृष्ण की लीला स्थली वृंदावन के अलौकिक स्वरूप को और निखारने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने पिछले कई माह की मशक्कत के बाद वृंदावन के विकास की योजना तैयार की है। इससे न केवल कॉरिडोर के आसपास परिक्रमा मार्ग और यमुना के प्राचीन घाटों का पौराणिक स्वरूप देखने को मिलेगा, बल्कि वन-उपवन सहित अनेक जनसुविधाओं का भी विकास होगा। इससे कृष्ण भक्त आध्यात्मिक भूमि पर अद्भुत आनंद की अनुभूति कर सकेंगे। जिला प्रशासन और ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने कॉरिडोर के साथ ही वृंदावन के विकास का भी रोड मैप तैयार किया है। इसकी जानकारी दो दिन पहले पर्यटन सुविधा केंद्र पर व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी दी थी।

*बांकेबिहारी कॉरिडोर से वृंदावन का अलौकिक स्वरूप ही नहीं निखरेगा, बल्कि ब्रज में रहने वाले लोगों को भी बड़ा फायदा होगा। यहां जितने अधिक श्रद्धालु आएंगे, उतना व्यापार भी बढ़ेगा। लोगों की चांदी ही चांदी।*

**वर्ष 2024 में मथुरा में करीब 21.96 करोड़ श्रद्धालु आए**

**2.55 करोड़ श्रीबांकेबिहारी के दर्शन को पहुंचे**

### कॉरिडोर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में होगी दोगुना बढ़ोतरी




इस योजना के तहत कॉरिडोर के सामने ही यमुना पर भव्य सिग्नेचर ब्रज भी बनेगा, जो वृंदावन में वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करेगा। कॉरिडोर के निकट ही यमुना रिवर फ्रंट विकसित होगा। परिक्रमा मार्ग के विकास के लिए भी योजना तैयार की गई है। इनके साथ ही पर्यटकों की सुविधाओं के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि कॉरिडोर बनने के साथ ही आध्यात्मिक नगरी वृंदावन में विकास कार्यों की नवीन श्रृंखला शुरू होगी। बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनने के बाद मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं को संख्या में इजाफा होगा। इससे पर्यटन हब के रूप में विकसित करने का भी रास्ता सुगम होगा। वर्तमान स्थिति के सापेक्ष दोगुनी संख्या में श्रद्धालु आएंगे।

### बांके बिहारी मंदिर में सजा फूल बंगला

*स्थानीय प्रशासन और कारोबारियों का मानना है कि जैसे-जैसे सुविधाओं में विस्तार होता है। लोगों का रुझान उन स्थानों के प्रति बढ़ता है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर इसका ताजा उदाहरण है। वहां अब दोगुनी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रीबांके बिहारी की धूम विदेशों में भी है। काशी नरेश से ज्यादा वृंदावन के बांके के भक्त दुनिया में हैं। यह दावा पर्यटन विभाग के आंकड़े बताते हैं। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में मथुरा जिले में करीब 21.96 करोड़ श्रद्धालुओं आए हैं। इसमें सबसे अधिक 2.55 करोड़ श्रद्धालु वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। इसमें 70 हजार विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में आगरा के बाद सबसे अधिक विदेशी मथुरा में आते हैं। ब्रज में आने वाले भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं के लिए वृंदावन के श्री बांके बिहारी सबसे प्रमुख हैं। इसके अलावा गोवर्धन, कुसुम सरोवर, राधाकुंड, गोकुल, बरसाना, नंदगांव, महावन भी शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### पुलिस में फिर भर्ती होंगी करीब 3800 महिलाएं



**लखनऊ।** यूपी पुलिस में महिलाकर्मियों की संख्या में फिर इजाफा होने वाला है। इसके बाद महिला पुलिसकर्मियों की संख्या करीब 55 हजार हो जाएगी। जल्द 24 हजार पदों पर होने वाली भर्ती में करीब 3800 महिलाओं को खाकी पहनने का मौका मिलेगा। पीएसी की 3 नई महिला वाहिनियों में 2388 पद भरे जाएंगे।

### मऊ में माफिया रमेश सिंह काका का सरेंडर



**मऊ।** यूपी के मऊ में माफिया रमेश सिंह काका ने शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। यह माफिया आईआर गैंग 212 गैंग का सरगना बताया जाता है। फर्जी सिम मामले में अदालत ने रमेश सिंह काका को 4 साल की कठोर जेल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अर्थदंड भी लिया। सजा के एलान के बाद माफिया रमेश सिंह काका को जेल भेज दिया गया।

## योगी सरकार का यूपी को तोहफा

# 28 करोड़ से अधिक खर्च कर बनेंगे 3,235 नए पुल, गांव से शहर तक बढ़ेगी कनेक्टिविटी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

टूटी पुलों पर फौरन काम शुरू करने के दिए गए निर्देश | गांव- शहर का संपर्क बनाए रखने नए पुल का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश की सड़कों और पुलों को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में यातायात को बेहतर बनाने के लिए 3,235 नए लंबे और छोटे पुलों के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है। जिसके लिए लगभग 28,346 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस योजना को साल 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

### सीएम योगी ने अफसरों को दी हिदायत



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों से कहा है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। खासकर गांवों में जहां सड़कें और पुल टूटी हुई हालत में हैं। वहां फौरन काम शुरू किया जाए। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि 60 मीटर से ज्यादा लंबाई वाले पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करेगा। वहीं, 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले छोटे पुलों का जिम्मा लोक निर्माण विभाग ने अपने हाथों में लिया है।

**परियोजना में तीन मुख्य योजनाएं शामिल**

*इस योजना में नाबार्ड, राज्य योजना (ग्रामीण) और राज्य योजना (शहरी) जैसी तीन प्रमुख योजनाएं शामिल की गई हैं। इनके जरिए न केवल नए पुल बनाए जाएंगे, बल्कि पुराने और कमजोर पुलों की मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम होगा। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पुराने पुल बरसात में बह जाते हैं या टूट जाते हैं। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। अब सरकार ने ऐसे पुलों को स्थायी रूप से मजबूत बनाने का फैसला लिया है।*

**ननि को दी बधाई**

### गोरखपुर ने सीएम योगी ने लोगों को दी कल्याण मंडपम की सौगात

*गोरखपुर। यहां के सूर्यकुंड में शुक्रवार 6 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम की ओर से 4.52 करोड़ रुपए की लागत से बनें कल्याण मंडपम का लोकार्पण कर उसे गोरखपुर की जनता को समर्पित किया। उन्होंने सांसद रविकिशन की चुटकी लेते हुए कहा कि रवि किशन जी के पास पैसा है, तो वह 12-15 लाख खर्च कर सकते हैं, लेकिन जिस गरीब के पास पैसा नहीं है, उसको सरकार सपोर्ट करती है। सीएम योगी ने कहा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक लाख रुपए हम भी देते हैं। इसके साथ-साथ अगर कोई अलग से मांगलिक कार्यक्रम करना चाहता है, तो उसको अब 11,000 में या 25,000 में इतना बड़ा कल्याण मंडपम मिल जाए तो अपने सभी मित्रों और रिश्तेदारों के साथ एक अच्छा कार्यक्रम बना सकते हैं। महानगर में बिछिया में एक बन रहा है। एक राप्ती नगर के साथ-साथ अलग-अलग जगह पर निर्माण का कार्यक्रम मानबेला, मोहरीपुर नकहां यह पांच स्थानों पर यह कार्य चल रहा हैं। ये वातानुकूलित कल्याण मंडपम हर वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध रहेगा।*

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ, नई दिल्ली में प्राचार्या ममता सिंह व उप प्राचार्य राम निवास मीणा के नेतृत्व में पर्यावरण से संबंधित लेख लिखकर, पोस्टर बनाकर, मां के साथ पेड़-पौधे लगाकर एवं उनकी देखभाल करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। उप प्राचार्य राम निवास मीणा ने बताया कि हर साल 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। सबसे पहले विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत 1972 में की गई। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की थी। सबसे पहले यह साल 1974 में मनाया गया था। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को इस दिन को लेकर जागरूक करना है। ताकि लोग इस दिन के महत्व को समझ सकें। इस दिन लोगों को जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, प्रदूषण, बायोडायवर्सिटी लॉस आदि मुद्दों को लेकर जागरूक किया जाता है। हर साल इस दिन को लेकर एक थीम तय की जाती है। ऐसे में इस साल की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराना है। इस विषय को इसलिए चुना गया है ताकि प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले लोगों को इसके वैकल्पिक तरीकों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्राचार्या ममता सिंह ने बताया कि अगर समय रहते हमने हमारे पर्यावरण को सुरक्षित नहीं रखा तो आने वाला समय हमारे लिए बड़ा ही विनाशकारी होगा। प्रकृति समय-समय पर हमें आगाह करती है मगर हम अपने स्वार्थ हेतु हमेशा प्रकृति से खिलवाड़ करते हैं जो कि हमारे लिए बड़ा ही घातक सिद्ध होने वाला है।

## पेज एक का शेष

### 3 अगस्त को होगी...

ने कहा कि कुल 2 लाख 50 हजार के करीब उम्मीदवार हैं। लगभग 450 केंद्र थे। चूंकि हमें एक ही शिफ्ट में परीक्षा आयोजित करनी है, इसलिए हमें कम से कम 500 केंद्रों की आवश्यकता है। इसमें समय लगेगा। उसके बाद छात्रों को केंद्रों के बारे में सूचित करना होगा।

### कश्मीर में 'वंदे भारत'...

आशीर्वाद से वादी-ए-कश्मीर, भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गई है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लाइन परियोजनाएं, ये सिर्फ नाम नहीं हैं, ये जम्मू कश्मीर के नए सामर्थ्य की पहचान हैं। भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष है। दो नई वंदे भारत ट्रेनें जम्मू कश्मीर को मिली है। जम्मू में नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास हुआ है। ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट ने हमारे कार्यकाल में गति पकड़ी और हमने इसे पूरा करके दिखाया। रास्ते में आने जाने की मुश्किलें, मौसम की परेशानी, लगातार पहाड़ों से गिरते पत्थर... ये प्रोजेक्ट पूरा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमारी सरकार ने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना है। चिनाब ब्रिज, दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। ये ब्रिज, एफिल टावर से भी उंचा है। अब लोग चिनाब ब्रिज के जरिए कश्मीर देखने तो जाएंगे ही, साथ ही ये ब्रिज भी अपने आप में एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनेगा।

### यह प्रोजेक्ट भारतीय रेलवे...

हुआ। इसकी अनुमानित लागत 2022 में लगभग 28,000 करोड़ रुपये थी, जो 2025 तक बढ़कर 43,780 करोड़ रुपये हो गई। यह 272 किलोमीटर लंबा रेल मार्ग जम्मू तवी को कश्मीर घाटी के बारामूला शहर से जोड़ता है, जिसमें उधमपुर, कटड़ा, श्रीनगर और बनिहाल जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं। रेलवे प्रोजेक्ट के पूरा होने से बर्फीले मौसम में भी इन इलाकों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी, क्योंकि सड़क परिवहन तो स्नोफॉल ने पर ठप हो जाता था। वहीं, इस प्रोजेक्ट में उन्नत इंजीनियरिंग तकनीकों का उपयोग किया गया है।

### होम लोन...

लोन की ईएमआई 8.75 फीसदी सालाना है, तो आपकी हर महीने की ईएमआई करीब 26,511 रुपए होगी। आपको 20 वर्षों में ब्याज के तौर पर करीब 33,62,717 रुपए का भुगतान करना होगा। ब्याज और लोन को मिलाकर आपको कुल 63,62,717 रुपए का भुगतान करना होगा। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी की बैठक 4 से 6 जून के बीच तीन दिनों तक चली। बैंक में रेपो रेट और सीआरआर में कटौती समेत कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं।

**बैंकों पर रेपो रेट का असर कैसे पड़ता है :** भारतीय रिजर्व बैंक की रेपो रेट की कटौती का मतलब यह नहीं है कि कॉमर्शियल बैंकों की ब्याज दरें अपने आप घट जाएंगी। लेकिन अक्टूबर 2019 के बाद से, सभी फ्लोटिंग रेट होम लोन को बाहरी बेंचमार्क से जोड़ा गया है, जिसमें रेपो रेट भी शामिल है। इसी वजह से रेपो रेट में होने वाली कटौती का असर होम लोन की ब्याज दरों पर पड़ता है। यह वह ब्याज दर है जिस पर रिजर्व बैंक, कमर्शियल बैंकों को शॉर्ट टर्म के लिए पैसा उधार देता है यानी केंद्रीय बैंक जब रेपो रेट में कटौती करता है, तो बैंकों के लिए उधार लेना सस्ता हो जाता है। लिहाजा, वे अपने ग्राहकों को कम ब्याज दर पर लोन दे सकते हैं।

### जीडीपी अनुमान...

मुद्रास्फीति अनुमान को 30 आधार अंक घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया गया है। मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान प्रमुख घटकों में कीमतों की नरमी की ओर इशारा करता है। वित्त वर्ष 26 के लिए जीडीपी अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। वित्त वर्ष 26 के लिए चालू खाता घाटे (सीएडी) में ठहराव बने रहने की उम्मीद है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि केंद्रीय बैंक का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई 2025 को 692.7 अरब डॉलर से घटकर 691.5 अरब डॉलर रह गया।

**अगली एमपीसी बैठक 4 से 6 अगस्त तक होगी :** मौद्रिक नीति से जुड़े ऐलानों के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जहां तक क्रिप्टो का सवाल है, केंद्रीय बैंक के रुख में फिलहाल कोई बदलाव नहीं आया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा करता है।

### आज से भारत के दो...

ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत के जरिए अपने देश की तरफ से बर्बर आतंकी हमले की निंदा करते हुए भारत के साथ ब्रिटेन की एकजुटता प्रदर्शित की थी।

### नौसेना के जंगी बेड़े में 18...

पोत निर्माण से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पोत का अर्णाला नाम महाराष्ट्र के वसई स्थित ऐतिहासिक अर्णाला किले के नाम पर रखा गया है।

### नौसेना को मिलेंगे ...

भागीदारी के तहत किया है। यह पोत भारत की रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की पहल का सफलतम प्रमाण प्रस्तुत करता है। दोनों कंपनियों ने अर्णाला को पिछले महीने 8 मई 2025 को नौसेना को सौंप दिया था। यह भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को भी दर्शाता है। विभिन्न खतरों के खिलाफ मजबूती से खड़े अर्णाला किले की तरह यह पोत समुद्र में दुर्जेय उपस्थिति दर्ज कराएगा। इसका निर्माण यह सुनिश्चित करता है कि ये समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों का सामना कर उभरते हुए खतरों से समुद्री इलाके में भारत की रक्षा करेगा।

### पोत की विशेषताएं...

को मजबूती मिलेगी। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भी यह आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में देश की स्थिति को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## अब्बास अंसारी मामले में भड़के अखिलेश केवल समाजवादियों की जा रही सदस्यता

एजेंसी ▶▶



यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए पुलिस तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। अखिलेश ने कहा कि सिर्फ समाजवादियों की ही सदस्यता रद्द की जा रही है, जबकि वे लोग जो डीएनए पूछते हैं, उन्हें कोई नुकसान नहीं होता। अखिलेश यादव ने कहा कि अब्बास अंसारी की सदस्यता जानबूझकर रद्द की गई। उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि सरकार जाति और राजनीतिक विचारधारा के आधार पर फैसले ले रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोगों को खास तौर पर फैसले लेने के लिए नियुक्त किया गया है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है। लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव योगी सरकार पर हमलावर रहे। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने कुछ पूर्व सहयोगियों पर निशाना साधते हुए लॉयल्टी बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारे साथ जीत कर आए लोगों ने लॉयल्टी बदल ली। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की भाषा में 'खोखा' (रुपयों) को लेकर लॉयल्टी बदलने का किस्सा आपने सुना होगा। उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमने यह होता देखा है।

### ईद-उल-अजहा यूपी में सुरक्षा कड़ी, सड़क पर नमाज नहीं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

ईद-उल-अजहा पर्व पर रेंज के जिले मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में 487 ईदगाह और 981 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि मेरठ में 164 ईदगाह व 515 मस्जिद, बुलंदशहर में 171 ईदगाह व 213 मस्जिद, बागपत में 68 ईदगाह व 205 मस्जिद और हापुड़ में 84 ईदगाह व 48 मस्जिदों में नमाज होगी।

## जेएएस इंफ्रास्ट्रक्चर और मनोज कुमार जायसवाल को सीबीआई अदालत ने ठहराया दोषी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**'कोल गेट' में 19वीं गिरफ्तारी, सजा की अवधि पर बहस 8 जुलाई को**

राउज एवेन्यू स्थित विशेष सीबीआई कोर्ट (कोयला मामले) ने झारखंड के महुआगढ़ी कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित मामले में मेसर्स जेएएस इंफ्रास्ट्रक्चर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक मनोज कुमार जायसवाल को दोषी ठहराया। यह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले की जांच के तहत 19वीं सजा है। हालांकि, इस मामले में तीन अन्य आरोपियों-पूर्व कोयला मंत्रालय के अधिकारियों एच.सी. गुप्ता, के.एस. क्रोफा, और के.सी. समारिया-को कोर्ट ने बरी कर दिया। सजा की अवधि पर बहस अब 8 जुलाई को होगी।

कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाला, जिसे 'कोलगेट' के नाम से भी जाना जाता है, भारत में 1993 से 2010 के बीच कोयला ब्लॉकों के आवंटन में हुई अनियमितताओं से संबंधित है। इस दौरान, कोयला ब्लॉकों का आवंटन निजी और सरकारी कंपनियों को पारदर्शी बोली प्रक्रिया के बजाय स्क्रीनिंग कमेटी के माध्यम से किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान हुआ। नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की 2012 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया कि इस अनियमितता से सरकार को 1.86 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीबीआई ने इस घोटाले की जांच शुरू की, और कई कंपनियों, निदेशकों, और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए।




### कंपनी ने कई तरह से की धोखाधड़ी

कंपनी ने अपने आवेदन और स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुति में जानबूझकर यह छिपाया कि उनकी सहयोगी या समूह की अन्य कंपनियों को पहले कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए थे। यह जानकारी आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए आवश्यक थी। जेएएस इंफ्रास्ट्रक्चर ने असंबंधित तीसरे पक्ष की कंपनियों-इनर्शिया आयरन एंड स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और आईएलएंडएफएस-के नेटवर्थ को अपनी वित्तीय स्थिति के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया। यह धोखाधड़ी का एक स्पष्ट मामला था, जिसका उद्देश्य स्क्रीनिंग कमेटी को गुमराह करना था।

### सीबीआई ने 2014 में जांच शुरू की

महुआगढ़ी कोयला ब्लॉक, जो इस मामले का केंद्र है, झारखंड में स्थित है। इस ब्लॉक का आवंटन जेएएस इंफ्रास्ट्रक्चर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड को किया गया था, लेकिन जांच में सामने आया कि आवंटन प्रक्रिया में धोखाधड़ी और गलत बयानी की गई। सीबीआई ने इस मामले में अपनी जांच 2014 में शुरू की थी और 20 नवंबर 2014 को अंतिम रिपोर्ट (चार्जशीट) दाखिल की थी। जांच में जेएस इंफ्रास्ट्रक्चर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रमोटरों, विशेष रूप से मनोज कुमार जायसवाल, ने कंपनी की वित्तीय स्थिति (नेटवर्थ) के बारे में गलत और भ्रामक जानकारी दी,ये तथ्य सामने आया। उन्होंने वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण मूल्यांकन और सिंडिकेशन को गलत तरीके से प्रस्तुत किया ताकि कोयला ब्लॉक का आवंटन हासिल किया जा सके।

**अभियोजन पक्ष के 18 गवाहों से की पूछताछ**

सीबीआई ने अपनी जांच में इन आरोपों को साबित करने के लिए दस्तावेजी साक्ष्य, वित्तीय रिकॉर्ड, और अन्य सबूत जुटाए। मामले में सीबीआई ने 18 अभियोजन पक्ष के गवाहों की पूछताछ की, जिनके बयानों और साक्ष्यों ने जांच के निष्कर्षों को मजबूत किया। विशेष सीबीआई कोर्ट ने सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का विश्लेषण करने के बाद मेसर्स जेएएस इंफ्रास्ट्रक्चर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड और मनोज कुमार जायसवाल को दोषी ठहराया। हालांकि, कोर्ट ने तीन सरकारी अधिकारियों-एच.सी. गुप्ता (पूर्व कोयला सचिव), के.एस. क्रोफा, और के.सी. समारिया-को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

## हाई कोर्ट ने छुट्टी नहीं दिया तो एससी पहुंचीं एडीजे रैंक की महिला अधिकारी शीर्ष कोर्ट ने दिए निर्देश

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड हाई कोर्ट द्वारा छुट्टी का अनुरोध अस्वीकार करने के खिलाफ एडीजे रैंक की महिला न्यायिक अधिकारी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। महिला अधिकारी ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि न्यायिक अधिकारियों पर लागू बाल देखभाल अवकाश नियमों के अनुसार, वह अपने सेवाकाल के दौरान 730 दिनों तक की छुट्टी की हकदार हैं। उन्होंने केवल छह महीने की छुट्टी मांगी है, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट से कहा कि वह एकल अभिभावक महिला न्यायिक अधिकारी की उस याचिका पर पुनर्विचार करे, जिसमें उसने अपने बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी के अनुरोध को अस्वीकार किए जाने को चुनौती दी है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट न्यायिक अधिकारी की याचिका पर उसकी पिछली याचिका की अस्वीकृति से प्रभावित हुए बिना विचार करेगा।



# उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी ठग लाइफ, पहले दिन रही धीमी शुरुआत

**मुंबई।** कमल हासन की 'ठग लाइफ' अपनी रिलीज से पहले ही काफी चर्चाओं में है। कमल हासन के एक बयान को लेकर विवाद भी उठा, जिसके बाद फिल्म और भी चर्चाओं में आ गई। ऐसे में उम्मीद थी कि फिल्म रिलीज के बाद गर्दा उड़ा देगी। हालांकि, पहले दिन की कमाई देखकर ऐसा नहीं लगता है। ठग लाइफ ने पहले दिन 17 करोड़ की कमाई के साथ शुरुआत की है। कमल हासन और मणिरत्नम जैसे दिग्गजों को देखते हुए फिल्म की शुरुआत थोड़ी धीमी ही कही जाएगी। ठग लाइफ के जरिए निर्देशक मणिरत्नम और कमल हासन लगभग 37 साल बाद एक साथ वापस लौटे हैं। नायकन जैसी हिट फिल्म देने के बाद दोनों के एकसाथ वापस आने से फैंस को ठग लाइफ से काफी उम्मीदें थीं।

## लाइफ Style



# अनन्या

## पार्टनर के लिए बदल जाते हैं लोग


बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या ने खुलकर रिलेशनशिप को लेकर अपनी राय पेश की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनन्या पांडे ने बताया कि वह अक्सर अपने पार्टनर को खुश करने के लिए खुद को बदल लेती थीं, जैसे उनकी पसंद की फिल्में देखना या उनके जैसा कपड़े पहनना। अनन्या ने इसे अपने लोगों को खुश करने वाले व्यक्तित्व का हिस्सा बताया। इसके साथ ही उन्होंने रिलेशनशिप में धोखा देना, झूठ बोलना, और अपने पार्टनर को सार्वजनिक रूप से नीचे दिखाने को लेकर भी बात की। अनन्या के लिए सबसे बड़ा खतरा यह है कि अगर कोई पार्टनर उनकी सफलता से खुश न हो। उन्होंने कहा कि रिलेशनशिप में ईमानदारी और एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार करना जरूरी है।

कथित तौर पर पहले अनन्या का नाम ईशान खट्टर, कार्तिक आर्यन और आदित्य रॉय कपूर के साथ जोड़ा गया था। अब अफवाह है कि वह पूर्व मॉडल वॉकर ब्लैंको को डेट कर रही हैं, लेकिन उन्होंने इस पर कोई चर्चा नहीं की। हाल ही में अनन्या एक्टर अक्षय कुमार और आर माधवन के साथ फिल्म केसरी चैप्टर 2 में नजर आईं, जिसे दर्शकों और आलोचकों ने पसंद किया। वह जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म चांद मेरा दिल में लक्ष्य के साथ और कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक कॉमेडी फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी में नजर आएंगी। फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी 13 फरवरी, 2026 को रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# दर्ज हुआ एक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम

टॉम क्रूज फिल्मों में स्टंट करने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने एक बेहतरीन स्टंट किया है जिसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में एक बार फिर दर्ज किया गया है। 'मिशन इंपॉसिबल' फ्रेंचाइजी की आठवीं किस्त 'मिशन इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग' (2025) में उन्होंने जो एक्शन किए हैं, वह तारीफ के काबिल हैं। फिल्म में टॉम क्रूज ने शानदार स्टंट करते हुए जलते हुए पैराशूट पर जंप किया है। टॉम ने जलते हुए पैराशूट पर 16 बार हेलीकॉप्टर से छलांग लगाई, फिर पैराशूट के जले हुए हिस्से को काटकर सुरक्षित किया। इस स्टंट को करने के लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। रिकॉर्ड में उनका नाम 4 जून को दर्ज किया गया।




# सलमान और संजय की एक झलक ने बनाया दीवाना

**मुंबई।** सलमान खान और संजय दत्त की जोड़ी एक्शन फिल्म 'गंगा राम' में जब आएगी तब आएगी। उससे पहले दोनों '7 डॉग्स' में नजर आने वाले हैं। सउदी अरब की इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। इसे 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के मेकर्स ने बनाया है। सलमान खान और संजय दत्त की जोड़ी को एकसाथ देखना हमेशा उत्साह से भर देता है। इसकी वजह ये है कि दोनों असल जिंदगी में बड़े पक्के यार हैं। बीते साल एपी ढिल्लों के गाने 'ओल्ड मनी' में यह नजारा दिखा था। जबकि इस बार मामला देश और देसी कलाकार से आगे विदेश का है। हॉलीवुड में 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' और 'मिस मार्वल' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर आदिल एल अरबी और बिलाल फल्लाह के डायरेक्शन में बनी नई फिल्म '7 डॉग्स' का टीजर आया है। वैसे तो यह सऊदी अरब की एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, इसलिए भाषा भी समझ से परे है। लेकिन टीजर में संजय दत्त और सलमान खान की एक झलक ने फैंस के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। '7 डॉग्स' का एक मिनट का टीजर मारधाड़ और एक्शन से भरपूर है। जबकि बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और संजय दत्त इसमें कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म में दोनों का किरदार क्या है, इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# स्पिरिट के बाद अब कल्कि 2 से बाहर हुईं दीपिका

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, जिन्होंने हाल ही में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्सनल लाइफ में असफलताओं का सामना कर रही हैं। एक्ट्रेस को संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से हटाए जाने के बाद, ताजा चर्चा है कि उन्हें प्रभास स्टारर कल्कि 2 से भी हटाया जा सकता है। बॉलीवुड.मोबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, मां बनने के बाद दीपिका द्वारा "कम काम के घंटे" मांगे जाने के कारण "सेट पर तनाव" पैदा हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कल्कि 2 के निर्माता अब उन्हें पूरी तरह से फिल्म से हटाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभिनेत्री या निर्माताओं द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पहले, दीपिका पादुकोण को फीस पर असहमति और गैर-पेशेवर व्यवहार के आधार पर संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से हटा दिया गया था।



# रणबीर कपूर के क्लीन-शेव लुक ने चौंकाया

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर इन दिनों फिल्म रामायण को लेकर सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की रामायण में वो राम के अवतार में नजर आने वाले है। हाल ही में रणबीर मुंबई में क्लीन-शेव और लीन बॉडी में नजर आए। रणबीर का ये अवतार देखने के बाद फैंस हैरान हो गए। एक्टर की ये नया लुक देख फैंस ने संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर'की चर्चाएं शुरू कर दी है। वहीं, कुछ एक्टर को उनके नए क्लीन-शेव लुक में देखा कहने लगे 'उम्र सिर्फ एक नंबर है। रणबीर कपूर ने रोमांटिक हो या फिर एक्शन अपने पिता ऋषि कपूर और दादा राज कपूर की तरह अपने हर किरदार में जान फूंकी है। हाल ही में उनका नया लुक देख फैंस ने उनकी अपकमिंग फिल्म लव एंड वॉर की चर्चाएं शुरू कर दी है। कुछ फैंस तो पूछ रहे हैं कि क्या यह फिल्म के लिए उनका नया लुक है?

## टीवी मसाला

# पिता लगाते थे समोसे का ठेला बेटी आज है करोड़ों की मालकिन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सिंगिंग सुपरस्टार और कई म्यूजिक शो की जज नेहा कक्कड़ 6 जून को अपना 37 वां जन्मदिन मनाया। वह बॉलीवुड की सबसे मशहूर सिंगर्स में से एक हैं और एक गाने का करोड़ों रुपए चार्ज करती हैं। लेकिन, बहुत कम लोग जानते हैं कि कभी जागरण में वह 100 के लिए गाना गाया करती थीं। इतना ही नहीं, उनके पिता को भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा और एक समय वह समोसे का ठेला भी लगते थे। 6 जून 1988 को उत्तराखंड के ऋषिकेश में जन्मी नेहा कक्कड़ दरअसल एक अनवांटेड चाइल्ड थीं, क्योंकि जब वह पैदा होने वाली थीं, तो पैसों की कमी के चलते उनके पेरेंट्स उन्हें अबॉर्ट करना चाहते थे। लेकिन, 8 हफ्ते का गर्भ होने के कारण अबॉर्शन नहीं हो पाया और नेहा कक्कड़ ने इस दुनिया में कदम रखा। तीन बच्चों का पालन पोषण करना नेहा कक्कड़ के पिता के लिए बहुत मुश्किल था। वह अपने पूरे परिवार के साथ एक कमरे में रहते थे, उत्तराखंड के ऋषिकेश में नेहा कक्कड़ के पिता घर चलाने के लिए समोसे से बेचते थे और रात में जागरण किया करते थे। नेहा ने अपनी बड़ी बहन और पिता को रात-रात भर जागरण करते हुए देखा और 4 साल की उम्र से उन्होंने भी काम करना शुरू कर दिया। ऋषिकेश से उनका परिवार दिल्ली आ गया और वहां पर जागरण करने लगा. जागरण से उनके म्यूजिक का सफर शुरू हुआ और इंडियन आइडल में उन्होंने अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन वह जीत नहीं पाई।

## बिग बॉस 19 के लिए बबीता जी को किया गया अप्रोच

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस और कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस' हमेशा से ही दर्शकों का फेवरेट रहा है। इस शो का हर सीजन काफी पसंद किया गया था। 'बिग बॉस 18' के खत्म होते ही दर्शक इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब 'बिग बॉस 19' अपनी स्ट्रीमिंग को लेकर चर्चा में आ गया है। 'बिग बॉस 19' में हिस्सा लेने को लेकर हम जिस स्टार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो की बबीता जी हैं। शो में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता को सलमान खान के शो के लिए अप्रोच किया गया गया है।



एक रिपोर्ट के अनुसार, मनुमन इस शो का हिस्सा बन सकती हैं। उन्हें शो में देख फैंस काफी खुश हो जाएंगे। लेकिन, ऐसे में सवाल ये है कि बिग बॉस की वजह से वो तारक मेहता को अलविदा कह देंगी। अगर ऐसा हुआ तो ये असित मोदी के शो और दर्शकों के लिए तगड़ा झटका होगा। बिग बॉस 19 कंटेस्टेंट लिस्ट में मुनमुन दत्ता के अलावा अपूर्वा मखीजा, राम कपूर, गौतमी कपूर, मून बनर्जी, शशांक व्यास, अरहान अंसारी, डेजी शाह, खुशी दुबे, नील मोटवानी, शरद मल्होत्रा का नाम सामने आ चुके हैं।

# 'तेरे इश्क में' से वायरल हुआ धनुष का भारतीय वायुसेना लुक

**मुंबई।** अभिनेता धनुष और एक्ट्रेस कृति सेनन स्टारर आनंद एल रॉय की फिल्म 'तेरे इश्क में'का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म से धनुष और कृति सेनन के लुक्स का टीजर पहले ही जारी किया जा चुका है। जिन्हें लोगों ने काफी पसंद किया था। फिल्म को 'रांझणा' से भी जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, मेकर्स ये साफ कर चुके हैं कि 'तेरे इश्क में'रांझणा का सीक्वल नहीं है। अब फिल्म के सेट से धनुष के लुक की कुछ तस्वीरें लीक हुई हैं। जिनके सामने आने के बाद धनुष के किरदार को लेकर अंदाजा लगाया जा रहा है। शूटिंग से धनुष की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनको देखकर ऐसा लगता है कि धनुष फिल्म में भारतीय वायु सेना के अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। वायरल तस्वीरों में धनुष वायु सेना की वर्दी पहने मूंछों वाले लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म में धनुष जहां शंकर के किरदार में नजर आएंगे, तो वहीं कृति सेनन मुक्ति की भूमिका में दिखाई देंगी। फिल्म 29 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म से धनुष का जो पहला लुक टीजर मेकर्स द्वारा जारी किया गया था, उसमें एक्टर बड़े बाल और दाढ़ी में नजर आ रहे थे। हालांकि, उसके बाद शूटिंग से धनुष और कृति की और भी तस्वीरें सामने आई हैं। अब ये नई तस्वीरें धनुष की सामने आई हैं, जो फिल्म में उनकी भूमिका का खुलासा करती हैं।



# रिलीज के कुछ ही घंटों बाद लीक हुई हाउसफुल 5




**मुंबई।** अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'हाउसफुल 5' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। दर्शक फिल्म का काफी दिनों से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में यह फिल्म अवैध साइटों पर ऑनलाइन लीक हो गई है।

हाउसफुल फ्रैंचाइजी की पांचवीं किस्त का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। 'हाउसफुल 5' पूरी मूवी ऑनलाइन लीक हो गई है। 'हाउसफुल 5' के पायरेटेड संस्करण कई साइटों जैसे कि फिल्मीजिला, मूवीरूलेज, टेलीग्राम, तमिलरॉकरज और दूसरी साइटो पर एचडी प्रिंट में लीक हो गई है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में भारी भरकम कास्ट है। इसमें अक्षय के अलावा फरदीन खान, डिनो मोरिया, संजय दत्त, चंकी पांडे, जैकलीन फर्नांडीज, जॉनी लीवर, नरगिस फाखरी, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, चित्रांगदा सिंह, रंजीत, निकितिन धीर, सोनम बाजवा और सौंदर्या शर्मा भी हैं। पायरेटेड कंटेंट को डाउनलोड या स्ट्रीम करना एक अपराध है। इसके गंभीर कानूनी परिणाम हो सकते हैं। पायरेटेड फिल्में देखने पर भारी जुर्माना देना पड़ सकता है। इससे जेल भी हो सकती है। आपको बता दें ऑनलाइन लीक हुई फिल्में देखना आपके लिए जोखम भरा हो सकता है। इससे डेटा और वित्तीय नुकसान हो सकता है। पायरेटेड फिल्में देखने से निर्माताओं की कड़ी मेहनत पर पानी फिर सकता है। फिल्म का निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने किया है। फिल्म 240 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनी है।

# 2 साल तक पाकिस्तान के जेल में बंद रहा ये सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई दशकों तक काम करने वाले अभिनेता ए.के. हंगल, शोले और दीवार जैसी ऐतिहासिक फिल्मों में अपनी यादगार सहायक भूमिकाओं के जरिए घर-घर में मशहूर हो गए। हंगल का जन्म अविभाजित भारत में हुआ था। उन्हें अपने कम्युनिस्ट विचारों के कारण कराची में जेल जाना पड़ा और पाकिस्तानी नागरिकों से मेलजोल रखने के कारण शिवसेना ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्हें पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने पद्म भूषण से सम्मानित किया था। लेकिन, अपने जीवन के अंतिम समय में, उन्हें आर्थिक रूप से बहुत परेशानी हुई। उनके कई पुराने सहयोगियों ने उनकी मदद की। लेकिन, उनके अंतिम संस्कार में कई बड़े सितारे शामिल नहीं हुए, जिनके साथ उन्होंने वर्षों तक काम किया था। हंगल का 2012 में 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

## 20 रुपए से किया पद्म भूषण तक का सफर



### कम्युनिस्ट विचारधारा के कारण किया गिरफ्तार

रेडिफ के साथ 1997 के एक इंटरव्यू में एके हंगल ने कहा था, विभाजन के बाद मैं पाकिस्तान में ही रहा, लेकिन कम्युनिस्ट विचारधारा के कारण मुझे गिरफ्तार कर लिया गया। मैंने दो साल जेल में बिताए। मुझे अक्सर पीटा जाता था। मुझे पाकिस्तान छोड़कर भारत जाने के लिए कहा गया। मुझे पाकिस्तान छोड़ने के लिए 12 घंटे का समय दिया गया।

### झेली आर्थिक तंगी

1993 में, पाकिस्तानी नागरिकों के साथ बातचीत करने और वीजा मांगने के लिए शिवसेना ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। जिंदगी के आखिरी पड़ाव में उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। तब अमिताभ बच्चन और करण जौहर जैसे लोगों ने उनकी मदद की थी।

### 20 रुपए लेकर आए मुंबई

उन्होंने आगे कहा, मैं अपनी बहन के पास नई दिल्ली जाना चाहता था, लेकिन मेरे पास पैसे नहीं थे। मैं अपनी जेब में 20 रुपए लेकर मुंबई आया था। तब मेरी उम्र 21 साल थी। मैं कराची के कुछ दोस्तों से मिला और उन्होंने मेरे परिवार और मेरा ख्याल रखा। जल्द ही, मुझे एक दर्जी की नौकरी मिल गई और मुझे 500 रुपए प्रति माह मिलते थे। 1949 के उन दिनों में, यह एक बड़ी रकम थी। मेरे पास पटौदी के नवाब और अंग्रेजों जैसे अमीर ग्राहक हुआ करते थे। मुझे हर समय आकर्षक दिखना था, इसलिए मैं हमेशा काम पर सूट पहनता था।

### ये रहीं यादगार फिल्में

इसके बाद एक अभिनेता के रूप में हंगल का कॅरियर आगे बढ़ा। वह अभिमान, अनुभव, दीवार, शोले, आंधी, नमक हराम, आप की कसम, शागिर्द, मेरे अपने, परिचय, दाग, जोशीला, हीरा पन्ना, जवानी दीवानी, गरम हवा, बावर्ची, कोरा कागज, चित चोर और सत्यम शिवम सुंदरम जैसी फिल्मों में नजर आए। उनकी कुछ सबसे यादगार अंतिम भूमिकाएं फ़िल्म लगान और पहेली में आईं। कहा जाता है कि अपने कॅरियर के दौरान उन्होंने 300 फिल्मों में काम किया।

# मुख्यमंत्री क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा में हुए शामिल, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को गंगा दशहरा के पर्व पर वाल्मिकी धाम से क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यात्रा के पूर्व वाल्मिकी धाम परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर सिंदूर और त्रिवेणी-नीम, पीपल और बरगद के पौधों का रोपण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से अपील की कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## सीएम ने वाल्मिकी धाम में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

### मंदिर में दर्शन किए

*मुख्यमंत्री ने वाल्मिकी धाम में अनंतश्री विभूषित 1008 स्वामी सोहन दास महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने संत-जनों से सौजन्य भेंट की और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं से भी मिले। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ दिन है। मां क्षिप्रा से प्रार्थना है कि वे हमारे द्वारा किए गए पूजन अर्चन और परिक्रमा यात्रा को सफल बनाए और सबका कल्याण करें।*

### डॉ. मोहन और श्रद्धालुओं को मंचों से पुष्प वर्षा कर किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य सभी श्रद्धालुओं का यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए मंचों से पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर पेयजल और शीतल पेय तथा फलों का नि:शुल्क वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने वाल्मिकी धाम से रामघाट तक क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा में ध्वज लेकर पैदल यात्रा की। इस दौरान सांसद बाल योगी उमेश नाथ महाराज, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव, क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा के कार्यकारिणी अध्यक्ष महंत रामेश्वर दास जी, महामंडलेश्वर भगवत शरण महंत प्रणवानंद महाराज, महंत एकनाथ, महंत महावीर नाथ, संजय अग्रवाल अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT -28 | **कार्य का नाम:**– 1. सहायक मंडल अभियंता शामली के कार्यक्षेत्र में पी.वे.सामग्री में लिडिंग के कार्य का प्रावधान व 2. वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के कार्यक्षेत्र में पी.वे. सामग्री में लिडिंग का प्रावधान।<br>**कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :**– IREPS पर NIT के अनुसार<br>**बयाना राशि (रूपये) :**– IREPS पर NIT के अनुसार |
| 2 | NIT -29 | **कार्य का नाम:**– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के अनुभाग में सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत मेरठ में घंटाघर के पास नए प्रधान डाकघर के निर्माण का प्रावधान।<br>**कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :**– IREPS पर NIT के अनुसार<br>**बयाना राशि (रूपये) :**– IREPS पर NIT के अनुसार |
| 3 | **निविदा खोलने की तिथि और समय** | 01.07.2025 15:00 Hrs. |
| 4 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं:** 128-W/280/e Tender Notice/NIT-28 & 29-25-26-W-II **दिनांक:** 06.06.2025 1683/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मप्र भारत के वेलनेस मिशन का नेतृत्व करने को पूरी तरह तैयार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# उज्जैन में स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट में आए 1,950 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में 'स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट' में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'व्होल इंडिया' और 'लाइफ स्टाइल' जैसे दूरदर्शी विचारों से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को समग्र जीवनशैली और वेलनेस नवाचार का ग्लोबल सेंटर बनाया जा रहा है।

आज आयोजित इस समिट के माध्यम से प्रदेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत के वेलनेस मिशन का नेतृत्व करने को पूरी तरह तैयार है। डॉ. यादव ने समिट को एक परिवर्तनकारी पहल बताया और कहा कि यहां नीति, निवेश, अध्यात्म और समाज कल्याण का संगम हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब भारत के वेलनेस मिशन का ग्लोबल इंजन बनने को तत्पर है। डॉ. यादव ने समिट में वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के निवेशकों से वन-टू-वन बैठकें कीं, जिनमें बुनियादी ज़रूरतों, निवेश समर्थक नीतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। समिट में 1950 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

### निवेशकों से बुनियादी जरूरतों, निवेश समर्थक नीतियों और प्राथमिकताओं पर हुई चर्चा

**खास बातें**

- समिट में नीति-निवेश अध्यात्म और समाज कल्याण का रहा संगम
- मुख्य सत्र में वेलनेस विजनिंग में प्रदेश का समग्र रोडमैप प्रस्तुत किया



### भारत को विश्वगुरु बनाने की यात्रा में बनें भागीदार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नीति आयोग ने प्रदेश को तेज गति से आगे बढ़ने वाले राज्यों में अग्रणी माना है। मध्यप्रदेश में सरप्लस बिजली के साथ उत्कृष्ट अधोसंरचना और नई नीतियों के चलते निवेशकों ने यहां का रूख किया है। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्पष्ट नीति, सक्षम प्रशासन और मजबूत नेतृत्व के साथ निवेशकों को स्थायित्व और सफलता की गारंटी देता है। उन्होंने सभी वेलनेस उद्यमियों और संस्थाओं से प्रदेश में निवेश करने और उज्जैन से शुरुआत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मध्यप्रदेश आएं, और भारत को विश्वगुरु बनाने की यात्रा में भागीदार बनें।'

### स्वास्थ्य के साथ अध्यात्म की प्राप्ति का प्रयास

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन के लिए तेजी से काम कर रही है। धार्मिक स्थानों पर सभी चिकित्सा पद्धतियों के बड़े केन्द्र बनाने के पीछे आशय यही है कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य के साथ अध्यात्म की भी प्राप्ति हो। उन्होंने कहा कि पिछले साल सभी संभागीय मुख्यालयों पर हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में जहां 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, वहां 21 लाख 75 हजार रोजगार सृजन होने की संभावना भी है। उन्होंने कहा कि हमने 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है और लगातार सेक्टर वार समिट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदसौर और नरसिंहपुर में एग्री समिट के अलावा इंदौर में आईटी समिट के अच्छे परिणाम आए हैं।*

### डॉ. यादव ने की निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में स्पिरिचुअल और वेलनेस समिट में वेलनेस क्षेत्र के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की। उन्होंने निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अरबिंदो हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी, लीजर होटल्स ग्रुप के डायरेक्टर मुकुंद प्रसाद, शतायु आयुर्वेद के सीईओ और एमडी डॉ. मृत्युंजय स्वामी, मेफेयर ट्रैवल्स के एमडी शरद थडानी, लाभम ग्रुप के डायरेक्टर युगांश सोनी, शांतिगिरी आश्रम के जोनल हेड स्वामी चितासुधन ज्ञान तपस्वी, रॉयल ऑर्किड होटल के डायरेक्टर सुदीप रॉय, एरा हॉस्पिटैलिटी के संस्थापक शिवंदर सिंह, सीएचएल हॉस्पिटल ग्रुप के डायरेक्टर राजुल भार्गव, लेटेन्ट डेवकॉन के डायरेक्टर देवांग कपाडिया, जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर सुधीर एमवी, हार्टफुलनेस इंटरफेथ प्रोग्राम्स एंड इवेंट के डायरेक्टर त्रिलोचन चावला और सनसेट डेजर्ट कैंप के सीईओ और एमडी हितेश्वर सिंह ने वन-टू-वन चर्चा की।

### इन निवेशकों के प्राप्त हुए निवेश प्रस्ताव

समिट में शिवंदरसिंह संस्थापक एरा हॉस्पिटैलिटी, मुकुंद प्रसाद डायरेक्टर लीजर होटल्स ग्रुप, अशोक पटेल चेयरमैन ट्रैवलपैक, शरद थडानी एमडी मेफेयरट्रैवल्स एवं सुधीर एमवी सीएओ जिंदल नेचुरोकेयर इंस्टिट्यूट द्वारा निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रमुख निवेश प्रस्तावों में भंडारी ग्रुप 984 करोड़ रुपए, अमलतास ग्रुप 400 करोड़ रुपए, सीएचएल हॉस्पिटल ग्रुप 200 करोड़ रुपए, लेटेंट डेवकॉन, लाभम ग्रुप, शथायू आयुर्वेद, रॉयल ऑर्किड, शांतिगिरी आश्रम, जिंदल ग्रुप सहित अन्य निवेशकों के प्रस्ताव शामिल हैं।

### पैनल चर्चा में तैयार हुआ विजन रोडमैप

समिट में दो पैनल सत्र आयोजित किए गए, जिनमें वेलनेस इन्फ्रास्ट्रक्चर, सिंहस्थ आधारित मेडिकल टूरिज्म, रोजगार सृजन, और कौशल विकास जैसे विषयों पर विचार हुआ। मुख्य सत्र में वेलनेस विजनिंग में प्रदेश का समग्र रोडमैप प्रस्तुत किया गया। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद सरस्वती ने आध्यात्मिक संबोधन दिया और उज्जैन में केंद्र स्थापित करने के लिए राज्य सरकार को आशय पत्र (एलओआई) सौंपा। लीज़र होटल्स, शतायु आयुर्वेद और भंडारी ग्रुप के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश को वेलनेस निवेश के लिए उपयुक्त गंतव्य बताया।


## उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

पत्र संख्या 128-डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/NIT 39, 40 & 41/25-26/डब्लू-4 दिनांक: 06.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1. मंडल इंजीनियर– चतुर्थ नई दिल्ली के आधीन सहायक मंडल अभियंता जाखल के सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर वाटर बूथ, जंग लगी पाइप लाइन, टॉयलेट ब्लॉक की मरम्मत हेतु कार्य (निविदा संख्या 39-25-26-W-IV)<br>2. मंडल इंजीनियर– चतुर्थ नई दिल्ली के आधीन सहायक मंडल अभियंता जींद के सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर वाटर बूथ, जंग लगी पाइप लाइन, टॉयलेट ब्लॉक की मरम्मत हेतु कार्य (निविदा संख्या 40-25-26-W-IV)<br>3. मंडल इंजीनियर– चतुर्थ नई दिल्ली के आधीन सहायक मंडल अभियंता रोहतक के सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर वाटर बूथ, जंग लगी पाइप लाइन, टॉयलेट ब्लॉक की मरम्मत हेतु कार्य (निविदा संख्या 41-25-26-W-IV) |
| 2 | अनुमानित लागत | (1) Rs. 7488037.92 (2) Rs. 7499481.96 (3) Rs. 7499972.56 |
| 3 | धरोहर राशि | (1) Rs. 149800.00 (2) Rs. 150000.00 (3) Rs. 150000.00 |
| 4 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और रागय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 17.06.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 01.07.2025 को 15:00 बजे। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

1684/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितीश बंसल, पुत्र नारायण बंसल निवासी मकान नंबर बी4/161ए, ग्राउंड फ्लोर लॉरेंस रोड, पीतमपुरा, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 61/11 भा.द.सं. की धारा 448/380/468/471 के तहत, थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **नितीश बंसल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **नितीश बंसल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 61/11 भा.द.सं. की धारा 448/380/468/471 के तहत, थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नितीश बंसल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री दीपक वत्स
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी उत्तर-पश्चिम, कमरा नं.101
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/6781/NW/2025


## जनसुनवाई में 22 मामलों के प्रतिवेदन पर दिए निर्देश

# रायपुर कलेक्ट्रेट में लगी महिला आयोग की कचहरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की मामलों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. रहाटकर अपने पहले छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंची। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष गुरुवार को अस्थाई अदालत में तब्दील हो गया। प्रवास पर आईं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. रहाटकर ने यहां महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जनसुनवाई की। रायपुर पुलिस द्वारा सौंपे गए 22 मामलों के प्रतिवेदन पर सुनवाई की गई, जिनमें मानसिक प्रताड़ना, शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी जैसे गंभीर प्रकरण शामिल रहे। जनसुनवाई के दौरान महिला आयोग की अध्यक्ष ने कई प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश जारी किए। कुछ मामलों में विभागों को समयबद्ध कार्रवाई तय करने के निर्देश दिए गए।



## डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर 34 में स्थित डीपीजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से संस्थान परिसर में कई तरह के पौधे लगाए गए।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की एमडी डॉ. प्रीति गहलोत के साथ डायरेक्टर श्री आर.सी. कुहाड़, डीन एकेडमिक्स डॉ. मुकेश यादव, रजिस्ट्रार श्री टी.आर. नरूला और कॉलेज के अनेक प्राध्यापकों ने पौधारोपण कर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। डॉ. प्रीति गहलोत ने कहा कि प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। वृक्षारोपण केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण देने की जिम्मेदारी भी है। डॉ गहलोत जी ने लोगों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक बनें और हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। डायरेक्टर श्री आर.सी. कुहाड़ ने विज्ञान को पर्यावरण से जोड़ते हुए कहा कि हमारा संस्थान तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण और सामाजिक सरोकारों को भी महत्व देता है।




## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DD.NO. 31 दिनांक 05/06/2025 धारा 194 बी.एन.एस. एस थाना कुढंली जिला सोनीपत ।

**मृतक की पहचान**

**नाम**- नाम पता नामालुम ।
**पिता/पति का नाम**-नाम पता नामालुन
**उम्र**-करीब 45 से 50 वर्ष
**कद**-करीब 05 फुट 2 ईन्च।
**हुलिया:**- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला-फुर्तिला शरीर, गले में काले रंग का धागा उसके अन्दर पीले रंग धातु की ताबीज व हाथो में सफेद धातु का कड़ा पहने हुए हैं।
**पहनावा:** गले में स्लेटी रंग की फुल बाजु की टी-शर्ट व सफेद बनियान, कमर पर मेहन्दी रंग का लोवर व पैरो में चप्पल पहने हुए हैं।



सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि दिनांक 05.06.2025 को K.G.P.EXPRESSWAY (कुडंली से बागपत जाने वाले रास्ते) पर एक नामपता नामालुम व्यक्ति की नाश में मिली हैं। जिसकी मृत्यु एक्सीडैन्ट होने के कारण होनी प्रतीत हुई हैं। जिसको शिनाख्त हेतु 72 घन्टे के लिए सरकारी हस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में रखा हुआ हैं। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410537**
**अनुसंधानकर्ता मो0 न0-8059424129**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/3483/2026/35427/88/7 दि. 06.06.25


## बीमारियों का पता लगाने में होगी आसानी

# एम्स में अब न्यूक्लियर मेडिसिन से होगा कैंसर का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित एम्स प्रदेश के सबसे बड़े अस्पतालों में से है, जहां लगभग हर तरह के रोगों का इलाज किया जाता है। रायपुर का एम्स अब कैंसर जैसी बीमारियों का पता लगाने और उनका इलाज करने में और भी आगे बढ़ गया है। बता दें कि एम्स ने अपने न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में एक खास मशीन लगाई है, जिसे ऑटोमेटेड रेडियो सिंथेसाइजर और गैलियम जनरेटर कहते हैं।

इस नई मशीन के आने से एम्स रायपुर छत्तीसगढ़ का एकमात्र ऐसा सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां कैंसर का पता लगाने वाले खास इंजेक्शन (जिन्हें रेडियोट्रेसर कहते हैं) खुद ही बनाए जा सकेंगे। पहले ये इंजेक्शन बाहर से मंगवाने पड़ते थे।




**मरीजों का इलाज होगा आसान**

डॉक्टरों का कहना है कि ये नए इंजेक्शन बीमारियों का पता लगाने में बहुत सटीक हैं, खासकर उन बीमारियों में जो जटिल होती हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि अपनी दवाएं खुद बनाने से मरीजों को जल्दी इलाज मिल पाएगा और बाहर की कंपनियों पर निर्भरता भी कम होगी। यह नई सुविधा कैंसर के इलाज में एक नई क्रांति लाएगी, खासकर प्रोस्टेट, पेट और स्तन कैंसर में।

### क्या फायदा होगा मरीजों को?

*अब एम्स में पीईटी स्कैन की सुविधा और बेहतर हो गई है। इससे कैंसर का जल्दी पता लगाने, वो शरीर में कितना फैल चुका है ये जानने और हर मरीज के लिए अलग से इलाज तय करने में मदद मिलेगी। कुछ खास कैंसर जैसे प्रोस्टेट कैंसर, न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर और कुछ ऐसे कैंसर जिनमें आम स्कैन काम नहीं आते, उनके लिए भी अब बहुत सटीक जांचें हो पाएंगी। इससे इंसुलिनोमा जैसी बीमारियों का भी सही जगह पता चल सकेगा।*


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन आईए, एचवीपीएनएल, हिसार में पुराने और जंग लगे हुये सब स्टेशन टावर्स, सहारा देने वाली संरचनाओं की पेंटिंग और रिफरबिशमेंट हेतु विशेष आकलन। | 05.06.2025<br>23.06.2025 | 7.49 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | अम्बाला, पंचकूला और रेवाड़ी क्षेत्र में 66 केवी और 132 केवी कम्पोजिट ट्रांसमिशन लाइंस का निर्माण। | 05.06.2025<br>01.07.2025 | ईएमडी 57.17 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | बाढ़ बचाओ उपायों के तौर पर 132 केवी सब स्टेशन चरखी दादरी-1 में चारदिवारी, यू/सी फेंसिंग और रैम्प्स का निर्माण। | 05.06.2025<br>26.06.2025 | 40.92 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, डींग (हिसार) में बाढ़ रोधी दीवार का निर्माण। | 05.06.2025<br>26.06.2025 | 99.09 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/35443/I/88/7 दि. 06.06.25

## चिंतन

# ग्रोथ को गति देने के लिए रिजर्व बैंक का बोल्ड स्टेप

मौजूदा वक्त में अर्थव्यवस्था को जिस खुराक की जरूरत थी, रिजर्व बैंक ने वही खुराक दी है। रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर एक साथ उद्योग और लोन उपभोक्ताओं को राहत दी। विशेषज्ञ चौथाई फीसदी कटौती की उम्मीद कर रहे थे, पर केंद्रीय बैंक ने बोल्ड स्टेप लेते हुए नीतिगत दर रेपो रेट में 0.5 फीसदी की कटौती की है। अब रेपो रेट 5.5 फीसदी हो गया है, यह पांच फीसदी के दायरे में है, जिसे सकारात्मक माना जा सकता है। अब रेपो रेट तीन वर्ष के निचले स्तर पर है। इससे आवास, ऑटो और औद्योगिक कर्ज सस्ते होंगे। यह लगातार तीसरी दफा है, जब रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कमी की है। पिछले कुछ तिमाहियों से जहां जीडीपी सुस्त है, वहीं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में कमी दर्ज की जा रही है। औद्योगिक उत्पादन के साथ कोर सेक्टर की ग्रोथ भी हांफ रही है। वर्तमान में जो वैश्विक स्थितियां हैं, उसमें भारत को अगर विनिर्माण का केंद्र बनकर उभरना है तो भारतीय अर्थव्यवस्था को हर मानक पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कटौती कर सुस्त अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की पहल की है। आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की है। सीआरआर में कटौती से बैंकों के पास लोन देने के लिए अधिक फंड होंगे। इससे बैंकों के पास नकदी में 2.5 लाख करोड़ की वृद्धि होगी। इन उपायों से वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन मिलेगा। यह मजबूत कदम है। आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। भारतीय शेयर बाजार ने भी उछाल के साथ रिजर्व बैंक के कदम का स्वागत किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इससे पहले, पांच अगस्त, 2022 को यह 5.40 प्रतिशत के स्तर पर थी। आरबीआई इस साल फरवरी से लेकर अब तक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को उदार से बदलकर तटस्थ कर दिया है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 कर दिया है। दरअसल, जीडीपी को गति देने के लिए नीतिगत उपायों से घरेलू निजी खपत और निवेश को प्रोत्साहित करना जरूरी है। चूंकि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए घरेलू वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करना और भी महत्वपूर्ण है। आरबीआई के मौद्रिक उपायों से खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई समेत विभिन्न क्षेत्रों में कर्ज मांग बढ़ेगी, जिससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। लेकिन अर्थव्यवस्था को और भी दवा की जरूरत है, जिसमें जीएसटी के सरलीकरण से लेकर नीतिगत सुधार तक की बात है। एफडीआई नियम उदार है, पर देश में सकारात्मक आर्थिक माहौल भी चाहिए। विनिर्माण क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति चुनौती बनी हुई है, इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।



यूएन महासभा

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# यूएन का अमृत पथ गढ़ेंगी एनालेना

> जर्मनी ने अपने देश की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 80वें सत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष हेतु नॉमिनेट किया। उन्हें 193 सदस्यीय देशों वाले संगठन में महासभा की अध्यक्षता के लिए कुल 167 वोट हासिल हुए और वह अब विजयी घोषित की जा चुकी हैं। राजनीतिक समझ के लिए सुप्रसिद्ध एनालेना निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र की नयी छवि गढ़ेंगी और और आगंतुक देशों को महासभा में दुनिया की विविध चुनौतियों व संभावनाओं पर बहस के साथ आगे बढ़ेंगी। विशेषज्ञों का दावा है कि एनालेना बैरबॉक जानती हैं कि अपने पैरों पर कैसे खड़ा होना है। इसलिए वह यह भी जानती हैं कि संयुक्त राष्ट्र हित को साधने के लिए अमृत मंत्र क्या है और इसका अमृत पथ कैसे सजेगा।

यूएन महासभा का 80वां सत्र सितम्बर 2025 में आरंभ होगा। जैसा कि सर्वविदित है कि यूएन जनरल असेम्बली की अध्यक्षता हर वर्ष अफ्रीका, एशिया-प्रशान्त, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका व कैरीबिया, पश्चिमी यूरोप व अन्य, इन पांच क्षेत्रीय समूहों में बारी-बारी से बदलती है। इस बार जर्मनी को यह जिम्मेदारी मिली और जर्मनी ने अपने देश की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 80वें सत्र के लिए महासभा अध्यक्ष हेतु नॉमिनेट किया। उन्हें 193 सदस्यीय देशों वाले संगठन संयुक्त राष्ट्र में महासभा की अध्यक्षता के लिए कुल 167 वोट हासिल हुए और वह अब विजयी घोषित की जा चुकी हैं। बहुत दिलचस्प बात यह है कि इस महासभा में गोपनीय मतदान होते हैं। एनालेना बेयरबॉक यद्यपि जर्मनी की ओर से एकमात्र उम्मीदवार थीं जिसे स्टेट द्वारा नॉमित किया गया था। हेल्गा शिमड स्व-नामांकित प्रत्याशी थीं। हेल्गा शिमड को भी सात मत प्राप्त हुए। इस प्रक्रिया में 14 प्रतिनिधि सदस्य देशों ने वोटिंग नहीं की लेकिन हेल्गा शिमड के उम्मीदवार बन जाने से यह मतदान दिलचस्प बन गया। यदि हेल्गा के परफ़ॉर्मेंस का मूल्यांकन किया जाए तो यह कहना बिलकुल गलत न होगा कि उनका भी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन रहा। विजयश्री तो एनालेना बेयरबॉक को मिली और अब वह नए सत्र शुरू होने पर यूएनजीए 80वें सत्र की अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगी और विश्व के समस्त आगंतुक देशों को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया की विविध चुनौतियों व संभावनाओं पर बहस के साथ आगे बढ़ेंगी।

स्त्रियों के लिए यह पुनः गर्व की बात है कि जर्मन की पूर्व विदेश मंत्री जो कि एक सशक्त स्त्री हैं, वह 80वें ऐतिहासिक सत्र की अध्यक्षता करेंगी। जर्मन सरकार ने इसलिए एनालेना बेयरबॉक को नामांकित करके व उनकी जीत हासिल करके एक बड़ा मैसेज दुनिया को दिया है और समस्त स्त्री समाज को गर्व से भर दिया है। अहम् बात यह है कि पश्चिमी यूरोपीय समूह क्षेत्र से इस दायित्व को संभालने वाली वह पहली और महासभा की पांचवीं महिला अध्यक्ष होंगी। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि एनालेना बेयरबॉक कम 44 वर्षीय उम्र में वैश्विक पटल पर एक बेहद चुनौतीपूर्ण समय में इस पद को संभाल रही हैं जब हिंसक टकराव बढ़े हैं। कई देश युद्ध की आग लिए धधक रहे हैं। बड़े पैमाने पर विश्व में शरणार्थियों की संख्या बढ़ी है। जलवायु संकट व टिकाऊ विकास के लक्ष्य हासिल करने को लेकर संयुक्त राष्ट्र सशंकित है। विश्व में वित्तीय दबाव बढ़े हैं और एनालेना बेयरबॉक के ही कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र के नए महासचिव की चयन प्रक्रिया शुरू होगी और कोई नया चेहरा संयुक्त राष्ट्र की बागडोर संभालेगा। यहां समस्या इस बात की बहुत बड़ी है कि संयुक्त राष्ट्र के बहुपक्षवाद को नई धार देना ज़रूरी है क्योंकि युद्धरत देशों ने कई बार संयुक्त राष्ट्र को अंगूठा दिखाकर मनमानी सैन्य कार्रवाई की और हथियारों का इस्तेमाल किया है। इसलिए यह माना जा रहा है कि वैश्विक बहुपक्षीय व्यवस्था के लिए एक अहम पड़ाव है। यूक्रेन, ग़ाज़ा व अन्य क्षेत्रों में जारी युद्धों का अन्त कराने के प्रयासों पर सुरक्षा परिषद गतिरोध का सामना कर रही है। साथ ही इस गतिरोध के लिए कई बार निंदा करना नाकाफी सा लगने लगा है। वीटो अधिकार प्राप्त देशों की भी आपस में कोई बहुत अच्छी



दोस्ती व संबंध निर्वाह की प्रतिबद्धता नहीं दिखती। ऐसे में चाहे सुरक्षा परिषद् हो या शांति कायम करने वाली दूसरी एजेंसीज जिसका गवर्नेंस संयुक्त राष्ट्र करता है, वहां अनेक चुनौतियां हैं। कोई भी प्रस्ताव वीटो अधिकार प्राप्त देशों पर आ टिकते हैं और समस्याएं मिटती नहीं। चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के आपस में अपने-अपने हित जब टकराते हैं तो संयुक्त राष्ट्र को बहुत असहज भी होना पड़ता है। सहमति का बहुपक्षीय होना, बहुपक्षवाद को अंदर से हिला देता है। एनालेना बेयरबॉक जो कि जर्मन सरकार में विदेश मंत्री का दायित्व संभाल चुकी हैं, उनके नेतृत्व के लिए यह चुनौतियां हैं लेकिन उनका जो सौम्य स्वभाव है और जिस कूटनीतिक रणनीतिकार के रूप में विश्व में उनकी छवि है, उससे उम्मीदें हैं और वह सफल होंगी, इस पूर्ण विश्वास को लेकर दुनिया से उन्हें 167 वोट मिले हैं। इसका अर्थ है कि दुनिया के 167 देश एनालेना बेयरबॉक पर पूर्ण विश्वास व भरोसा करते हैं।

एनालेना बेयरबॉक पर भरोसा इसलिए है क्योंकि महासभा अध्यक्ष के आगामी कार्यकाल के लिए उन्होंने जो प्राथमिकताएं प्रस्तुत की हैं वह बहुत ही प्रासंगिक हैं। यथा संयुक्त राष्ट्र को और अधिक दक्ष व प्रभावी बनाना, टिकाऊ विकास के 2030 एजेंडा को आगे बढ़ाना और महासभा को सही मायनों में एक समावेशी फ़ोरम बनाना। समावेशी-दर्शन की हिमायती एनालेना का विश्वास ही उनकी कूटनीतिक विश्वास की धुरी बनने जा रहा है, एक बात तो यह तय है। दूसरी बात उन्होंने खुद कहा कि मैं देखती हूं कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की विविधता ही हमारी शक्ति है। यही वो स्थान है, जहां सभी राष्ट्र एक साथ मिलते हैं और जहां हर देश के पास एक चेयर व एक आवाज़ है। एनालेना ने लैंगिक समानता, बहुपक्षवाद, नागरिक समाज व युवजन के साथ सम्पर्क व बातचीत को बढ़ावा देने की पैरवी की है। यह उनके युवा नेतृत्व में विश्वास को प्रकट करता है। उनके भीतर के युवा जोश का प्रदर्शन है। उन्हें यह पता है कि बिना लैंगिक समानता व युवा नेतृत्व से सामंजस्य के कोई भी दुनिया की सफलता हासिल नहीं हो सकती। यह भाव ही उन्हें दुनिया में उनके व्यक्तित्व के साथ श्रेष्ठ बनाते हैं। ऐसे ही लोगों पर यदि दुनिया की बड़ी बहुपक्षीय संसद ने भरोसा जताया है तो यह बहुत ही उपयुक्त है और उत्कृष्ट भविष्य की ओर साथ-साथ बढ़ने का संकेत भी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश स्वयं लैंगिक समानता की बात करते हैं। एनालेना के भी साथ आने से निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र को इस दिशा में सकारात्मक दिशा तय करने में बल मिलेगा। एनालेना पर इसलिए भी भरोसा है क्योंकि वह चाहती हैं कि संयुक्त राष्ट्र को बहुमुखी विश्वास के साथ आगे ले जाया जाए। यह युवा नेत्री की अपनी क्षमता ही मानी जाएगी कि वह इस प्रकार की संभावनाओं का विश्व बनाने के पक्ष में अपने विजन-प्लान के साथ स्वयं को खड़ा करती हैं। एनालेना बेयरबॉक के राजनीतिक करियर की शुरुआत उनके माता-पिता ने की थी। उन्हें 1980 के दशक में परमाणु-विरोधी प्रदर्शनों में ले गए थे। अपनी निजी वेबसाइट पर, वह अपनी किशोरावस्था से ही विश्वव्यापी अन्याय से प्रभावित होने व उसके विरुद्ध आवाज़ उठाने का वर्णन करती हैं। इससे उनके जीवन के उत्कृष्ट सोच को समझा जा सकता है। इस दृष्टि व सोच से विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि विश्व में संयुक्त राष्ट्र को एक शांतिपूर्ण, सौम्य व सर्वहितकारी बनाने में वह पुरजोर कोशिश करेंगी। राजनीतिक समझ के लिए सुप्रसिद्ध एनालेना निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र की नयी छवि गढ़ेंगी। उनके बारे में विशेषज्ञों का दावा है कि एनालेना बैरबॉक जानती हैं कि अपने पैरों पर कैसे खड़ा होना है। इसलिए वह यह भी जानती हैं कि संयुक्त राष्ट्र हित को साधने के लिए अमृत मंत्र क्या है और इसका अमृत पथ कैसे सजेगा।


(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग नागों के ईश्वर रूप में भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर स्थित है। यह रुद्र संहिता में इन भगवान को दारुकावने नागेशं कहा गया है। माना जाता है कि भगवान कृष्ण रुद्राभिषेक के द्वारा भगवान शिव की आराधना करते थे। और बाद में आदि गुरु शंकराचार्य ने कलिका पीठ पर अपने पश्चिमी मठ की स्थापना की।

# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित

दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

# व्यक्ति की अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## साझा संस्कृति

डॉ.रमेश ठाकुर



# सिंगापुर में 'लिटिल इंडिया' नाम से बसा छोटा 'भारत'

प्रवासियों ने अपने हिस्से का थोड़ा-थोड़ा हिंदुस्तान जोड़कर सिंगापुर में भी है एक छोटा सा 'भारत' बसाया हुआ है। उसे 'लिटिल इंडिया' कहते हैं, जो वहां बसे भारतीय मूल के लोगों और सनातनी पर्यटकों के लिए सदैव खास स्थान रहा है। 'लिटिल इंडिया' को लेकर एक किताब लिखी गई है जिसे पढ़कर दूनिया के लोग और ज्यादा जान पाएंगे। उस स्थान को लेकर किताब में न सिर्फ दोनों देशों की साझा संस्कृति बल्कि उसमें सामाजिक परिवर्तन, प्रारंभिक जीवन, परिसर में आयोजित होने वाले तीज-त्योहारों, आकर्षण के विभिन्न केंद्र, महत्वपूर्ण जगहें और प्राचीन काल में व्यापार करने के दौरान उत्पन्न हुई चुनौतियों के संबंध में विस्तार से विवरण किया है। 1970 से पहले इस जगह को 'सेरंगून रोड' कहते थे। किताब का नाम 'लिटिल इंडिया एंड द सिंगापुर इंडियन कम्युनिटीः थ्रू द एजेस' है जिसका बीते दिनों भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले और सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज यो द्वारा संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। सिंगापुर में भारतीयों की आबादी इस समय करीब 6 लाख 50 हजार के आसपास है, जो वहां की कुल आबादी का 10 फीसदी हिस्सा है। ये आबादी तीसरी सबसे बड़ी जातीय समूह में भी शुमार है। किताब सन् 1822 में 'लिटिल इंडिया' परिसर के मुख्य मार्ग सेरंगून रोड की स्थापना से लेकर अभी तक के कार्य कलापों का विवरण प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार वहां भारतीयों ने वाणिज्यिक और सांस्कृतिक विधा में खुद को चुनौतियों का सामना करके स्थापित किया था। 'लिटिल इंडिया' को लेकर 187 पन्नों की लिखी पुस्तक की लेखिका का नाम 'सौंदरा नायकी वैरावन' है, जो विश्व प्रसिद्ध राइटर हैं। उन्होंने इससे पहले भी भारतीयों पर आधा दर्जन से अधिक किताबें लिखी हैं। किताब के प्रत्येक पन्नों में उन पहलुओं का वर्णन किया गया है कि कैसे 'लिटिल इंडिया' का सिंगापुर में निर्माण हुआ और किसने उस जगह की नींव रखी थी। इसलिए कह सकते हैं कि ये पुस्तक भारतीय समुदाय के लोगों की गतिविधियों का दस्तावेज है। शुरुआती दिनों में 'लिटिल इंडिया को बसाने में सिर्फ भारतीयों ने ही बिना स्थानीय सहयोग के अपनी भूमिकाएं निभाई। उसके बाद वहां की हुकूमत ने बजट आवंटन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। चुनावों में प्रत्येक सियासी दल भारतीय मूल के वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। सियासी दल बकायदा अपने घोषणा पत्रों में 'लिटिल इंडिया' को और विस्तार देने का वादा करते हैं। ये स्थान इतना फेमस है कि सिंगापुर पहुंचने वाले तकरीबन भारतीय 'लिटिल इंडिया' जाना नहीं भूलते। उसका परिसर, रेस्तरां, खानपान और बनावट में भारतीय संस्कृति की खुशबू आती है। भवन में कार्यरत अधिकांश भारतीय ही हैं। इसमें जो होटल हैं उनमें प्रत्येक भारतीय व्यंजन मिलते हैं। कहा जाता है कि तमिलनाडु निवासी नारायण पिल्लई सिंगापुर पहुंचने वाले पहले भारतीय थे। सन् 1824 में सिंगापुर में मात्र 756 भारतीय रहते थे, लेकिन उसके बाद भारतीयों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ। सभी जानते हैं कि सिंगापुर एक समृद्ध और विविधता से लबरेज देश है, जो दुनिया के देशों का गहरा प्रतिबिंब है।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जापान से सीखें पेड़ों का संरक्षण करना

हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है। इस दिवस पर दुनियाभर में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाएं जाते हैं। लेकिन दुनिया को इसके लिए अभियान ही नहीं चलाने चाहिए, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीरता से काम भी करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए और पेड़ों का संरक्षण करना चाहिए। दुनिया के सभी देशों को जापान की दाईसुगी तकनीक को अपनाना चाहिए। जापान की यह तकनीक लगभग 600 वर्ष पुरानी है। इस तकनीक से वहां पेड़ों से लकड़ी प्राप्त करने के लिए पेड़ को इस तरीके से काटा जाता है कि इससे पेड़ को इतना नुकसान नहीं होता जिससे पर्यावरण पर कोई उल्टा प्रभाव पड़े। - **कमल वर्मा**, बलौदाबाजार

## ट्रेंड

### कुशलता का प्रतीक

आज मोदी जी द्वारा दुनिया के सबसे ऊँचे रेलवे आर्च ब्रिज 'चिनाब रेल ब्रिज' जनता को समर्पित करना जम्मू-कश्मीर के विकास के प्रति हमारे संकल्प का प्रतिबिंब है। चिनाब पर बना यह स्टील आर्च ब्रिज भारत की कुशलता का जीवंत प्रतीक है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### सुरक्षा कवच बनाया

ये सपा के अच्छे काम की सोच ही थी कि सड़क से लेकर हर जगह नारी सुरक्षित रहे इसकी सिर्फ़ बात नहीं की बल्कि सच में 1090 का ऐसा सुरक्षा कवच बनाया गया, जो देश के लिए अनुकरणीय बन गया। जनहित में टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करना वैज्ञानिक सोच से ही आता है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### हार्दिक संवेदनाएं

थेन्नाला बालकृष्ण पिल्लई ने कांग्रेस पार्टी के मूल मूल्यों - प्रतिबद्धता, विनम्रता और ईमानदारी को मूर्त रूप दिया। हमने एक सिद्धांतवादी नेता खो दिया है। उनके परिवार, दोस्तों और अनुयायियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### आईपीएल में दबदबा

मुझे हमारी युवा टीम द्वारा पूरे टूर्नामेंट में दिखाई गई लड़ाई और धैर्य पसंद आया। कैसे हमारे कप्तान ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और कैसे भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ियों ने इस आईपीएल में अपना दबदबा बनाया!

-प्रीति जिंटा, अभिनेत्री



## करंट अफेयर

# रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को 'अवांछनीय' किया घोषित

रूस ने 'ब्रिटिश काउंसिल' को 'अवांछनीय' संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा 'एमआई-6' 'ब्रिटिश काउंसिल' की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से 'ब्रिटिश काउंसिल' का इस्तेमाल करती हैं। जखारोवा ने कहा, ''रूस के सक्षम प्राधिकारियों को जानकारी मिली है कि ब्रिटिश खुफिया सेवाएं स्वतंत्र देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से अवैध अभियानों में 'ब्रिटिश काउंसिल' का इस्तेमाल करती हैं और यह गोपनीय विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है।'' रूसी महाभियोजक के कार्यालय ने 'ब्रिटिश काउंसिल' को एक अवांछनीय संगठन घोषित किया है, हालांकि यह 2018 से निष्क्रिय है। जखारोवा ने यूक्रेन अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि ''विशेष सैन्य अभियान'' की शुरुआत के बाद 'ब्रिटिश काउंसिल' ने ''ब्रिटेन सरकार के शत्रुतापूर्ण रूसी विरोधी कदमों में अभूतपूर्व रूप से साथ दिया''।



## ऑफ बीट

# प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह से मिले छग के सीएम साय ने दिखाई सूबे की नई तस्वीर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह से मंत्री अमित शाह से एक ही दिन में अलग अलग मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने बस्तर में शांति व्यवस्था, विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके साथ ही हाल ही में छत्तीसगढ़ में आयोजित सुशासन तिहार की प्रधानमंत्री को जानकारी दी। सीएम ने पीएम मोदी को बताया कि अब बस्तर का चेहरा बदल रहा है, जो कभी बंदूक और बारूदी सुरंगों के लिए जाना जाता था, आज वहाँ मोबाइल टावर खड़े हो रहे हैं, जो सिर्फ संचार का माध्यम नहीं बल्कि विकास और विश्वास के प्रतीक बन चुके हैं।





### 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की

सीएम साय ने बताया कि सरकार द्वारा विगत डेढ़ वर्ष में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन सुरक्षा चौकियों के आसपास गांवों में न केवल पुलिस की उपस्थिति से सुरक्षा की भावना बनी है।

### युवा डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे

सीएम ने कहा कि अब बस्तर में सिर्फ मोबाइल टावर नहीं लग रहे हैं, बल्कि ये टावर इस बात का सबूत हैं कि वहां के बच्चे और युवा भी अब डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं। वे अपने गांव में मोबाइल नेटवर्क के जरिए ऑनलाइन कर पा रहे हैं। अब बस्तर का युवा भी स्मार्टफोन से अपनी दुनिया खुद बना रहा है।

### सांसद विधायक गांव जा रहे

सीएम ने बताया सुशासन तिहार के तहत अब तक सैकड़ों समाधान शिविर आयोजित किए गए हैं, जहां सांसद से लेकर विधायक तक गांव गांव पहुंचकर जनता की शिकायतों का समाधान किया। इन शिविरों में ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर दिया गया है। सीएम साय ने बताया कि राज्य सरकार जल संकट से निपटने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है, और जनभागीदारी से लेकर तकनीकी उपायों तक, हर स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

### 'जल संरक्षण पहल' योजना शुरू

छत्तीसगढ़ में अब बारिश के दिन कम हो गए हैं पहले जहाँ लगभग 100 दिन बारिश होती थी, अब सिर्फ 65 दिन ही होती है। राज्य सरकार ने एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसका नाम है 'जल संरक्षण पहल, सुरक्षित भविष्य का छत्तीसगढ़ मॉडल।' योजना के तहत गांव-गांव में पानी बचाने के नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। इस काम में आधुनिक तकनीक जैसे जीआईएस मैपिंग और 'जलदूत' नाम का मोबाइल ऐप इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे यह पता चलता है कि कहां कितनी ज़रूरत है। इस अभियान में महिलाएं बड़ी भागीदारी निभा रही हैं।

### देश की पहली 24x7 हाईब्रिड सार्वजनिक लाइब्रेरी शुरू

उन्होंने प्रधानमंत्री को नालंदा परिसर की जानकारी भी दी, जो देश की पहली 24x7 हाईब्रिड सार्वजनिक लाइब्रेरी है। 18 करोड़ की लागत से बनी इस सुविधा में ई-लाइब्रेरी, यूथ टॉवर, हेल्थ ज़ोन और सौर ऊर्जा आधारित व्यवस्था है। अब तक 11,000 से अधिक छात्र लाभांवित हो चुके हैं, जिनमें 300 से अधिक छात्र यूपीएससी और सीजी पीएससी में सफलता पाई है। साथ ही, सीएम ने 'प्रयास' मॉडल की भी जानकारी दी, जिसमें वंचित व आदिवासी बच्चों को आईआईटी, नीट, क्लैट जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

### नक्सलियों के "सूर्यास्त" की दी विस्तार से जानकारी

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को प्रदेश में माओवादी विरोधी अभियानों की अब तक की सफलताओं और बस्तर अंचल में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। सीएम ने बताया कि राज्य सरकार की नई रणनीति और केंद्र के सहयोग से नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर पहुंचाया गया है। विगत डेढ़ वर्ष में चलाए गए सघन अभियानों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। 1 हजार 428 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो बीते पांच वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। सीएम ने अवगत कराया कि 205 मुठभेड़ों में 427 माओवादी मारे गए, जिनमें संगठन के शीर्ष नेता महासचिव बसवा राजू और सेंट्रल कमेटी सदस्य सुधाकर जैसे कुख्यात माओवादी शामिल हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने प्रगति रिपोर्ट की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से माओवादी गतिविधियों पर निर्णायक नियंत्रण संभव हो रहा है और केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता देती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कमल हासन ने नामांकन पत्र दाखिल किया



**चेन्नई।** मक्कल निधि मय्यम के अध्यक्ष और मशहूर अभिनेता कमल हासन ने तमिलनाडु से राज्यसभा के लिए 19 जून को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए को नामांकन पत्र दाखिल किया। हासन ने सीएम एमके स्टालिन, डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की मौजूदगी में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए।

### बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत न दें



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार किए नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

### देश में 5000 से अधिक कोरोना संक्रमित

**दिल्ली।** देश में छह जून तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 5,364 हो गई। इनमें से करीब 500 लोग पिछले 24 घंटे में संक्रमित हुए। 4,700 से अधिक लोग संक्रमित होने के बाद ठीक हो चुके हैं। 24 घंटों में 4 मौतें हुईं। जनवरी से अब तक कुल 55 मौतें हुई हैं।

## आरसीबी का जश्न : चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामला

# कर्नाटक हाईकोर्ट से केएससीए को मिली राहत, दंडात्मक कार्रवाई पर लगाई रोक

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु



कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघु राम भट और कुछ अन्य पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अदालत की ओर से कहा गया है कि अगली सुनवाई तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को कर्नाटक हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघु राम भट और कुछ अन्य पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने कोर्ट से चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की। कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दिया। बता दें कि, पुलिस ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसके कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) हाईकोर्ट की शरण में पहुंचा था। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया। अदालत की ओर से कहा गया है कि अगली सुनवाई तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए। यह भगदड़ बुधवार शाम को स्टेडियम के सामने हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग आरसीबी टीम की आईपीएल जीत के जश्न में शामिल होने के लिए उमड़े थे। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए थे।

### आगे की पूरी जांच सीआईडी करेगी

**खुफिया विभाग के प्रमुख का भी ट्रांसफर**

#### सिद्धारमैया के राजनीतिक सचिव की छुट्टी

शुक्रवार को कर्नाटक सरकार ने एमएलसी के गोविंदराज की तत्काल प्रभाव से सीएम सिद्धारमैया के राजनीतिक सचिव के पद से छुट्टी कर दी गई है। इसके अलावा, खुफिया विभाग के प्रमुख हेमंत निंबालकर का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। बुधवार की सुबह भगदड़ से कुछ घंटे पहले सीएम के घर पर एक अहम बैठक के दौरान गोविंदराज ने आरसीबी की जीत का जश्न मनाने की अनुमति देने पर जोर दिया था। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने तीन कार्यक्रमों पर सहमति देने से मना कर दिया और



### 4 अधिकारी गिरफ्तार

भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें क्राइम ब्रांच और बेंगलुरु पुलिस की ओर से एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने भी पुष्टि की कि भगदड़ मामले में कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं। हमारी टीमें मामले को बहुत गंभीरता से ले रही हैं और आखिरकार मामला सीआईडी के पास जाना है। इसलिए सीआईडी के पास जाने से पहले हमारी टीम की ओर से जो भी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करनी हैं, वे कर रही हैं। गिरफ्तारी से पहले आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले, डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार से पूछताछ की गई। सोसले को शुक्रवार सुबह दुबई जाते समय गिरफ्तार किया गया।

### जयललिता को दोषी करार देने वाले जज कुन्हा करेंगे जांच



कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया ने इस भगदड़ की न्यायिक जांच के लिए कर्नाटक हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस जॉन माइकल डीकुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया है। सीएम सिद्धरमैया ने खुद इसकी जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर दी है। कुन्हा 2014 में तब चर्चा में आए थे, जब सांसदों के खिलाफ मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश के रूप में उन्होंने तमिलनाडु की तत्कालीन सीएम जे जयललिता को आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराया था। इसके बाद नवंबर 2016 में उन्हें कर्नाटक हाई कोर्ट का एडिशनल जज नियुक्त किया गया था। नवंबर 2018 में उन्हें फिर वहीं स्थायी जज बनाया गया। 2021 में वह इस पद से रिटायर हो गए। एसडीएम लॉ कॉलेज से स्नातक करने वाले कुन्हा ने 1985 में अपनी वकालत शुरू की थी।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने उत्तराखंड के किसानों से किया संवाद

# उत्तराखंड के मोटे अनाज 'मंडुवा' व अन्य किस्मों की मार्केटिंग व ब्रांडिंग करनी होगी: कृषि मंत्री शिवराज



*कहा, औषधीय गुणों के कारण 'काफल' की दुनिया में बढ़ रही हैं मांग*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देहरादून के कौलागढ़ में स्थित हिमालयन कल्चरल सेंटर में शुक्रवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कि उत्तराखंड के मोटे अनाज 'मंडुवा' व अन्य किस्मों की मार्केटिंग व ब्रांडिंग करनी होगी। उन्होंने कहा कि औषधीय गुणों के कारण 'काफल' की दुनिया में मांग बढ़ रही हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री, विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से देश भर के किसानों के साथ संवाद कर रहे हैं। शुक्रवार को चौहान ने उत्तराखंड के किसानों को देहरादून में संबोधित किया। हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर से आये किसानों को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों के लिए असली प्रयोगशाला खेत ही है, इसलिए हमने 'लैब टू लैंड' जोड़ने और 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमों के साथ गांव-गांव जाकर 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' शुरू करने की परिकल्पना की।

### तारबाड़ कर जानवरों से खेती को बचाएंगे

चौहान ने कहा कि उत्तराखंड के जिन भी किसानों से मैंने मुलाकात कि उन्होंने मुझे जानवरों से खेती को बचाने के लिए घेराबाड़ी/तारबाड़ (खेत की सीमाओं को घेरना) की मांग की। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत इसके लिए उत्तराखंड को प्राथमिकता दी जाएगी। यह खेती को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। यहां की फल और सब्जियों की उपज दूसरे किसी भी क्षेत्र की तुलना में शानदार है। यहां के सेब अब कश्मीर को प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं, जो यहां कि बागवानी क्षेत्र की उन्नति को दर्शाता है।

### 'मंडुवा' का उत्पादन बढ़ाएंगे

उन्होंने बताया कि यहाँ का मोटा अनाज भी अद्भुत है। यहां का पारंपरिक अनाज 'मंडुवा' भी अब सब जगह अपनी प्रसिद्धि स्थापित कर रहा है। 'मंडुवा' के साथ-साथ ऐसे ही अन्य उपयोगी पारंपरिक अनाजों के उत्पादन बढ़ाने के लिए हमें प्रयास करना होगा, उत्तम किस्म के बीज बनाने होंगे और साथ ही साथ मार्केटिंग और ब्रांडिग पर भी ध्यान देना होगा। इस अवसर पर गणेश जोशी, कृषि मंत्री, उत्तराखंड सरकार, डॉ सुरेंद्र नारायण पांडेय, सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण, उत्तराखंड सरकार के अलावा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद-भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान के कई वैज्ञानिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

*कहा, राज्यों को परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने पर भी काम करना चाहिए*

# भारत बिजली की कमी वाले देश से 'बिजली-पर्याप्त' देश में परिवर्तित हुआ : मनोहर लाल

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में उत्तरी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ क्षेत्रीय विद्युत सम्मेलन की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि भारत की बिजली प्रणाली एक एकीकृत राष्ट्रीय ग्रिड के रूप में विकसित हुई है, जो 'एक राष्ट्र-एक ग्रिड' के दृष्टिकोण को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि हमने मई 2024 में 250 गीगावाट की अधिकतम मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया और भारत बिजली की कमी से बिजली-पर्याप्त राष्ट्र में बदल गया है और अब अधिकतम मांग की कमी शून्य है। उन्होंने चंडीगढ़ में उत्तरी क्षेत्र के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। बैठक में अनिल विज (ऊर्जा मंत्री, हरियाणा), हरभजन सिंह (बिजली मंत्री, पंजाब), सुबोध उनियाल (वन मंत्री, उत्तराखंड), एके शर्मा (ऊर्जा मंत्री, उत्तर प्रदेश), आशीष सूद (बिजली मंत्री, दिल्ली), जावेद अहमद राणा (जल शक्ति, पर्यावरण और वन और जनजातीय मामले, जम्मू और कश्मीर) और हीरालाल नागर (ऊर्जा राज्य मंत्री, राजस्थान) ने भाग लिया।

मनोहर लाल ने संसाधन पर्याप्तता सुनिश्चित करने और आवश्यक बिजली उत्पादन क्षमता करार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को अपनी संसाधन पर्याप्तता योजना को पूरा करते हुए, परमाणु उत्पादन क्षमता को बढ़ाने सहित पर्याप्त बिजली उत्पादन मिश्रण पर भी काम करना चाहिए। भारत की अधिकतम बिजली मांग 2034-35 तक 446 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है और इसे स्थायी रूप से पूरा करने के लिए केंद्र, राज्यों और हितधारकों के बीच सक्रिय योजना और निरंतर समन्वय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि राज्यों को अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन परियोजनाओं के विकास में आने वाली समस्याओं को हल करने की दिशा में काम करना चाहिए, जिसमें आरओडब्ल्यू मुद्दे भी शामिल हैं। राज्यों को वित्तपोषण के लिए विविध विकल्पों की तलाश करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट 2025-26 में राज्यों के पूंजीगत व्यय का समर्थन करने के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋणों में 1.5 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जो ट्रांसमिशन के बुनियादी ढांचे को अत्यधिक मजबूत कर सकता है।

# सीबीआई ने जूनियर इंजीनियर को 4.5 लाख रु. की घूस लेते किया गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई के जूनियर इंजीनियर डी.सी. पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। पांडे जूनियर इंजीनियर (बिल्डिंग/रोड) जीई (नॉर्थ वेस्ट) कार्यालय, नोफ्रा, मुंबई में कार्यरत हैं। उन्हें सीबीआई ने 4.5 लाख रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एक सुनियोजित स्टिंग ऑपरेशन के तहत की गई, जिसमें सीबीआई ने पांडे को उस समय पकड़ा जब वे रिश्वत की राशि ले रहे थे।

सीबीआई को शिकायत मिली थी कि डी.सी. पांडे ने एक ठेकेदार या पक्षकार से उनके पक्ष में कुछ कार्य करने के बदले में 4.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस तरह के मामले में रिश्वत की मांग अक्सर बिल पास करने, परियोजना स्वीकृति, या अन्य प्रशासनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए की जाती है। शिकायत के आधार पर, सीबीआई ने एक जाल बिछाया और पांडे को रिश्वत लेते हुए मौके पर गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की सख्त नीति का एक और उदाहरण सामने आया है।

गिरफ्तारी के बाद, सीबीआई ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि क्या पांडे ने पहले भी इस तरह की गतिविधियों में हिस्सा लिया था और क्या इस मामले में अन्य लोग भी शामिल हैं। सीबीआई द्वारा जब्त की गई रिश्वत की राशि और अन्य साक्ष्य मामले में महत्वपूर्ण सबूत के रूप में इस्तेमाल किए जाएंगे। यह गिरफ्तारी सीबीआई के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। हाल के वर्षों में, सीबीआई ने कई ऐसे मामलों में कार्रवाई की है जहां सरकारी अधिकारी रिश्वत मांगते पकड़े गए हैं। डी.सी. पांडे की गिरफ्तारी से यह संदेश दिया गया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह किसी भी पद पर हो।

सेबी ने उठाया बड़ा कदम

# मेहुल चोकसी के बैंक, डीमैट और एमएफ खाते जब्त किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सेबी ने 2.1 करोड़ की बकाया वसूली के लिए मेहुल चोकसी के बैंक, डीमैट और एमएफ खाते जब्त किए हैं। यह कदम 15 मई को चोकसी को जारी किए गए एक डिमांड नोटिस के बाद उठाया गया है, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि यदि वह 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में विफल रहता है तो उसकी संपत्तियों के साथ-साथ बैंक खातों को भी कुर्क कर लिया जाएगा। चोकसी द्वारा गीतांजलि जेम्स के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों के उल्लंघन के मामले में जनवरी 2022 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहने के बाद यह कार्रवाई की गई। यह डिमांड नोटिस जारी किया गया। चोकसी, जो गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होने के साथ-साथ प्रमोटर समूह का हिस्सा भी थे, नीरव मोदी के मामा हैं। दोनों पर सरकारी स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक से 14,000 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

मोदी सरकार की विदेश नीति विफल, यह भारत के सम्मान और गौरव को खतरे में डाल रही

# अब रूस भी मानता है कि ट्रंप ने युद्ध विराम किया, पीएम मोदी की चुप्पी कानफोड़ू है - कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा कि यह भारत के सम्मान और गौरव को खतरे में डाल रही है। पार्टी की सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया। अब सिर्फ ट्रंप ही नहीं बल्कि रूस भी मानता है कि उन्होंने युद्ध विराम कराया। यह भारत की संप्रभुता पर हमला है। 'सरेंडर' प्रधानमंत्री की चुप्पी ये चीख-चीखकर कह रही है कि उन्होंने दबाव में आकर संघर्ष विराम किया है। कनाडा जैसे देश ने भारत को जी7 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया। जिस पाकिस्तान को भारत ने 2014 से पहले अलग-थलग कर दिया था, वह अब विश्व मंच पर हीरो बनकर उभर रहा है। मोदी सरकार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक से पाकिस्तान को मिलने वाली अरबों डॉलर की सहायता को रोकने में विफल रही है।

### पाक की बराबरी भारत से, जिम्मेदार

सुप्रिया श्रीनेत ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद-निरोधी समिति का उपाध्यक्ष बना है, जबकि वह खुद आतंकवाद को पनाह देने वाला देश है। उन्होंने कहा कि हाफिज सईद, मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों की मौजूदगी और उससे पहले ओसामा बिन लादेन के वहीं पाए जाने के बावजूद बड़े-बड़े देश पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि पाकिस्तान जैसे आतंकी मुल्क की बराबरी भारत के साथ की जा रही है, इसका जिम्मेदार कौन है?

### 90 देशों का दौरा से हासिल क्या?

कांग्रेस नेता ने कहा कि रूस ने भारत के समर्थन में अब तक खुलकर कोई ठोस बयान नहीं दिया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ वह ढाई बिलियन डॉलर का सौदा कर रहा है। उन्होंने चीन और पाकिस्तान के बीच बढ़ते घनिष्ठ संबंधों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 11 साल सत्ता में रहने और 90 से अधिक देशों का दौरा करने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति विफल साबित हुई है, जिससे आज भारत कूटनीतिक रूप से पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है। अगर मोदी सरकार की विदेश नीति सही होती, तो दुनिया के तमाम देश हमारे साथ मुस्तैदी से खड़े रहते।

### भारत के पक्ष में एक बयान दिलवाने में विफल रहा संसदीय प्रतिनिधिमंडल

श्रीनेत ने कहा कि भारत के प्रतिनिधिमंडलों को विभिन्न देशों में भेजा गया, लेकिन वे न तो राष्ट्राध्यक्षों और न ही प्रभावी राय बनाने वालों से मिल पाए। इन प्रतिनिधिमंडलों ने केवल संग्रहालयों का दौरा किया, सांस्कृतिक कार्यक्रम देखे और तस्वीरें खिंचवाईं, लेकिन भारत के पक्ष में कोई ठोस बयान प्राप्त करने में विफल रहे। उन्होंने बताया कि 27 मई को भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने कुवैत पहुंचकर अपना पक्ष रखा और अगले ही दिन कुवैत ने पाकिस्तान पर लगा वीजा प्रतिबंध हटा दिया।

### आतंकी फरार पर चुप सरकार

कांग्रेस नेता ने कहा कि 45 दिन बीत जाने के बाद भी प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की गोलाबारी में शहीद हुए लोगों से मिलने की जहमत नहीं उठाई, जबकि वे देश भर में हर जगह गए। अब वह उद्घाटन कार्यक्रम के लिए वहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के 45 दिन बाद भी आतंकवादी फरार हैं और मोदी सरकार इस पर चुप है। उन्होंने 26/11 हमले के समय कांग्रेस सरकार की कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि तब दस में से नौ आतंकवादियों को मार गिराया गया था और दसवें को फांसी दी गई थी।

# अब आ गए 'नमक' से चलने वाले स्कूटर, पेट्रोल भरवाने की टेंशन ही खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपने अब तक पेट्रोल से चलने वाले स्कूटर्स ही चलाए हैं तो अब शायद कुछ ही सालों में सड़कों पर आपको नमक से चलने वाले स्कूटर भी देखने को मिल सकते हैं।

■ अभी साधारणतः ईवी स्कूटर में लिथियम आयन बैटरी होती है

दरअसल ये भी इलेक्ट्रिक स्कूटर ही होंगे लेकिन इनमें जो बैटरी इस्तेमाल होगी ये साधारण लिथियम आयन बैटरी नहीं होगी बल्कि ये सॉल्ट आयन बैटरी होगी जो सी-सॉल्ट से तैयार की जाएगी। चीन की सड़कों पर आपको इलेक्ट्रिक स्कूटर मिलेंगे, जो समुद्री नमक से बनी सोडियम-आयन बैटरी से चलते हैं। ये स्कूटर्स पूरे देश में हैं और लोग इन्हें दुकानों, दफ्तरों, मेट्रो स्टेशनों और हर जगह ले जाते हैं, क्योंकि ये व्यावहारिक हैं और तेजी से चार्ज भी हो जाते हैं। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर्स आम तौर पर 400 से 660 डॉलर (35,000 रुपए से लेकर 51,000 रुपए) की कीमत में बेचे जाते हैं।

### हांग्जो में लाइव टेस्ट ड्राइव

ये नए तरीके के स्कूटर हांग्जो में एक शॉपिंग मॉल के सामने टेस्ट किए गए और इन्हें जनता के सामने पेश किया गया है। इनके पास स्पेशल चार्जिंग स्टेशन लगाए गए थे, जिससे इनकी बैटरी को 15 मिनट में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज की जा सकता है।

## इस स्कूटर की बैटरी सी-सॉल्ट से तैयार की जाएगी

### लिथियम के मुकाबले सस्ता और स्मार्ट विकल्प

आज के समय में जब दुनियाभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है, लिथियम की सीमित उपलब्धता और ऊंची लागत एक बड़ी चिंता बन चुकी है। इसके अलावा, लिथियम खनन से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इसके उलट, सोडियम एक सस्ता, व्यापक रूप से उपलब्ध और पर्यावरण-सुलभ विकल्प है, जिससे यह तकनीक अधिक टिकाऊ बन जाती है।

*सोडियम - लिथियम का ईकोसिस्टम :* लिथियम-आयन या लेड-एसिड बैटरी के बजाय, इलेक्ट्रिक स्कूटर की नई पीढ़ी समुद्री नमक से निकाले गए सोडियम-आयन बैटरी का उपयोग करती है। यह न केवल एक सस्ता समाधान है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता को कम करने में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। याडिया ने इस तकनीक पर आधारित 3 अलग-अलग मॉडल पेश किए हैं, जिनकी कीमत 400 से 660 डॉलर के बीच है।



*ये बैटरी होती है इस्तेमाल*

ये इलेक्ट्रिक स्कूटर्स लेड-एसिड या लिथियम-आयन सेल से नहीं चलते हैं जिनका आमतौर पर इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स में इस्तेमाल किया जाता है, इन्हें चलाने के लिए इनकी बैटरी सोडियम से बनी होती हैं, जो समुद्री नमक से निकाला जा सकने वाला एक प्रचुर तत्व है।

**कार्यालय सब रजिस्ट्रारी पटौदी**

विषयः- संपत्ति आई डी नंबर 6R4PL033 के तसदीक कराने बारे में।
आप सभी को सूचित किया जाता है कि एक प्रोपर्टी आई डी नम्बर 6R4PL033 वाका हेलीमण्डी तहसील पटौदी, जिला गुरुग्राम, हरियाणा बारकबा 288.890 वर्गगज राजेन्द्र रूस्तोगी (आधार नम्बर 3101 9315 2157) पुत्र दीनदयाल रूस्तोगी निवासी हेलीमण्डी, तहसील पटौदी, जिला गुरुग्राम, हरियाणा का मौके पर कब्जा है। जोंकि कमेटी की प्रोपर्टी आई डी नम्बर 6R4PL033 इनके नाम दर्ज है। कब्जा बाबत पार्षद व नम्बदार की रिपोट साथ लफ है। अतः उपरोक्तर कबा बाबत किसी को भी किसी प्रकार का कोई उजर एतराज ना है। वह प्रकाशन होने के 10 के अन्दर अन्दर तहसील कार्यालय पटौदी जिला गुरुग्राम, में आकर अपना एतराज पेश कर कर सकते हैं।

संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पटौदी

## खबर संक्षेप

### यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने ब्याज दर में 0.25% कटौती की




**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी) ने कारोबारों एवं उपभोक्ताओं को समर्थन देने के लिए आठवीं बार अपनी नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। केंद्रीय बैंक की दर-निर्धारण परिषद ने रेपो दर में एक चौथाई अंक की कटौती करने का फैसला किया। मानक ब्याज दर घटकर दो प्रतिशत रह गई है।

### गेल ने दाभोल एलएनजी टर्मिनल का किया संचालन

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी गैस कंपनी गेल ने महाराष्ट्र के दाभोल में अपने 50 लाख टन सालाना तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयात टर्मिनल का संचालन पूरी क्षमता से शुरू कर दिया है। कंपनी को रत्नागिरी टर्मिनल (दाभोल एलएनजी संयंत्र) को हर साल 25 मई से चार महीने के लिए बंद करना पड़ता था। समुद्र में ऊंची लहरों से जहाजों को नुकसान न पहुंचे।

### ओपनएआई ने भारत में खोली एआई अकादमी




**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा टूल चैटजीपीटी का विकास करने वाली कंपनी ओपनएआई ने भारत में एआई के भविष्य पर एक बड़ा दांव लगाते हुए कहा कि भारत के पास एआई प्रतिभा की अगुवाई करने का तगड़ा मौका है। ओपनएआई अकादमी इंडिया का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही। क्वॉन ने कहा कि चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता देश भारत जुड़ाव के मामले में कंपनी के लिए सबसे अहम बाजारों में से एक है।

# बूस्टर डोज साबित होगा आरबीआई का कदम कर्ज की मांग बढ़ेगी, आर्थिक वृद्धि को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंकों और वित्तीय संस्थानों के शीर्ष अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को एक प्रतिशत घटाने के फैसले से खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई समेत विभिन्न क्षेत्रों में कर्ज मांग में तेजी आने के साथ पूंजीगत व्यय बढ़ेगा और कुल मिलाकर आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी।

महंगाई दर में नरमी के बीच आरबीआई ने शुक्रवार को आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को उम्मीद से अधिक 0.5 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की।

### समय पर नीतिगत बदलाव

सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, " आरबीआई द्वारा रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और सीआरआर को चार चरणों में एक प्रतिशत कम करने का निर्णय एक मजबूत तथा समय पर नीतिगत बदलाव को दर्शाता है जो मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि को संतुलित करने के अनुरूप है।'




### कृषि क्षेत्र के लिए शुभ संकेत

विनोद कुमार ने कहा, " ऋण वृद्धि पर आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आरबीआई बहुत सक्रिय कदम उठा रहा है। कम ब्याज दरें, विशेष रूप से किफायती आवास के लिए खुदरा मांग को बढ़ावा देंगी। अच्छे मानसून के साथ कम ब्याज दरें कृषि क्षेत्र के लिए शुभ संकेत हैं।"

### बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ की नगदी बढ़ेगी

श्रीवास्तव ने कहा, " सीआरआर में कटौती के निर्णय से बैंकिंग प्रणाली में नकदी में 2.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि से ऋण के मोर्चे पर स्थिति अच्छी होने की उम्मीद है...हमारा मानना है कि इन फैसलों से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कर्ज विस्तार जरूरी गति मिलने की उम्मीद है, जो समावेशी आर्थिक वृद्धि को तेज करेगा।"

*आर्थिक गति को मजबूद दिशा मिलेगी* एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ त्रिभुवन अधिकारी ने कहा, " रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती आरबीआई द्वारा उठाया गया एक साहसिक कदम है। फरवरी 2025 से नीतिगत दर में एक प्रतिशत की कटौती आर्थिक गति को तेज करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। जबकि मुद्रास्फीति को प्रबंधनीय स्तरों के भीतर रखा गया है।"

*समग्र मांग को बढ़ावा मिलेगा* निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहा, "रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और सीआरआर को एक प्रतिशत तक घटाने की घोषणा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के मद्देनजर समग्र मांग को बढ़ावा देने के केंद्रीय बैंक के प्रयासों को दर्शाता है।"

### बैंकिंग प्रणाली में अधिक नकदी आएगी

मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) जॉन मुथूट ने रेपो दर में कटौती पर कहा, " आरबीआई की मौद्रिक नीति की घोषणा समावेशी वृद्धि को समर्थन देने की दिशा में समय पर उठाया गया और विवेकपूर्ण कदम है। रेपो दर में कटौती और सीआरआर में कमी की घोषणा से न केवल कोष की लागत कम होगी बल्कि बैंक प्रणाली में अधिक नकदी भी आएगी।"

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19254433 | रोलर बेअरिंग फॉर ट्रैक्शन मोटर | 298 नग | 30.06.2025 |
| 02 | 09255005 | सेट ऑफ अपग्रेडेड हाई टेंसिल | 960 सेट | 30.06.2025 |
| 03 | 19252960 | 1–1/4 इंच होस कपलिंग | 5479 नग | 07.07.2025 |
| 04 | 19251406 | कांटेक्ट आर्म विथ स्टेपिंग | 18 नग | 07.07.2025 |
| 05 | 77259020 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर स्प्रिंग सेटिंग डिवाइस | 800 सेट | 07.07.2025 |
| 06 | 02250069 | बैटरी चार्जिंग यूनिट कम प्री–कूलिंग | 36 नग | 07.07.2025 |
| 07 | 02251692 | एल इ डी लाइट फिटिंग फॉर पैसेंजर अलार्म कोच | 7420 नग | 14.07.2025 |
| 08 | 19254024 | 1–1/4 इंच होस कपलिंग | 5239 नग | 14.07.2025 |
| 09 | 77259022 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर सी एम एस क्रासिंग | 100 सेट | 21.07.2025 |
| 10 | 19250699 | एन आई–सीडी बैटरी सेट फॉर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव | 24 सेट | 28.07.2025 |
| 11 | 19250807 | एन्ड फ्रेम नॉन ड्राइविंग | 61 नग | 08.09.2025 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 21/2025-2026 दिनांक : 06.06.2025 1680/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

संख्याः 256-Sig-SPL-TKJ-IPMPLS-2025 दिनांक : 05.06.2025

मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/परियोजना/पश्चिम, बड़ौदा हाउस, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए समान कार्य में पर्याप्त अनुभव रखने वाले और न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अनुभवी और स्थापित ठेकेदारों से दो पैकेट प्रणाली में ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। विख्यात कार्य के अंतर्गत :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे पर एकीकृत संचार बैकबोन और वीओआइपी आधारित नियंत्रण संचार के लिए आईपी–एमपीएलएस नेटवर्क का प्रावधान। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 140,78,69,621.09/– (एक सौ चालीस करोड़ अठत्तर लाख उनहत्तर हजार छे सौ इक्कीस रुपये और नौ पैसे) |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 71,89,400.00/– |
| 4 | कार्य की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 12 महीने। |
| 5 | बोली–पूर्व सम्मेलन | 25.06.2025 को 11:30 बजे https://railnet70.webex.com/railnet70/j.php?MTID=m508bd07e03c3ac4a533832ae658b61d8 मीटिंग संख्या : 25175590306 पासवर्ड : 112233 |
| 6 | वेबसाइट का पता | भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 7 | निविदा बंद होने की तिथि | 11:00 बजे पूर्वाह्न दिनांक 22.07.2025 |
| 8 | निविदा खुलने की तिथि | 11:30 बजे पूर्वाह्न दिनांक 22.07.2025 |
| 9 | ऑफर की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |

धरोहर राशि जमा न करने पर बिना सूचना निविदा रद्द कर दी जाएगी।

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। बोलियां केवल ऑनलाइन जमा की जानी हैं। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल बोलियों /प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदा कारों को भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम, आई.आर.ई.पी.एस (साइट यानी www.ireps.gov.in) पर पंजीकृत होना चाहिए। आवश्यक परिवर्तन, शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि आवश्यक हो, केवल इस वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे।

1672/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### मुथूट एक्ज़िम ने दिल्ली के शकरपुर में भारत का 50वां 'गोल्ड पॉइंट सेंटर' खोला



**नई दिल्ली।** मुथूट एक्ज़िम ने दिल्ली के शकरपुर में अपना 50वां 'गोल्ड पॉइंट सेंटर' खोलकर भारत में रीसाइक्लिंग गोल्ड सेगमेंट में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने 2015 में कोयंबटूर में अपना पहला केंद्र खोला था और इस वित्तीय वर्ष में पूरे भारत में अपनी उपस्थिति का और विस्तार करने की योजना बना रही है। साल पुराने व्यापारिक समूह मुथूट पाप्पचन ग्रुप (जिसे मुथूट ब्लू के नाम से भी जाना जाता है) की बहुमूल्य धातु शाखा, मुथूट एक्ज़िम (पी) लिमिटेड, ने हाल ही में दिल्ली के महत्वपूर्ण इलाके शकरपुर में अपना 7वां गोल्ड पॉइंट सेंटर खोला है. इस नई शाखा के उद्घाटन के साथ, कंपनी के गोल्ड पॉइंट सेंटरों की कुल संख्या पूरे भारत में 50 हो गई है. नई शाखा — ग्राउंड फ्लोर, डीए-4बी, मेन विकास मार्ग, शकरपुर, मेट्रो पिलर नंबर 53 के सामने, दिल्ली - 110092 में स्थित है। मुथूट एक्ज़िम ने शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, अपनी नैतिक और पारदर्शी स्वर्ण विनिमय सेवाओं को और बेहतर तथा सर्वसुलभ बनाने का अपना कमिटमेंट जारी रखते हुए कंपनी ने दिल्ली के शकरपुर में अपना नवीनतम 'गोल्ड पॉइंट' केंद्र शुरू किया है।

इस अवसर पर, मुथूट एक्ज़िम के सीईओ, केयूर शाह ने कहा, दिल्ली में हमारा यह सातवां 'गोल्ड पॉइंट' खोलना एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। यह भारत के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करेगा। शकरपुर एक बेहद अहम जगह है, और हमें पूरा यकीन है कि यह नया केंद्र यहां के समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा।

### रेपो दर में कटौती से सेंसेक्स 747 अंक उछला, निफ्टी फिर 25,000 के पार



**मुंबई।** नीतिगत ब्याज दर में आधा प्रतिशत की कटौती और बैंकों को कर्ज देने के लिए अतिरिक्त राशि का इंतजाम करने के रिजर्व बैंक के फैसले से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 747 अंक उछल गया जबकि निफ्टी एक बार फिर 25,000 का स्तर पार कर गया। आरबीआई ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा की गई। विश्लेषकों ने कहा कि आरबीआई के इन कदमों से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद में शेयर बाजार उछल गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 857.85 अंक बढ़कर 82,299.89 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी एक बार फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ। मौद्रिक नीति समिति की बैठक का नतीजा आने के पहले थोड़ा सतर्क रुख था लेकिन रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और सीआरआर को एक प्रतिशत तक कम करने की अप्रत्याशित घोषणा से धारणा एकदम ही बदल गई।"

**NOTICE**

**IN THE COURT OF HON'BLE A.H. Sayyed, MEMBER, MACT-4, 4th Floor, Room No. 409, (New, G+9, building) DISTRICT COURT, AKASHWANI CHOWK, NAGPUR.**

**MNRJE No. 13/19**
**Process No. 1866 F.F. 10/07/2025**

**Petitioner : SBI**
***-versus-***
**Respondent : Sharad**
To,
**Azad Khan, R/o At Sarau Tagh, Hodal, Dist. Palwal Haryana.**

Whereas the above named applicant in above petition have filed their application for correction in judgment not attached herewith.

You are hereby noticed to appear in this Court of **Hon'ble A.H. Sayyed, Member M.A.C.T.- 4, Nagpur,** in person or by a pleader duly instructed on Dated **10/07/2025**, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted Application failing wherein the said Application will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this **12th** day of **March, 2025.**

Seal — Registrar (Judl.) M.A.C.T. Nagpur

Prasanna Publicity 9326927622

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर घटकर 691.49 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार के नवीन तम आंकड़े जारी किए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | न्यू चिन्योट कॉलोनी, रोहतक में वैद्युत अवसंरचना की आपूर्ति व स्थापना + 2 कार्य। | 05.06.2025 13.06.2025 | 57.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35433/I/88/7 दि. 06.06.25

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

### यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री तीन फीसदी घटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण कई राज्यों में ग्राहकों के खरीदारी में देरी करने तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी। वाहन डीलर संघों के महासंघ की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया, छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अल्का पत्नीः** मनीष **पताः** बी–101, जीएफ, एसएफ, पॉकेट 4, जेजे कॉलोनी, बिंदापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली, ने **Ct. Cases/341/2023, U/s 135 Indian Electricity Act थानाः डाबरी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अल्का,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अल्का,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **Ct. Cases/341/2023, U/s 135 Indian Electricity Act** थानाः डाबरी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अल्का,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
एडीएसजे, कमरा नं.–609
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/7257/DW/2025
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप ए औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 05.06.2025 26.06.2025 | 53.25 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप सी के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को मेडिकल ड्रग कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 05.06.2025 26.06.2025 | 9.90 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 05.06.2025 26.06.2025 | 96.33 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड | ग्रुप सी के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को मेडिकल नॉन ड्रग कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 05.06.2025 26.06.2025 | 11.22 करोड़ | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmsctenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/35423/I/88/7 दि. 06.06.25

## शब्द पहेली - 5890



**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5889 का हल**





*मुख्य मुख्य अतिथि मेयर बाल्मिकी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला*

*युवा खिलाड़ी विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करते हुए रिंग में दमखम दिखा रहे*

# हरियाणा राज्य जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा आयोजित चौथी जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी साई एनबीए बॉक्सिंग अकादमी में जोर-शोर से जारी है। जिसमें मुख्य अतिथि मेयर रामअवतार बाल्मिकी रहे। बुधवार से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को तीसरे दिन भी खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से करीब 500 होनहार मुक्केबाज़ भाग ले रहे हैं। ये युवा खिलाड़ी विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करते हुए रिंग में अपना दमखम दिखा रहे हैं। आयोजन स्थल पर दर्शकों और खेल प्रेमियों की भी अच्छी खासी भीड़ जुट रही है, जिससे माहौल और भी उत्साहजनक बन गया है।



बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों को खेलों के प्रति आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। इन्हें हमें अपनाना चाहिए। खेलों से हमारा स्वास्थ्य ही बेहतर नहीं रहता, बल्कि शारीरिक व मानसिक बल भी मिलता है। जहां तक खेलों का सवाल है, हरियाणा का नाम सबसे पहले लिया जाने लगा है।



## प्रतियोगिता में प्रदेश से करीब 500 होनहार मुक्केबाज भाग ले रहे हैं

### लड़कियों के परिणाम

| नाम | जिला |
|---|---|
| **46 किलोग्राम** | |
| भूमि | रोहतक |
| राखी | भिवानी |
| **48 किलोग्राम** | |
| जिया | पानीपत |
| जिया | हिसार |
| **50 किलोग्राम** | |
| महक | कुरूक्षेत्र |
| काफी | भिवानी |
| **52 किलोग्राम** | |
| सिमरन | जींद |
| कुदरत | भिवानी |
| **54 किलोग्राम** | |
| दीक्षा | चंडीगढ़ |
| जन्नत | कैथल |
| **57 किलोग्राम** | |
| साक्षी | हिसार |
| यशिका | सोनीपत |
| **60 किलोग्राम** | |
| चाहत | फरीदाबाद |
| समायरा | सिरसा |
| **63 किलोग्राम** | |
| हिमांशी | भिवानी |
| दीया | साईबी |
| **66 किलोग्राम** | |
| प्रिया | साईबी |
| यशिका | रोहतक |
| **70 किलोग्राम** | |
| प्रिया | कैथल |
| हिमांशी | गुरूग्राम |
| **75 किलोग्राम** | |
| ज्योति | रेवाड़ी |
| संध्या | रोहतक |
| **80 किलोग्राम** | |
| यशिका | अंबाला |
| कनक | झज्जर |
| **80 से ज्यादा-किलोग्राम में** | |
| अशिंका | चंडीगढ़ |
| भूमिका | गुरूग्राम |

### लड़कों के परिणाम

| नाम | जिला |
|---|---|
| **46 किलोग्राम** | |
| उदय सिंह | चरखी दादरी |
| नितिन | झज्जर |
| **48 किलोग्राम** | |
| फलक | सोनीपत |
| विराज | गुरूग्राम |
| **50 किलोग्राम** | |
| अंशु | पानीपत |
| तेजस खोखर | सोनीपत |
| **52 किलोग्राम** | |
| हर्षित | हिसार |
| आदित्य | साईबी |
| **54 किलोग्राम** | |
| आशु | सोनीपत |
| आशीष | रोहतक |
| **57 किलोग्राम** | |
| रितेश कुमार | फतेहाबाद |
| सुधांशु | पानीपत |
| **60 किलोग्राम** | |
| सावन | भिवानी |
| गौरव | रोहतक |
| **63 किलोग्राम** | |
| विशाल | झज्जर |
| आर्यन | साईबी |
| **66 किलोग्राम** | |
| कुनाल | सोनीपत |
| नैतिक | गुरूग्राम |
| **70 किलोग्राम** | |
| ओमप्रकाश | रेवाड़ी |
| नमन | रोहतक |
| **75 किलोग्राम** | |
| कुनाल | गुरूग्राम |
| कार्तिक | सोनीपत |
| **80 किलोग्राम** | |
| देवांश | हिसार |
| प्रनित | पानीपत |
| **80 से ज्यादा-किलोग्राम में** | |
| आयुष | सोनीपत |
| चिरागदीप | कैथल |

## खबर संक्षेप

### टेस्ट संन्यास का फैसला बदल सकते हैं कोहली

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा, 'मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5-0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें।'

### मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था।

### वॉलीबॉल महासंघ का चुनाव आज

**नई दिल्ली।** भारतीय वॉलीबॉल महासंघ दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने बहुप्रतीक्षित चुनाव कराने जा रहा है। यह तदर्थ समिति की देख रेख में जारी शासन के बाद निर्वाचित शासी निकाय को बहाल करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। वीएफआई से संबद्ध 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 66 प्रतिनिधि नयी शासी निकाय का चुनाव करने के लिए मतदान करेंगे। कार्यकारी समिति की पांच पदों सहित 12 प्रमुख पदों के लिए 29 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।



### सात्विक-चिराग इंडोनेशिया ओपन से हारकर बाहर

**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई।

**फुटबॉल : फाइनल में पुर्तगाल से होगा मुकाबला**

# स्पेन ने नेशंस लीग के फाइनल में बनाई जगह फ्रांस को रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराया



एजेंसी ▶▶| स्टटगार्ट

युवा खिलाड़ी लेमिन यमाल के दो गोल की मदद से स्पेन ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में फ्रांस को 5-4 से हरा दिया। सत्रह वर्षीय यमाल ने गुरुवार को फ्रांस के डिजायर डू और ओसमान डेम्बेले जैसे युवा खिलाड़ियों के सामने खुद को बेहतर साबित किया, जिससे स्पेन ने डिडिएर डेसचैम्प्स की टीम के खिलाफ शुरू में दबदबा बनाते हुए रविवार को पुर्तगाल के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बना ली। पुर्तगाल ने बुधवार को मेजबान देश जर्मनी को 2-1 से हराया था। यह नेशंस लीग के इतिहास में सर्वाधिक स्कोर वाला मैच था। फ्रांस ने चार में से तीन गोल तब किए जब यमाल ने स्कोर 5-1 कर दिया था और स्पेन के खिलाड़ी अपनी जीत को पक्की मान चुके थे।

### चीन बाहर, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई




**सियोल।** चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया जबकि उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में अपनी जगह पक्की की। विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप मे अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।

### ऑस्ट्रेलिया ने जापान को 1-0 से हराया

*इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अज़ीज़ बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया की जापान के खिलाफ 16 वर्षों में यह पहली जीत थी।*

**तीरंदाजी**

# भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर, अब तक नहीं खुला खाता



एजेंसी ▶▶| अंताल्या

भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका।

शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है। चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया। मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए। यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज़ से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा।

### न्यूजीलैंड ने वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैमी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे।

**एक दौर की बाजी बाकी**

# गुकेश जीते, कार्लसन के साथ नॉर्वे शतरंज खिताब के दावेदार




एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए और नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए।

अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारुआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा। दोनों ही खिताब और 69,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहेंगे।

अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के 13 अंक हैं और उनके पास भी खिताब जीतने का मौका है। नाकामुरा ने एरिगैसी को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराया। भारतीय खिलाड़ी के 11.5 अंक हैं।

### महिला वर्ग में हम्पी भी दावेदार



महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी काले मोहरों से खेलते हुए चीन की लेई टिंगजी से हार गई। हम्पी अब 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने चीन की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (12.5) को हराकर भारतीय खिलाड़ी पर दो अंकों की बढ़त ले ली है। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली (9.5) स्पेन की सारा खादेम (09) से हार गईं।

# फ्रेंच ओपनः गॉफ और सबालेंका के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**पेरिस।** अमेरिका की कोको गॉफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा। तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गॉफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गॉफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।



# वाणी आखिरी नौ होल में चार बर्डी के दम पर बनीं चैंपियन

**बेंगलुरु।** वाणी कपूर ने खराब शुरुआत से उबरते हुए आखिरी नौ होल में चार बर्डी लगाकर हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण में शानदार जीत दर्ज की। यह मौजूदा सत्र में वाणी का चौथा खिताब है। वाणी तीसरे दौर में आठ होल के बाद दो ओवर के स्कोर के साथ पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने नौवें होल में बर्डी लगाने के बाद 12वें से 15वें होल में लगातार चार बर्डी के दम पर शानदार वापसी कर तीन अंडर 67 का कार्ड खेला। वाणी ने कुल पांच अंडर 205 (67-71-67) का स्कोर कर तीन शॉट से जीत दर्ज की। एमेच्योर जारा आनंद (67) ने पेशेवर सर्किट पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने दो अंडर 208 का स्कोर किया। नेहा त्रिपाठी एक अंडर 209 (76-68-65) के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।




**36 साल के खिलाड़ी भारत की दो विश्व कप विजेता टीमों का रहे हिस्सा**

# स्पिनर चावला ने की क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की दो विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रहे अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने दो दशक से अधिक लंबे करियर के बाद शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। इस 36 साल के खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए संन्यास की घोषणा करने के साथ 'नए सफर' की शुरुआत का जिक्र किया लेकिन उसके बारे में कोई विवरण नहीं दिया।

चावला ने लिखा, 'मैदान पर दो दशक से ज्यादा समय बिताने के बाद अब इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं भले ही क्रीज से दूर जा रहा हूं लेकिन मेरे अंदर क्रिकेट हमेशा जिंदा रहेगा। अब मैं इस खूबसूरत खेल की भावना और सबक के साथ एक नए सफर पर निकलने के लिए उत्सुक हूं।'







### दो वर्ल्ड कप जीतना वरदान से कम नहीं

चावला 2007 और 2011 में क्रमशः भारत की टी20 और वनडे विश्व कप विजेता टीमों के सदस्य थे। उन्होंने तीन टेस्ट, 25 वनडे और सात टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और खेल के तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में 43 विकेट लिए। चावला ने कहा, 'शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक का सफर मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी।'

### कोच, टीमों और आईपीएल फ्रेंचाइजी दिया धन्यवाद

चावला ने अपने सभी कोच, टीमों और आईपीएल फ्रेंचाइजी को अपने करियर को संवारने में भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आईपीएल में अपने समय को 'करियर का विशेष अध्याय' करार दिया। आईपीएल में कई फ्रेंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले चावला ने लिखा, 'आईपीएल की जिन फ्रेंचाइजियों (पंजाब, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई) ने मुझ पर भरोसा जताया उनका तहे दिल से शुक्रिया। इंडियन प्रीमियर लीग मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल का आनंद लिया है। मैं अपने कोच केके गौतम और स्वर्गीय पंकज सारस्वत का बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में विकसित करने में अहम योगदान दिया है।'




शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए भारत-मध्य एशिया संवाद में उठा यह मुद्दा

# पहलगाम आतंकवादी हमले की मध्य एशिया के देशों ने की कड़ी निंदा

संवाद के समापन के बाद पांचों मध्य-एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों ने पीएम मोदी से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मामले पर भारत को दुनियाभर से मिलता जा रहा समर्थन लगातार बढ़ रहा है। अब इस सूची में उसकी 'विस्तारित पड़ोस' में शामिल ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान जैसे मध्य-एशिया के पांच देश भी शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली में इन सभी देशों के साथ भारत-मध्य एशिया संवाद के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने संवाद की अध्यक्षता की और अपने उद्घाटन संबोधन में मध्य-एशिया के देशों द्वारा आतंकवाद को लेकर दिए गए समर्थन को लेकर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत पूरे क्षेत्र में आतंकवाद और कट्टरपंथ विरोधी साझेदारी को बढ़ाने में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। हम




आतंकवाद को किसी भी सूरत में कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह जानकारी संवाद के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी संयुक्त बयान के जरिए सामने आई। जिसमें सभी भागीदारों ने अपने सहयोग को व्यापक रूप से आगे बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। आयोजन के समापन के बाद पांचों मध्य-एशियाई देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की।

**क्षेत्रीय सुरक्षा, विकास साझेदारी पर मंथन:** वहीं, विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि संवाद में कजाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मूरत नर्टलेउ, ताजिकिस्तान के विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन, तुर्कमेनिस्तान के मंत्रियों के कैबिनेट उपाध्यक्ष और विदेश मंत्री राशिद मेरेदोव, किर्गिस्तान के विदेश मंत्री झीनबेक कुलुबाएव और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियार सैदोव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उनके आकलन और विचारों के लिए धन्यवाद देता हूं। क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, कनेक्टिविटी, विकास साझेदारी, प्रौद्योगिकी सहयोग और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे विषयों पर बेहद उपयोगी और विस्तृत चर्चा हुई। जयशंकर ने विश्वास जताते हुए कहा कि आज की हमारी चर्चाओं से भारत-मध्य एशिया साझेदारी गहराई के साथ और अधिक मजबूत होगी।

**भारत एक विश्वसनीय भागीदार:** जयशंकर ने कहा, भारत मध्य-एशिया के देशों के लिए एक विश्वसनीय विकास भागीदार है। जिसमें हमारे बीच आईटेक प्रशिक्षण और आईसीसीआर छात्रवृत्तियां प्रमुखता से शामिल हैं। हमने सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए उच्च-प्रभाव वाली सामुदायिक परियोजनाओं की भी शुरुआत की है। जिसके जरिए स्कूलों को कंप्यूटर और अस्पतालों को चिकित्सा उपकरणों से लैस किया जा रहा है। दोनों पक्ष सभी क्षेत्रों में इस साझा लाभदायक सहयोग को आगे बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। व्यापार, निवेश, रक्षा, एग्रो-प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, फार्मास्युटिकल्स, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, सुरक्षा, शिक्षा, संस्कृति और लोगों का लोगों से संबंध जैसे क्षेत्र मुख्य हैं। बीते गुरुवार को भारत-मध्य एशिया व्यापार परिषद में बाधाओं को दूर कर सहयोग बढ़ाने के लिए डिजिटल तकनीक, फिनटेक, इंटर-बैंक संबंधों को लेकर बहुत अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने उम्मीद के साथ कहा कि इस वार्ता से हमारे देशों के लोगों को लाभ मिलेगा।

**सहयोग को संस्थागत तंत्र से जोड़ेंगे:** 2022 में भारत-मध्य एशिया के देशों के बीच समकालीन कूटनीतिक संबंधों को तीन दशक पूरे हो चुके हैं। इसमें शीर्ष नेताओं का पहला शिखर-सम्मेलन हुआ था। अब हम कानूनी और संस्थागत तंत्र के जरिए साझा लाभप्रद सहयोग को आगे बढ़ाने की कवायद में जुटे हुए हैं। जिसमें व्यक्तिगत और सामूहिक भागीदारी शामिल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पांचों देशों में 2015 में की गई प्रधानमंत्री मोदी की लगातार यात्राओं के चलते संबंधों में कई गुना इजाफा देखने को मिला है। बीते दशक में व्यापार, आर्थिक निवेश संबंध मजबूत हुए हैं। हम कई सीधी उड़ान सेवाओं के जरिए जुड़ गए हैं। दोतरफा पर्यटन और व्यापारिक आदान-प्रदान बढ़ा है। बड़ी तादाद में भारतीय छात्र पांचों देशों में पढ़ाई कर रहे हैं। दोनों पक्ष सदियों पुरानी संस्कृति और लोगों के बीच आदान-प्रदान द्वारा समर्थित संबंधों का आनंद ले रहे हैं।

**आईएनएसटीसी, चाबहार पर हुई चर्चा:** संयुक्त बयान के मुताबिक, कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सभी देशों ने वैश्विक नार्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) के आदर्श इस्तेमाल पर जोर दिया व कहा, ऐसी परियोजनाएं सभी देशों की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान, पारदर्शी, स्थानीय प्राथमिकताओं और वित्तीय स्थायित्व को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए। साथ ही सभी ने कजाकिस्तान द्वारा परियोजना का पूर्वी भाग विकसित करने को लेकर लिए गए कदम पर प्रसन्नता जताई। भारत ने तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान को आईएनएसटीसी में सदस्यता के लिए सहयोग का वादा किया। चाबहार बंदरगाह में भारत-मध्य एशिया संयुक्त कार्य समूह की 2023 में मुंबई में हुई पहली बैठक का स्वागत किया। भारत ने पांचों देशों को उनके साथ व क्षेत्र से बाहर व्यापार के लिए इस मार्ग के इस्तेमाल को दिखाई गई रुचि का स्वागत किया। एक शांत, स्थिर अफगानिस्तान को लेकर सभी ने प्रतिबद्धता जताई। जो आतंकवाद, युद्ध और मादक पदार्थों से मुक्त हो। अफगानिस्तान के मुद्दों पर निकट संवाद रखने के लिए सभी सहमत हुए। 2027 में बिश्केक+25 में भागीदारी रहेगी।

कटड़ा में प्रधानमंत्री मोदी की गर्जना

# पाकिस्तान अब कभी भी 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर को 46 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने चिनाब ब्रिज, अंजी पुल का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के अपने दौरे के दौरान कटरा में एक जनसभा को संबोधित किया।*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के कटड़ा में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि अब पाकिस्तान कभी भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पहली बार जम्मू-कश्मीर पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने चिनाब ब्रिज, अंजनी पुल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई।



## *जम्मू-कश्मीर का नौजवान अब आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देगा*

*उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का नौजवान अब आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने का मन बना चुका है। ये वो आतंकवाद है, जिसने घाटी में स्कूल जलाए, अस्पताल तबाह किए, जिसने कई पीढ़ियों को बर्बाद किया। जनता अपनी पसंद से नुमाइंदे चुन सके, यहां चुनाव हो सके। ये आतंकवाद के चलते बड़ी चुनौती बन गया था। आतंकवाद के चलते जम्मू-कश्मीर की जनता ने इतनी बर्बादी देखी थी कि यहां के लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था। आतंकवाद को ही अपना भाग्य मान लिया था। जम्मू-कश्मीर को इस स्थिति से निकालना जरूरी था और हमने ये करके दिखाया है।*

### पहलगाम में इंसानियत व कश्मीरियत पर वार किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत दोनों पर वार किया। उसका इरादा भारत में दंगे कराने का था, कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई रोकने का था, इसलिए पाकिस्तान ने टूरिस्ट पर हमला किया। टूरिज्म जो लगातार 4-5 साल से बढ़ रहा था। हर साल यहां रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट आ रहे थे। जिस टूरिज्म से जम्मू-कश्मीर के गरीबों के घर चलते हैं, उसको पाकिस्तान ने निशाना बनाया।

### ये देखकर पाक पूरी तरह से बौखला गया

ये देखकर पाकिस्तान पूरी तरह से बौखला गया है और उसने अपना गुस्सा जम्मू के पुंछ और दूसरे जिलों के लोगों पर भी निकाला। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिस्तान ने यहां घर उजाड़े, बच्चों पर गोले फेंके। स्कूल, अस्पताल तबाह किए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे पर गोलाबारी की। जिस तरह से आपने पाकिस्तान के हमलों का मुकाबला किया, वो हर देशवासी ने देखा है।

### जम्मू-कश्मीर विकास को रुकने नहीं दूंगा

पीएम मोदी ने कहा कि 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा भी शुरू होने वाली है, ईद की उमंग भी हम चारों तरफ देख रहे हैं। विकास का जो वातावरण जम्मू-कश्मीर में बना था, वो पहलगाम के हमले से हिलने वाला नहीं है। जम्मू-कश्मीर के लोगों से मेरा ये वादा है कि विकास को रुकने नहीं दूंगा; यहां के युवाओं के सपने पूरा करने से कोई भी बाधा अगर रुकावट बनती है तो उस बाधा को पहले मोदी का सामना करना पड़ेगा।

### आतंक की इमारतें मिनटों में खंडहर बन गईं

संयोग से ठीक एक महीने पहले, 6 मई की ही रात पाकिस्तान के आतंकियों पर कयामत बरसी थी। अब पाकिस्तान कभी भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा तो उसे अपनी शर्मनाक शिकस्त याद आएगी। पाकिस्तानी फौज और आतंकियों ने कभी नहीं सोचा था कि भारत, पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों पर इस तरह वार करेगा। आतंक की जो इमारतें बनाई थीं, वो कुछ ही मिनटों में खंडहर बन गईं।

### पीएम के स्वागत के लिए कटड़ा में बच्चों में दिखा उत्साह



धर्मनगरी कटड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए राजनीतिक प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी विशेष रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जिन्हें सरकारी बसों से लाया गया था। शहर के प्रमुख स्कूलों से चुने गए बच्चे पारंपरिक परिधानों में मोदी जी आपका स्वागत है जैसे नारों के साथ प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत करने के लिए तैयार दिखे।

नवनिर्वाचित कनाडाई पीएम कार्नी ने पीएम मोदी से फोन पर की बातचीत

# जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे पीएम मोदी, कनाडा के पीएम ने दिया न्योता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी चरमपंथियों के मुद्दे पर भारत और कनाडा के संबंधों में जमी हुई बर्फ पिघलने के आसार बनते हुए नजर आ रहे हैं। जिसका सबसे बड़ा संकेत शुक्रवार को मिला,



जब कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर जी-7 शिखर सम्मेलन (15 से 17 जून तक) में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। यह जानकारी पीएम मोदी ने अपनी एक एक्स पोस्ट में दी। उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर प्रसन्नता जताई और हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में उनकी जीत को लेकर बधाई दी। साथ ही इसी जून महीने में कनाडा के कनानसकीस में आयोजित किए जाने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए पीएम मार्क कार्नी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में ये भी कहा कि शिखर सम्मेलन में हमारी मुलाकात का बेसब्री से इंतजार रहेगा। दोनों देश गहरे संबंधों से बंधे हुए जीवंत लोकतंत्रों के रूप में आपसी सम्मान और साझा हितों के मार्गदर्शन में नए जोश के साथ मिलकर काम करेंगे।

**ट्रूडो के झूठे आरोपों से बिगड़े संबंध:** भारत-कनाडा संबंधों में लिबरल पार्टी के मौजूदा प्रमुख मार्क कार्नी के पूर्व में कनाडा के प्रधानमंत्री रहे जस्टिन ट्रूडो के शासनकाल में काफी गिरावट देखने को मिली थी। जिसमें कई अन्य मामलों के साथ उनके देश में खालिस्तानी चरमपंथियों की गतिविधियों की अहम भूमिका रही। ट्रूडो ने खालिस्तानी कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत की भागीदारी का आरोप लगाया था। इसके बाद दोनों देशों के कूटनीतिक संबंध काफी खराब हुए और तनाव चरम पर पहुंच था। कनाडा इस मामले में सबूत पेश करने में विफल रहा था और भारत की तरफ से भी उसके द्वारा लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया गया था।

**भारत की 2019 से जी-7 में भागीदारी:** जी-7 समूह दुनिया के सात विकसित और समृद्ध देशों का समूह है। भारत को इस प्रतिष्ठित समूह में वर्ष 2019 से आमंत्रित किया जा रहा है। इस वर्ष सम्मेलन से इतर भारत और कनाडा के राष्ट्राध्यक्षों के बीच द्विपक्षीय बैठक हो सकती है। जो कनाडा में गठित की गई नई सरकार के बाद संबंधों में सुधार की नई उम्मीद के रूप में सामने है। मार्क कार्नी ने इस वर्ष मार्च महीने में कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला है। जी-7 समूह में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा शामिल हैं।




डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की तकरार

# एपस्टीन फाइल जिसका जिक्र कर मस्क ने उठाई महाभियोग की मांग



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच आरोप-प्रत्यारोप की नौबत यहां तक पहुंच गई कि मस्क ने ट्रंप के महाभियोग तक की मांग कर दी। एलन मस्क राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान न केवल ट्रंप का समर्थन का रहे थे बल्कि उनके जीतने के बाद नाचने तक लगे थे आज वहीं ट्रंप पर हमलावर हैं मस्क सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच नौबत यहाँ तक पहुंच गई कि एलन मस्क ने ट्रंप के महाभियोग तक की मांग कर दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मुताबिक जब से उनकी सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने के कानून में कटौती की बात की तब से मस्क को परेशानी होने लगी। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने एलन मस्क की काफी मदद की लेकिन अब वो मस्क से बहुत निराश है।

**जिगरी दोस्त थे बाद में दुश्मन बने:** ट्रंप ने 2002 में एक साक्षात्कार में एपस्टीन को शानदार व्यक्ति भी कहा था। ट्रंप और एस्टीन से दोस्ती की बात खुद ट्रंप ने साल 2002 में कुबूल की थी। एक इंटरव्यू में कहा था कि जेफरी को वह 15 सालों से जानते हैं। वह बहुत ही शानदार इंसान है।

## *मस्क ने सुनाई खरी-खोटी*

*मस्क ने ट्रंप के पुराने पोस्ट और ट्वीट्स खंगालने शुरू किए और उन्हें जमकर खूब खरीखोटी सुनाई। मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को अहसान फरामोश तक कह डाला मस्क ने यहाँ तक कह डाला कि मेरी ही वजह से ट्रंप चुनाव जीते अगर मैं नहीं होता तो ट्रंप की हार निश्चित थी।*

भारतीय शिष्टमंडल की मुहिम जारी



# पाकिस्तान के बारे में कहीं भी अच्छा नहीं सुना: थरूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे हैं। अलग-अलग दलों में शामिल 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह 'टीम इंडिया' की तरह पाकिस्तानी दुष्प्रचार को धराशायी करने में जुटे हैं। इन शिष्टमंडलों में शामिल सभी लोग दहशतगर्दों के पनाहगाह पाकिस्तान और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को अलग-अलग मंचों पर बेनकाब किया। शिष्टमंडलों ने अल्जीरिया, डेनमार्क, ब्रिटेन, इथियोपिया, फ्रांस, इटली जैसे देशों में भारत का पक्ष मजबूती से रखा। ग्रीस, बहरीन, कतर, रूस, जापान और यूएई जैसे देशों में भी दहशतगर्दों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति बताई गई। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद नीत शिष्टमंडल तीन दिवसीय जर्मनी दौरे पर है।

### *आतंकवाद एक वैश्विक अभिशाप है: रविशंकर*

*इस दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'इस भव्य संसद के उपाध्यक्ष के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने आतंकवाद पर विचारों का आदान-प्रदान किया, वह बहुत स्पष्ट थे। आतंकवाद एक वैश्विक अभिशाप है और उन्होंने अपने लोगों को सुरक्षा देने के लिए भारत के प्रयासों की भी सराहना की और वैश्विक स्तर पर हमें आतंकवाद के क्षेत्र में मिलकर काम करने की जरूरत है ।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109